राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, शनिवार 24 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 136

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



पेज 11

झारखण्ड सरकार

GOVERNMENT OF JHARKHAND

## स्व. बिनोद बिहारी महतो की वीर भूमि उत्तरी छोटानागपुर की लाखों बहनों को

# खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

## हर बहना को हर साल ₹ 12 हजार

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

24 अगस्त, 2024 | अपराह्न 12:30 बजे से

सिंदूर मैदान, हजारीबाग

**उत्तरी छोटानागपुर** (रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद और बोकारो) **की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

- 46 लाख से अधिक निबंधन
- अब तक 43 लाख बहनों का आवेदन स्वीकृत
- 31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)
- सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि



हेमन्त सोरेन

मुख्यमंत्री, झारखण्ड

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

### मुख्य सचिव ने महिला पुलिस सम्मेलन का किया उद्घाटन

# महिलाओं को सशक्त करना उद्देश्य : मुख्य सचिव

**संवाददाता । रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर राज्य में पहली बार महिला पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया गया है. दो दिवसीय सम्मेलन (23 और 24 अगस्त) का आयोजन डोरंडा के जैप-एक स्थित शौर्य सभागार में हुआ. मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. उनके साथ गृह सचिव, डीजीपी अनुराग गुप्ता, एडीजी सुमन गुप्ता समेत अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे. कार्यक्रम का उद्घाटन करने के मुख्य सचिव ने कहा कि इसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त करना और महिला नागरिकों के लिए पुलिसिंग को बेहतर बनाना है. एक महिला पुलिस अधिकारी की उपस्थिति से महिलाएं अपनी समस्याओं को बिना हिचकिचाहट के साझा करने के लिए प्रोत्साहित हों. साथ ही महिला अधिकारी की जिम्मेदारी में कोई महिला अपनी समस्याओं को स्वतंत्र रूप से बताने से हिचकिचाये नहीं.


सम्मेलन का उद्घाटन करते मुख्य सचिव, गृह सचिव व डीजीपी.

**समस्याओं को बताने का खुला मंच हैः डीजीपी**

महिला पुलिस सम्मेलन की थीम महिला पुलिस, सेवा, सुरक्षा व सम्मान है. सम्मेलन में महिला पुलिस को कार्य स्थल पर होने वाली परेशानी, आवश्यकता सहित अन्य बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया जायेगा. विशेष तौर पर महिला अधिकारियों की चुनौती, उपलब्धि और भविष्य की कार्य योजना पर चर्चा की जायेगी. डीजीपी ने बताया कि पुलिस सम्मेलन में राज्य की पुलिस के सभी जिला और इकाई से महिला सिपाही, हवलदार, जमादार, दरोगा, इंस्पेक्टर, डीएसपी शामिल होंगे. उन्होंने बताया कि महिला पुलिसकर्मियों के लिए यह खुला मंच है, जहां वह अपनी समस्याओं का खुलकर जिक्र करेंगी.

**सीएम और कल्पना सोरेन आज होंगे शामिल**

सम्मेलन का समापन 24 अगस्त को होगी. समापन कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन शामिल होंगे. 24 अगस्त को सम्मेलन सुबह के 9.30 बजे से शुरू होगी और दोपहर 2.30 बजे इसका समापन होगा.

**उत्पीड़न रोकने के लिए है कानूनः रंजना**

झालसा के सदस्य सचिव रंजना अराधना ने महिला पुलिस की भूमिका अहम है. कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकने के लिए कानून है. यह कानून कार्यस्थल पर महिलाओं को उत्पीड़न को रोकने के लिए बना है. इसके तहत घटना की तारीख के तीन माह के भीतर शिकायत दर्ज करा देनी चाहिए. दीपिशिखा के डॉ अनुराधा वत्स ने लैंगिक विविधता और समावेशी कार्यस्थल के बीच संबंध पर विचार रखा. उन्होंने कहा कि पहले हमें समझना है कि विविधता और समावेशन के बीच क्या संबंध है.

**सम्मेलन में छह मुद्दों पर चर्चा**

- पुलिस और कल्याण मामले में महिलाओं के लिए न्यूनतम सुविधा.
- प्रशिक्षण की जरुरत और दृष्टिकोण में परिवर्तन.
- पुलिस बल में महिलाओं को आगे बढ़ाने की नीतियां.
- पुलिस में महिलाओं के लिए जीवन शैली प्रबंधन.
- पुलिस में महिलाओं के लिए फोरम.
- समाज में महिला पुलिस का योगदान

## राज्य के 324 स्थानों पर होगा विहिप का कार्यक्रम

**रांची।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने पर 24 अगस्त से एक सितंबर तक झारखंड प्रांत के सभी प्रखंडों में षष्टिपूर्ति समारोह का आयोजन किया जाएगा. इस संबंध में शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के प्रांतमंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया पूरे प्रांत में 324 स्थानों पर कार्यक्रम की योजना बन चुकी है. इसमें केंद्र, क्षेत्र, प्रांत, विभाग एवं जिला के पदाधिकारी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे. इस दौरान परिषद की स्थापना, उद्देश्य और उपलब्धियों की जानकारी देने के साथ-साथ वर्तमान में हिंदू समाज एवं राष्ट्र के समक्ष विभिन्न चुनौतियों के संदर्भ में जागरण का विषय रखा जाएगा. प्रखंडों में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में पंचायत, गांव एवं बस्ती में गठित विश्व हिंदू परिषद की सभी समितियों की भागीदारी रहेगी.

### गृह विभाग ने जारी किया आदेश

# झारखंड होमगार्ड के 16 कमांडेंट को मिली पोस्टिंग

**संवाददाता । रांची**

झारखंड होमगार्ड के 16 जिला कमांडेंट की पोस्टिंग की गयी है, जिनमें 14 कमांडेंट पोस्टिंग के इंतजार में थे. इसे लेकर गृह कार एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है. हरिहर मुंडा को होमगार्ड कमांडेंट जमशेदपुर बनाया गया, इसके अलावा वो सराइकेला होमगार्ड कमांडेंट के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे. रवि कुजूर को होमगार्ड कमांडेंट रांची बनाया गया, इसके अलावा वो होमगार्ड कमांडेंट कोडरमा अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे. आशीष मिश्रा को होमगार्ड कमांडेंट देवघर बनाया गया. दीपक कुमार को होमगार्ड कमांडेंट पलामू बनाया गया और गढ़वा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया. अमरेंद्र कुमार को होमगार्ड कमांडेंट चतरा बनाया गया. सूर्यकांत को होमगार्ड कमांडेंट धनबाद बनाया गया. कौशिक कुमार को रांची का होमगार्ड कमांडेंट बनाया गया. मो. इम्तियाज को होमगार्ड कमांडेंट लोहरदगा बनाया गया और लातेहार का अतिरिक्त प्रभार दिया गया. रोहित आनंद को होमगार्ड कमांडेंट हजारीबाग बनाया गया. जितेंद्र सिंह को होमगार्ड कमांडेंट गोड्डा बनाया गया और पाकुड़ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया. सतीश कुमार को होमगार्ड कमांडेंट दुमका बनाया गया और जामताड़ा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया. सूरज कुमार को होमगार्ड कमांडेंट साहिबगंज बनाया गया. चंदन तुरी को होमगार्ड कमांडेंट गुमला बनाया गया और सिमडेगा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया. नीलिमा सुरीन को होमगार्ड कमांडेंट रामगढ़ बनाया गया. चारों उरांव को होमगार्ड कमांडेंट चाईबासा बनाया गया और खूंटी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया. किरण कुमारी को होमगार्ड कमांडेंट बोकारो बनाया गया.

### झामुमो ने निकाला झारखंडी अधिकार मार्च

# मोदी के खिलाफ भाजपा कब निकालेगी आक्रोश रैली : आलम

**विशेष संवाददाता । रांची**




झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भाजपा के युवा आक्रोश रैली के जवाब में राज्यस्तरीय झारखंडी अधिकार मार्च निकाला. राज्य के सभी जिलों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया. सभी जिलों में झामुमो के नेताओं ने मार्च निकाला. रांची में झामुमो जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम के नेतृत्व में जयपाल सिंह स्टेडियम से मार्च निकाला. मार्च अलबर्ट एक्का चौक तक पहुंचा. झामुमो नेताओं ने मौके कहा कि वह केंद्र सरकार से कोई स्पेशल पैकेज की मांग नहीं रहे हैं. जो हमारा हक है, मेरा रायल्टी मुझे मिलना चाहिए. आलम ने कहा कि केंद्र पर झारखंड सरकार का सवा लाख करोड़ रुपया से अधिक की रायलटी बकाया है. अब तो सुप्रीम कोर्ट का आदेश भी आ गया है.

केंद्र सरकार रोजगार देने में पूरी तरह विफल रही है. महंगाई भी नहीं रूक रहा है. लोगों का जीना मुश्किल हो गया है. उन्होंने कहा कि जहां पर युवा आक्रोश रैली हो रही है, वहां पर एक भी युवा नहीं है. भाजपा के लोग बताएं कि ये लोग केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकालेंगे. क्योंकि मोदी जी ने हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था. नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ने हमेशा से झारखंड के साथ सौतला व्यवहार किया गया. कोयला हम देते हैं लेकिन डीवीसी का मुख्यालय है कोलकाता में है. डीवीसी का मुख्यालय झारखंड में होना चाहिए.

नेताओं ने कहा कि हमारी सरकार ने सरना धर्म कोड, ओबीसी आरक्षण एवं स्थानीय नीति बनाया. मगर भाजपा ने इसे रोक कर रखा है. इनका केवल एक ही काम है कि हेमंत सरकार को काम नहीं करने दो. सरकार को अस्थिर करो. केंद्र सरकार द्वारा बार-बार सरकार को अपदस्थ करने का प्रयास किया जा रहा है. केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग करके विपक्ष के नेताओं को जेल भेजा गया. हमारी सरकार ने हजारों नियुक्तियां दीं. जेपीएससी परीक्षा ट्रैक में आ गया है. कार्यक्रम में समनूर मंसूरी, डॉ हेमलाल कु मेहता,जनक नायक, बीरू तिर्की, अश्विनी शर्मा, रामानंद बेदिया, कलाम आजाद, आदिल इमाम, जुल्फिकार खान, फरीद खान, परवेज आलम, जीत गुप्ता, लालजी रमण, अफरोज आलम, बबलू राम, महताब अंसारी, अमन तिवारी, अरसद फेराज, अंशु लकड़ा, मनीषा कुमारी, महादेव मुंडा सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया.

## शिक्षा मंत्री व पारा शिक्षकों की बैठक 28 अगस्त को

**रांची।** शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम के साथ पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापकों) को वेतनमान के समतुल्य मानदेय बढ़ोतरी के लिए 28 अगस्त को बैठक होगी. इस बैठक में सहायक अध्यापकों के 10 प्रतिनिधि शामिल होंगे. इस दौरान वेतनमान, ईपीएफ, कल्याण कोष, अनुकंपा पर नौकरी समेत केस मामले पर निर्णय लिए जाएंगे. मंत्री के साथ 14 अगस्त को भी बैठक हुई थी, लेकिन अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका था. शिक्षा विभाग 2000 रुपए बढ़ोतरी करने को तैयार था, लेकिन पारा शिक्षक पांच से छह हजार मानदेय बढ़ोत्तरी की मांग कर रहे थे.

# डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए विधेयक जल्दः बन्ना

**संवाददाता । रांची**

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर सरकार चिंतित है. सुरक्षा को लेकर चिकित्सा सुरक्षा विधेयक विधानसभा में लाएंगे. उन्होंने जमशेदपुर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा है कि ज्यूनियर डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर की जा रही चिंता जायज है. स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को लेकर वह और उनकी सरकार भी चिंतित हैं. सरकार ने डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को लेकर जरुरी दिशा-निर्देश जारी किये हैं. इसके साथ ही डॉक्टरों को कार्यस्थल पर सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए कड़ा कानून बनाने जा रहे हैं. हम डॉक्टरों के संगठनों के संपर्क में है और उन्हें आश्वस्त करते हैं कि राज्य सरकार डॉक्टरों की सुरक्षा और सम्मान के लिए हर संभव कदम उठायेगी.



उल्लेखनीय है कि कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद से देश भर के डॉक्टरों में गुस्सा है. झारखंड के चिकित्सक भी गुस्से में हैं और आंदोलन में देश भर के डॉक्टरों के साथ खड़े थे. हालांकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शुक्रवार से डॉक्टरों ने सरकारी अस्पतालओं में काम करना शुरु कर दिया है. राज्य के तीन बड़े अस्पतालों रांची के रिम्स, जमशेदपुर के एमजीएम और धनबाद के पीएमसीएच में मरीजों का इलाज शुरु हो गया है. इससे गरीब मरीजों को बड़ी राहत मिली है.

# अंकिता के परिजनों से मिले हेमंत और कल्पना

**विशेष संवाददाता । रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन शुक्रवार को जमशेदपुर पहुंचे. वहां पर इन्होंने पूर्व सांसद दिवंगत सुनील महतो और सुमन महतो के जमशेदपुर सोनारी स्थित आवास इनकी दिवंगत पुत्री अंकिता महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी. ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुमन महतो व उनके अन्य शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा उनका ढांढ़स बंधाया. इस मौके पर मंत्री दीपक बिरुआ, बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह, सांसद जोबा मांझी, विधायक रामदास सोरेन, विधायक सुखराम उरांव, विधायक सविता महतो, विधायक संजीव सरदार, विधायक समीर मोहंती, विधायक मंगल कालिंदी सहित अन्य लोगों ने भी दिवंगत अंकिता महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी.



## राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश राज्यपाल से मिले



**रांची।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश शुक्रवार को राज भवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की. वहीं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का शिष्टमंडल भी राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल के नेतृत्व में राज्यपाल से मिला और एक ज्ञापन सौंपा. जबकि डीपीएस बोकारो के प्रधानाध्यापक डॉ. एएस. गंगवार भी राज्यपाल से मिले और अपने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया.

### पिछले सात साल से जिन होमगार्ड जवानों ने ड्यूटी की उन्हें मिलेगा अतिरिक्त 588 रुपये

# 25 अगस्त 2017 से दें बढ़े वेतन का लाभः हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता । रांची**

अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सरकार को निर्देश दिया कि होमगार्ड के जवानों को 25 अगस्त 2017 की तारीख से (सात साल पहले से) बढ़े वेतन का लाभ दें. अदालत ने राज्य सरकार को चार सप्ताह के अंदर इस आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है. इस आदेश से राज्य के करीब 25000 होमगार्ड के जवानों को लाभ होगा. अवमानना याचिका होम गार्ड के जवानों ने दाखिल किया था और हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक की अदालत में इस पर सुनवाई हुई.

उल्लेखनीय है कि गत 10 अगस्त को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने होम गार्ड के जवानों को पुलिसकर्मियों के समकक्ष समान कार्य के लिए समान वेतन देने का आदेश जारी किया है. अब हाईकोर्ट ने कहा है कि कोर्ट ने जिस तारीख से आदेश दिया है, उसी तारीख से होमगार्ड जवानों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष समान कार्य के बदले समान वेतन का लाभ देना होगा. यह जानकारी कोर्ट में हो रही सुनवाई के दौरान उपस्थित झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने दी.

झारखंड में होमगार्ड के जवानों को ड्यूटी के बदले 500 रुपया प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाता था. हेमंत सरकार ने इसी माह इसे बढ़ा कर 1088 रुपया प्रतिदिन करने का फैसला लिया है. इस तरह होमगार्ड के जवानों को प्रति माह करीब 32,000 का भुगतान होगा. लेकिन अदालत ने जो आदेश दिया है, उसके बाद होमगार्ड के जिन जवानों ने पिछले सात सालों के दौरान ड्यूटी की है, उन्हें भी 1088 रुपया प्रति दिन के हिसाब से भुगतान करना होगा.

## मनरेगा घोटाले की जांच पर ईडी से रिपोर्ट मांगी

**रांची।** हाईकोर्ट में ईडी से कहा है कि चाईबासा जिले में हुए मनरेगा घोटाले की जांच कहां तक पहुंची. अदालत ने ईडी से इस बारे में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है. एक्टिंग चीफ जस्टिस की बेंच ने इसके लिए ईडी को दो सप्ताह का वक्त दिया है. जानकारी के मुताबिक चाईबासा जिला में 28 करोड़ रुपये का मनरेगा घोटाला हुआ था. यह घोटाला वर्ष 2008 से 2011 के बीच हुआ था. चाईबासा पुलिस ने इस मामले में कुल 14 प्राथमिकी दर्ज की थी. बाद में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने आरोपों की जांच की. 13 मामलों में एसीबी ने अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दिया था. जिसके बाद ईडी ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली थी.

सुनवाई के दौरान एक्टिंग चीफ जस्टिस की बेंच ने केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी को दो सप्ताह के भीतर अदालत के समक्ष जांच की स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है. इस मामले में अगली सुनवाई नौ सितंबर को होगी. अब अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 9 सितंबर को करेगा. जांच की मांग को लेकर मतलूब इमाम नामक व्यक्ति दायर जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई.

## लैंड स्कैम : बिपिन सिंह ने दायर की जमानत अर्जी

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में आरोपी बिपिन सिंह ने रांची पीएमएलए कोर्ट में अपनी जमानत के लिए गुहार लगाई है. ईडी ने बिपिन सिंह को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस में 24 अप्रैल को गिरफ्तार किया था. बिपिन की जमानत अर्जी पर फिलहाल सुनवाई नहीं हुई है.

# अच्युत घटक होंगे कोल इंडिया के नए तकनीकी निदेशक

**संवाददाता । रांची**

अच्युत घटक कोल इंडिया के नए निदेशक (तकनीकी) होंगे. 23 अगस्त को इंटरव्यू के बाद लोक उद्यम चयन बोर्ड ने उनके नाम की अनुशंसा कर दी है. वर्तमान में कोल इंडिया के निदेशक (तकनीकी) डॉ बी वीरा रेड्डी हैं, वे रिटायर होने वाले हैं. इसे लेकर लोक उद्यम चयन बोर्ड ने निदेशक (तकनीकी) पद के लिए आवेदन आमंत्रित किया था. इंटरव्यू शुक्रवार को हुआ. इंटरव्यू में कुल 11 अफसर शामिल हुए थे. जिसमें सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी) अच्युत घटक, एमसीएल के जीएम कृपा शंकर सिंह, एनसीएल के जीएम राजीव सिंह, ईसीएल के जीएम कल्याणजी प्रसाद, कोल इंडिया के जीएम श्रीकांत एसएच रॉय और डॉ पीयूष कुमार, डब्ल्यूसीएल के जीएम हर्षद दतार, एनएलसी के निदेशक सुरेश चंद्र सुमन, नीरज कुमार और विजय कुमार एस एनएलसी के सीजीएम एस राजमोहन शामिल थे. कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया से आदेश जारी होने के बाद वह पदभार ग्रहण करेंगे. अच्युत घटक सीएमपीडीआई में निदेशक (तकनीकी) के तौर पर कार्यरत हैं. उन्होने सीएमपीडीआई में निदेशक (तकनीकी) का पद एक अक्टूबर, 2023 को संभाला था.



# अमर्यादित तरीके से चंपाई को हटाया था : सीता सोरेन

**रांची।** चंपाई सोरेन मामले पर शिबू सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन ने चंपाई का पक्ष लेते हुए कहा कि वह सही हैं. वे पार्टी की कार्यशैली से नाराज हो चुके हैं. उन्हें जिस तरह से मुख्यमंत्री पद से उन्हें हटाया गया, वह अमर्यादित था. उन्होंने अपने दर्द को साझा किया है. उन्होंने चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के सवाल पर कहा कि यह पूरी तरह से उनकी मर्जी पर निर्भर करता है. सीता सोरेन ने जमकर हेमंत सोरेन सरकार पर भी कड़ा प्रहार किया. कहा कि यह सरकार दमनकारी नीति अपना रही है. युवा आक्रोश रैली में युवाओं को ही आने से रोका जा रहा है. बैरिकेडिंग में कंटीले तार तक लगा दिए गए थे.

**क्लासिफाइड**










### बदलाव | जीरा फूल सुगंधित धान की फसल उगाने वाले गांव के रुप में बन रही जोरी की पहचान

# लातेहार का जोरी गांव के लोगों ने खुद गढ़ा समृद्धि का नया अध्याय

**प्रवीण कुमार । रांची**

ढाई दशक पूर्व तक जोरी गांव के 200 आदिवासी परिवारों के लिए आजीविका का एकमात्र साधन था, लकड़ी बेचना. गांव के लोग जंगल से लकड़ी काटते थे और महुआडांड़ में बेचते थे. इससे जो कमाई होती थी, उसी से घर का गुजारा चलता था. आज इस गांव की तस्वीर बदल चुकी है. खेत-खलिहान जीरा फूल जैसे सुगंधित चावल की खेती कर रहे हैं. रब्बी के सीजन में बड़े पैमाने पर छोटा मटर, मसूर और गेहूं की की खेती होती है. अब गांव के लोग धान बेचते हैं, मटर बेचते हैं. गांव के युवक अजित लकड़ा बताते हैं कि सामान्य बारिश की स्थिति में दो लाख से अधिक का धान हर साल बेचते हैं. पिछले साल जब राज्य का अधिकांश हिस्सा सुखाड़ की चपेट में था, तब भी उन्होंने 27 हजार रुपये का धान बेचा था. इस बार बारिश ठीक है, धान की बंपर उपज होने की उम्मीद है.



**काम के बदले अनाज से बना हर्रा और हगरी बांध :** जोरी गांव की आर्थिक समृद्धि की असल कहानी गांव से करीब एक किलोमीटर पश्चिम में लेटो नदी में घघरी नामक स्थान स्थान है. यहीं पर पहाड़ी नदी की पानी को रोक कर नहर निर्माण किया गया. छलकु नगेसिया बताते हैः करीब तीन पीढ़ी पूर्व उनके पूर्वजों क्रमशः सुखन बूढ़ा, भुखला बूढ़ा, चुटिया बूढ़ा, पौलूस मास्टर सरीखे लोगों ने काम के बदले अनाज योजना से हर्रा बांध और हगरी बांध का निर्माण किया था. आज यही दोनों बांध धान की खेत में तब्दील हो चुके हैं. उन दिनों बुजुर्गों ने अपने खुद के ज्ञान से उसी घघरी के पास बड़े पत्थरों से लेटो नदी के पानी को डायवर्ट कर पहले हर्रा बांध तक पहुंचाया फिर बाद में हगरी बांध में पानी को संग्रहित किया. बरसात में गांव के सभी पानी वाले जगहों में मछलियां मिलते थे. दोनों बांधों के अगल-बगल, लेटो नदी और गांव के आस-पास धान के खेतों का निर्माण किया गया.

**कहां है जोरी गांव**

- लातेहार जिला मुख्यालय से करीब 100 किमी दक्षिण
- लातेहार के महुआडांड़ प्रखंज के रेगाईं पंचायत का गांव
- पहाड़ की तराई में बसा गांव, दो तरफ पहाड़ से घिरा गांव

**कोविड के बाद गांव को अत्मनिर्भर बनाने में जुटे ग्रामीण :** समय के साथ पूर्वजों द्वारा बनाया गया नबर मरम्मत के अभाव में टूट गया. इसी बीच वर्ष 2020 में कोविड 19 का कहर आया. शहरों व स्थानीय बाजारों की आर्थिक गतिविधियां ठप हो गई. तब ग्रामीणों ने स्थानीय सामाजिक कार्यकर्त्ताओं के से मनरेगा योजना को जाना-समझा. ग्राम सभा में जरूरी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पास किए. सबसे पहले घाघरी से काठो पुल तक नहर जीर्णोद्धार का काम किया गया. दो चरणों में प्रशासनिक स्वीकृति मिली. गांव के लोगों ने इस काम में ठेकेदार को करने नहीं दिया. मनरेगा योजना के तहत गांव के लोगों ने ही काम किया. गांव की महिला मनरेगा मेठ बसंती देवी ने ईमानदारी से काम कराया. नहर जीर्णोद्धार का काम पूरा भी हो गया. वर्ष 2022 में घाघरी में एक अन्य सरकारी योजना से पक्का चेकडेम का निर्माण भी किया जा चुका है. नहर व चेकडैम की पानी से गांव के 500 एकड़ जमीन पर पानी पहुंच रहा है.

समाजिक कार्यकर्ता जेम्स हेरेंज और अफसाना खातून बताते हैः अगर सरकारी योजना को सही रुप में गांव में लागू किया जाय तो गांव के लोगों को पलायन करने की जरुरत नहीं पड़ेगी. गांव के किसान समृद्ध होंगे. ग्रामीण सरकार से ये अपेक्षा करते हैं कि इस उपयोगी नहर का कई जगहों पर मिट्टी कटाव से टूट जाने की आशंका है. ऐसी जगहों की पहचान कर नहर का पक्कीकरण किया जाये. ताकि आने वाले सालों में भी खेतों को पानी मिलता रहे.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

www.lagatar.in

रांची, शनिवार 24 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 136

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 29.4 | 26.4 |
| जमशेदपुर | 33.0 | 25.0 |
| डालटनगंज | 25.0 | 32.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,500 |
| चांदी (किलो) | 86,000 |

## भाजयुमो का आक्रोश रैली

# लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले और पानी की बौछार



मोरहाबादी मैदान में आक्रोश रैली के दौरान आंसू गैस और पानी की बौछार के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज करते पुलिस के जवान. (फोटो- रमीज)

मुख्य संवाददाता। रांची

- बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश के बाद प्रशासन ने की कार्रवाई
- कंटीले तार काटने के लिए पिलास लेकर आये थे भाजपा कार्यकर्ता
- लाठी चार्ज में दर्जन भर भाजपा कार्यकर्ता घायल, कई पुलिसकर्मी भी चोटिल

भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की आक्रोश रैली में उस वक्त अफरा-तफरी व भगदड़ की स्थिति पैदा हो गई, जब पुलिस की तरफ से आंसू गैस के गोले छोड़े जाने लगे. आंसू गैस के कई गोले मंच पर भी गिरे. जिस वक्त यह सब हुआ, उस वक्त भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का भाषण चल रहा था. पुलिस के मुताबिक कार्यकर्ताओं ने हॉकी स्टेडियम के पास लगाई गई बैरिकेडिंग को तोड़ने की कोशिश की. कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास जाने की कोशिश में थे, तब पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी.

**रणक्षेत्र बन गया मोरहाबादी मैदान :** पुलिस की कार्रवाई के बाद देखते ही देखते मोरहाबादी मैदान रणक्षेत्र बन गया. पुलिस ने लाठी चार्ज की और भाजयुमो कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पानी का बौछार किया. इधर, कुछ भाजपा कार्यकर्ता सूचना भवन तक पहुंच गए, जिसे पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर पीछे किया. आंसू गैस के गोली से भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर और रांची विधायक सीपी सिंह चोटिल हो गए. लाठी चार्ज में दर्जन भर लोगों के जख्मी होने की सूचना है. बोकारो के नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष विशाल गौतम भी जख्मी हुए हैं.

**प्रदेश स्तर के सभी बड़े नेता मौजूद रहे :** आक्रोश रैली को मंच से भाजपा के प्रदेश स्तर के सभी बड़े नेता मौजूद रहे. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के अलावे पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, विधायक सीपी सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित पार्टी के कई नेताओं ने सभा को संबोधित किया.

**मोरहाबादी आसपास में निषेधाज्ञा लागू थी :** आक्रोश रैली को लेकर प्रशासन ने मोरहाबादी मैदान व उसके आसपास के इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर दिया था. इसके साथ ही दंडाधिकारी के साथ दर्जन भर डीएसपी, 25 इंस्पेक्टर और 2000 जवानों की तैनाती की गईथी. सुबह में रांची रेंज के डीआईजी ने जवानों को स्पष्ट निर्देश दिया था कि किसी भी हालत में रैली के लोग सीएम हाउस की तरफ ना पहुंच सके. इधर, आक्रोश रैली और सुरक्षा इंतजामों की वजह से शुक्रवार को दिन भर राजधानी की कई सड़कें जाम रहीं.

### उल्टी गिनती शुरू: बाबूलाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मारंडी ने कहा हेमंत सोरेन ने कहा था युवाओं को नौकरी नहीं देंगे तो संन्यास ले लेंगे. पांच साल बीत चूका है, राज्य के युवाओ को नौकरी नहीं मिली. वे झूठ भी बोलते हैं और माफी भी नहीं मांगते हैं. राज्य के युवा आज जवाब मांगने आए हैं. बेरोजगीरी भत्ता देने का वादा भी सरकार ने पूरा नहीं किया. युवाओं में आक्रोश है. हेमंत सोरेन सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है.

### दशा-दुर्दशा ठीक नहीं : अर्जुन

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि इस राज्य की दशा और दुर्दशा ठीक नहीं चल रही है. ना विकास देखने को मिल रहा है, ना ही योजनाएं. ना महिलाओं को सम्मान मिला, ना आदिवासी की जमीन सुरक्षित है. सभी वर्गों को सरकार ने ठगा है. जेपीएससी, जेएसएससी का रिजल्ट नहीं आ रहा है. कई जगह पर किस्तों में रिजल्ट आ रहा है. मेरिट लिस्ट का इस सरकार में कोई महत्व नहीं रहा.

### जवाब तो देना होगा: संजय

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा राज्य के युवा जवाब मांगने यहां पहुंचे हैं. सरकार डरी हुई है. रांची को कंटील तार से घेर दिया गया. भयभीत क्यों हो. जवाब तो देना होगा. हमारे कार्यकर्ता को घरों में नजरबंद कर दिया जा रहा है. बस ऑटो चालकों को डराया जा रहा. युवा हूंकार भर चुके हैं. जवाब तो देना होगा मुख्यमंत्री जी. सड़कों पर आंदोलन हो रहा है. आक्रोश का बिगुल फूंका जा चुका है.

### जगह-जगह रोका गया: बाउरी

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए कंटीले तार लगाए गए है. सवाल पूछने पर लाठी चलाया जा रहा है. यह सरकार तानाशाही पर उतर गयी है. पहले कार्यकर्ताओं को रांची आने से रोका गया. जगह-जगह गाड़ी को रोक कर कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया जा रहा है. यह ठीक नहीं है. युवा जवाब मांग रहे हैं, तो सरकार को जवाब देना होगा.

### युवा चैन से नहीं बैठेंगे: भानू

विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि हेमंत सोरेन को जब तक वीआरएस नहीं दिलवा लेंगे, युवा चैन से नहीं बैठेंगे. झारखंड में 1932 चलेगा. 60/40 की बात की जा रही है. उन्होंने कहा कि जो स्थानीय के लिए निति बना कर रोजगार देगा. वहीं झारखंड कि सत्ता में रहेगा. नौकरी के नाम पर युवाओं को ठगा जा रहा है. भाजपा की सरकार बनेगी, तो नियुक्ति घोटालों की जांच कराएंगे.

## हम लड़ कर अपना हक लेंगे : हेमंत



**रांची।** झामुमो के झारखंडी अधिकार मार्च को सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड और झारखंडवासियों के हक-अधिकार व सम्मान की लड़ाई बताया है. उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि लगातार झारखंडियों के अधिकारों एवं सम्मान की अनदेखी अब नहीं चलेगी. अब हम अपना हक लड़ कर लेंगे.

## कायरतापूर्ण और बर्बर कार्रवाई की गयी: भाजपा

मुख्य संवाददाता। रांची

मोरहाबादी मैदान में आक्रोश रैली की सभा के बाद मुख्यमंत्री आवास के लिए निकाले जा रहे मार्च पर प्रशासन की ओर से की गयी कार्रवाई को भाजपा ने कायरतापूर्ण और बर्बर बताया. कहा कि यह कार्रवाई लोकतंत्र के काले अध्याय के रूप में दर्ज हो गयी है. इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ता घायल हो गए, जिनका रिम्स और अन्य अस्पतालों में इलाज चल रहा है. घायलों को देखने के लिए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित अन्य वरीय नेता पहुंचे. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज मेरे भाषण के दौरान मोराबादी मैदान में कुछ आंसू गैस के गोले छोड़े गए. एक नहीं, सात-आठ. कुछ आंसू गैस तो मंच के समानांतर छोड़े गए. उन्होंने इस कार्रवाई की न्यायिक जांच की मांग की. मरांडी ने कहा कि अब झारखंड के युवाओं को उनके हक की नौकरी, रोजगार और पिछले पांच सालों से हो रही नाइंसाफी का न्याय दिलाने के लिए निर्णायक लड़ाई का आगाज हो चुका है. भाजपा, युवाओं को इंसाफ दिलाने के लिए हेमंत सरकार के हर दमनकारी कदम का मुंहतोड़ जवाब देगी.

**निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे : बाउरी :** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि निहत्थे लोगों पर लाठियां बरसाई गईं, आंसू गैस के गोले छोड़े गए, लहू बहाया गया. उन्होंने कहा, "ध्यान रहे मुख्यमंत्री जी यह लहू हिसाब लेगा और इस निकम्मी सरकार को उखाड़ कर बंगाल की खाड़ी में फेंके देगे". बाउरी ने कहा कि कभी किसी सभा में आंसू गैस से हमले होते आपने देखा है?

## पहले 20 करोड़ नौकरी के वादे पर बोलें : झामुमो

विशेष संवाददाता। रांची

झामुमो ने भाजपा के युवा आक्रोश रैली को उपद्रवियों का कार्यक्रम करार देते हुए केंद्र व भाजपा पर तीखे प्रहार किए. पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह आक्रोश राज्य सरकार से नहीं, बल्कि केंद्र सरकार से था. पिछले संसद सत्र में रोजगार मंत्री ने स्वीकार किया था कि देश में 2024 के जुलाई महीने में बेरोजगारी दर पर अपने सर्वोच्च स्तर 9.2 प्रतिशत पर रही. यह राष्ट्रीय आंकड़ा है

प्रेस कॉन्फ्रेंस में झामुमो महासचिव ने कहा कि देश भर में सबसे अधिक बेरोजगारी सबसे अधिक उत्तर प्रदेश में 23%, मध्य प्रदेश में 19% और 11.13% गुजरात में है. तीनों राज्य में भाजपा लंबे समय से सत्ता में है. उसी आंकड़े में 23वें स्थान पर झारखंड है, जहां बेरोजगारी दर 3.4% है. उन्होंने दावा किया कि युवाओं का असली आक्रोश तो युवाओं का मोदी सरकार के खिलाफ है. पहले तो सेना, अर्धसैनिक, रेल, बैंक में भर्ती होती थी, मगर बैंक बिक गये और रेल भी बिक गया. 2014 में मोदी सरकार इस नारे के साथ सत्ता में आयी थी कि हर साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी देंगे. सुप्रियो ने कहा कि भाजपा नेताओं से पूछना चाहिए कि 10 साल में 20 करोड़ नौकरियां कहां गईं.

**85 करोड़ को मिल रहा अनाज, गरीबी बढ़ी :** सुप्रियो ने कहा कि 2014 के पहले मात्र 22 करोड़ लोगों को अनाज दिया जाता था, जो आज 85 करोड़ हो गए. मतलब लोग गरीब होते चले गए और भाजपा के लोग रोजगार-रोजगार चिल्ला रहे हैं. उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में हमारी सरकार ने सरकारी क्षेत्र में रोजगार के साथ-साथ गैर सरकारी क्षेत्रों में नियोजन पर भी ध्यान दिया. -शेष पेज 11 पर

## ब्रीफ खबरें

### मोदी ने अंतरिक्ष दिवस पर शुभकामनाएं दीं

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस क्षेत्र से संबंधित कई भविष्योन्मुखी निर्णय लिए हैं तथा आगे भी लेगी. भारत पिछले वर्ष 23 अगस्त को चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर उतरने वाला पहला देश बना था.

### सेबी ने अनिल अंबानी को प्रतिबंधित किया

**नयी दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने उद्योगपति अनिल अंबानी तथा रिलायंस होम फाइनेंस के पूर्व प्रमुख अधिकारियों समेत 24 अन्य को कंपनी से धन के हेर-फेर के मामले में प्रतिभूति बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है. सेबी ने अंबानी पर 25 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है. नियामक ने रिलायंस होम फाइनेंस को प्रतिभूति बाजार से छह महीने के लिए प्रतिबंधित करते हुए छह लाख रुपये का जुर्माना लगाया है.

### बाढ़ पीड़ित त्रिपुरा को 40 करोड़ देगा केंद्र

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र ने बाढ़ प्रभावित त्रिपुरा के लिए 40 करोड़ रुपये जारी करने को मंजूरी दी है. शाह ने कहा कि बाढ़ राहत और बचाव कार्यों में राज्य सरकार की सहायता के लिए केंद्र ने एनडीआरएफ की 11 टीम, सेना की तीन टुकड़ियां और भारतीय वायुसेना के चार हेलीकॉप्टर तैनात किए हैं. गृह मंत्री ने कहा कि इस कठिन समय में त्रिपुरा के हमारे भाई-बहन के साथ मोदी सरकार खड़ी है.

### केजरीवाल की जमानत पर सुनवाई पांच को

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की ओर से दाखिल जमानत याचिका और शराब घोटाले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई पांच सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी. न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सीबीआई को मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने की अनुमति दी तथा केजरीवाल को जवाब दाखिल करने के लिए दो दिन का समय दिया.

### वित्तीय अनियमितताओं की जांच सीबीआई करेगी

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच राज्य सरकार द्वारा एसआईटी से सीबीआई को स्थानांतरित करने का आदेश दिया. यह निर्णय चिकित्सा प्रतिष्ठान के पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली की याचिका के बाद आया, जिन्होंने कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष के कार्यकाल के दौरान कथित वित्तीय कदाचार की ईडी से जांच कराने का अनुरोध किया था.

### विचाराधीन कैदियों पर लागू रहेगी धारा 479

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि विचाराधीन कैदी को हिरासत में रखने की अधिकतम अवधि से संबंधित बीएनएसएस की धारा 479 देशभर के विचाराधीन कैदियों पर पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू होगी. अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ को बताया कि बीएनएसएस की धारा 479 सभी विचाराधीन कैदियों पर लागू होगी.

### बेसमेंट सहमालिकों को जमानत से इंकार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर के 'बेसमेंट' के चार सह मालिकों की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी. बता दें कि बीते दिनों उक्त बेसमेंट में पानी भरने के कारण सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन छात्रों की मौत हो गई थी.

## भारत-यूक्रेन ने चार समझौतों पर हस्ताक्षर किये

एजेंसी। कीव (यूक्रेन)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की के बीच कई अहम मुद्दों पर वार्ता के बाद भारत और यूक्रेन ने चार बड़े समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं. वार्ता से पहले राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पीएम मोदी का कीव में अपने आधिकारिक निवास मरिंस्की पैलेस में शानदार स्वागत किया. दोनों नेताओं में काफी देर तक चली वार्ता के बाद चार बड़े समझौतों पर मुहर लगाई गई.

इन समझौतों से कृषि, खाद्य उद्योग, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता के क्षेत्रों में सहयोग सुनिश्चित होगा. इसके तहत अब दोनों देशों के प्रतिनिधियों का एक संयुक्त कार्य समूह गठित किया जाएगा, जिसका कार्य चिह्नित क्षेत्रों में सहयोग की योजना पर चर्चा करना और निर्धारित कार्यों के कार्यान्वयन की निगरानी करना होगा. बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को युद्धग्रस्त देश यूक्रेन पहुंचे. मोदी की इस यात्रा पर दुनिया भर की निगाहें हैं. पोलैंड से करीब 10 घंटे की ट्रेन यात्रा के बाद कीव के हयात होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया.



कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मिलते पीएम मोदी.

**मानवता के लिए बापू के दिखाए मार्ग पर चलें :** इसके तुरंत बाद मोदी ने यूक्रेन राष्ट्रीय संग्रहालय में शहीदों की एक प्रदर्शनी का मुआयना किया, जहां यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने गर्मजोशी से प्रधानमंत्री का स्वागत किया और उन्हें गले लगाया. जेलेंस्की के साथ बातचीत से पहले मोदी ने यूक्रेन की राजधानी में सत्य और अहिंसा के प्रतीक महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की. प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, हम सभी मानवता के लिए बापू के दिखाए मार्ग पर चलें.

## अलकायदा के संदिग्ध का लैंड स्कैम के आरोपी से संबंध

संवाददाता। रांची

- ईडी ने जेल में लैंड स्कैम के आरोप में बंद कांग्रेस नेता को समन भेजा
- लैंड स्कैम से अर्जित राशि से आतंकी संगठन को फंडिंग की भी जांच

राजधानी के अल हसन अपार्टमेंट में रहने वाला डॉ इश्तियाक अलकायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट (एक्यूआईएस) के झारखंड मॉड्यूल के लिए आतंकियों की बहाली करवा रहा था. इश्तियाक का संबंध रांची जमीन घोटाले के आरोपियों से भी है. ईडी ने जमीन घोटाले में जेल में बंद अफसर खान के भाई और जेल में बंद ताल्हा खान के ससुर बबलू खान को समन किया है. बबलू खान के अस्पताल से इश्तियाक के जुड़े होने की बात सामने आई है. इनकी पारिवारिक रिश्तेदारी भी है. जमीन घोटाले से अर्जित राशि से आतंकी संगठन को फंडिंग हुई या नहीं, ईडी इसकी भी जांच कर रही है. अफसर अली और ताल्हा पर सेना की जमीन और बड़गाई स्थित जमीन घोटाले में चार्जशीट दाखिल है. बबलू खान कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता है.



डॉ इश्तियाक (फाइल फोटो).

### अब्दुल रहमान कटकी ने तैयार किया था झारखंड मॉड्यूल

अलकायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट (एक्यूआईएस) के झारखंड मॉड्यूल को अब्दुल रहमान उर्फ कटकी ने किया था. डॉ इश्तियाक उसी को आगे बढ़ा रहा था. इश्तियाक मूल रूप से झारखंड के जमशेदपुर का रहने वाला है. रांची के मेडिका अस्पताल में वह रेडियोलॉजी विभाग में काम करता था. इसके अलावा हजारीबाग में भी उसका अपना क्लीनिक है. बताया जा रहा है कि हजारीबाग आने-जाने के क्रम में ही उसने फैजान अहमद को संगठन से जोड़ा था. इश्तियाक रांची के जोड़ा तालाब स्थित अल हसन रेसिडेंसी में रहता है. उसने रांची के रिम्स से एमबीबीएस किया है.

### एटीएस ने इन ठिकानों पर की थी छापेमारी

- डॉ इश्तियाक अहमद, अल हसन रेसीडेंसी, बरियातू जोड़ा तालाब
- फैजान अहमद, लोहसिंघना, हजारीबाग
- मो मोदब्बीर, बलसोकरा, चान्हो, रांची
- मो रिजवान, चान्हो
- मुफ्ती रहमतुल्लाह मजहिरी, चटवल, चान्हो
- मतिउर रहमान, पिपराटोली, चान्हो
- इलताफ अंसारी, कुडू, हेंजला कौवाखाप, लोहरदगा
- एनामुल अंसारी, पकोरियो चान्हो, रांची
- शहबाज, पकोरियो, चान्हो, रांची

**सीडब्ल्यूसी रिपोर्ट** देशभर के 155 जलाशयों की जल संग्रहण स्थिति पर रिपोर्ट जारी

## उत्तरी क्षेत्र को छोड़ पूरे भारत में जल-भंडारण बढ़ा

- वर्तमान भंडारण पिछले वर्ष के स्तर का 114 %

एजेंसी। नयी दिल्ली

देश के प्रमुख जलाशयों में कुल जल-भंडारण स्तर में पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, लेकिन कुछ क्षेत्रों विशेष रूप से उत्तरी क्षेत्र में, सामान्य से कम भंडारण स्तर बना हुआ है, जिससे आगामी महीनों में पानी की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है. आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है. केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने देशभर के 155 जलाशयों की जल संग्रहण स्थिति पर अपनी नवीनतम रिपोर्ट जारी की है, जिसमें खुलासा किया गया है कि पिछले वर्ष की तुलना में समग्र जल-भंडारण स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है.




चांडिल डैम.

शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, इन जलाशयों में उपलब्ध संग्रहण क्षमता 130.800 अरब घर मीटर (बीसीएम) है, जो कुल संग्रहण क्षमता का 72 प्रतिशत है. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कुछ क्षेत्रों, विशेषकर उत्तरी क्षेत्र में, भंडारण स्तर सामान्य से कम है, जिससे आने वाले महीनों में जल उपलब्धता प्रभावित हो सकती है. यह पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान दर्ज किए गए 114.657 बीसीएम से उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है, जिससे पता चलता कि वर्तमान भंडारण पिछले वर्ष के स्तर का 114 प्रतिशत है तथा पिछले 10 वर्षों के औसत भंडारण का 112 प्रतिशत है. रिपोर्ट में जल-भंडारण स्तरों में क्षेत्रीय भिन्नताओं पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें कुछ क्षेत्रों में अन्य की तुलना में बेहतर भंडारण स्तर है.

**उत्तरी क्षेत्र में भंडारण स्तर सामान्य से कम :** उत्तरी क्षेत्र में, जिसमें हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान शामिल हैं, वहां भंडारण स्तर सामान्य से कम है. इन क्षेत्रों में जलाशयों में उनकी क्षमता का केवल 53 प्रतिशत ही पानी बचा है. यह पिछले वर्ष दर्ज 84 प्रतिशत की तुलना में महत्वपूर्ण गिरावट है. इसके विपरीत आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों वाले दक्षिणी क्षेत्र में अधिक सकारात्मक रुझान दिखाई देता है, जहां जलाशयों की क्षमता 80 प्रतिशत है.

**पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र में भंडारण स्तर में वृद्धि :** पूर्वी क्षेत्र, जिसमें असम, पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे राज्य शामिल हैं, में भी जल भंडारण स्तर में वृद्धि दर्ज की गई है. इस क्षेत्र में जलाशय वर्तमान में 60 प्रतिशत क्षमता पर हैं, जो पिछले वर्ष दर्ज 43 प्रतिशत की तुलना में उल्लेखनीय सुधार है. इसी तरह पश्चिमी क्षेत्र, गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा शामिल में भंडारण स्तर में वृद्धि देखी गई है. इन क्षेत्रों में जलाशयों की क्षमता अब 74 प्रतिशत है, जो पिछले वर्ष 69 प्रतिशत थी. मध्य क्षेत्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जलाशयों में वर्तमान में उनकी कुल क्षमता का 76 प्रतिशत जल भरा हुआ है. पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान यह 73 प्रतिशत था.

## नेपाल में नदी में गिरी पर्यटक बस, 14 भारतीयों की मौत



मार्सयांगडी नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते सुरक्षा बल.

एजेंसी। काठमांडू

- बस पर यूपी नंबर प्लेट, पोखरा से गोरखपुर जा रही थी बस

मध्य नेपाल में भारत की नंबर प्लेट वाली एक बस शुक्रवार को मार्सयांगडी नदी में गिर गई. इस घटना में 14 लोगों की मौत हो गई. इस घटना में 16 यात्री घायल हो गये. बताया जा रहा है कि उक्त बस नेपाल के पोखरा से काठमांडू होते हुए यूपी (भारत) के गोरखपुर जा रही थी, तभी यह तनहुन जिले के आइना पहारा में राजमार्ग से पलट गई. बस पर उत्तर प्रदेश की नंबर प्लेट लगा है. भारतीय दूतावास ने बताया है कि पोखरा से काठमांडू जा रही भारतीय पर्यटक बस में 43 भारतीय सवार थे. दूतावास राहत एवं बचाव कार्य में लगे स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है. सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) के पुलिस उपाधीक्षक शैलेन्द्र थापा के अनुसार, दुर्घटना स्थल से 14 शव बरामद किये गए हैं. वहीं 16 घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है. -शेष पेज 11 पर

# एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन प्रोग्राम शुरू, सीएस ने लिया पहला डोज

संवाददाता। रांची

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत शुक्रवार को रांची में एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया. रांची सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार के कार्यक्रम का उद्घाटन किया.

सिविल सर्जन ने एडल्ट बीसीजी का फर्स्ट वैक्सीनेशन का डोज लिया. साथ ही साथ अन्य पांच मरीजों को भी वैक्सीन देकर वैक्सीनेशन प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया. इस दौरान सिविल सर्जन ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में लोगों को वैक्सीनेट किया जाए. साथ ही उन्होंने सभी को साथ मिलकर आमजनों को इस मैसेज को पहुंचाने के लिए प्रेरित किया. मौके पर जिले के उच्च पदाधिकारी डॉक्टर असीम कुमार मांझी, एसीएमओ डाक्टर एक के खेतान, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर एस के बास्की, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी और डब्लूएचओ कंसलटेंट रांची, रिम्स के डॉक्टर टी के मिश्रा, टीवी कार्यक्रम के डीपीसी राकेश कुमार राय, डीईओ संतोष कुमार, डीपीएस फजले अली, पीपीएम अमरेश कुमार, आरती उपाध्याय के साथ-साथ प्रखंड से आए हुए सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित हुए.


सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार ने एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन प्रोग्राम का शुभारंभ किया.

**क्या है बीसीजी वैक्सीन :** बैसिलस कैलमेट-गुएरिन (बीसीजी) वैक्सीन मुख्य रूप से टीबी के खिलाफ इस्तेमाल की जाने वाली वैक्सीन है. भारत को टीबी मुक्त बनाने के लिए बीसीजी वैक्सीन का डोज दिया जा रहा है. दिसंबर 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है.

### किन्हें लगेगा टीका

- 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्ति (जो गंभीर बीमारी से पीड़ित ना हो)
- 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी मधुमेह रोगी
- 18 वर्ष से अधिक आयु वाले धूम्रपान करने वाले व्यक्ति
- 18 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे व्यक्ति जिनका बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) 18 से कम है.
- ऐसे पिछले 5 वर्ष के टीबी पीड़ित जिनका उपचार खत्म हो गया है.
- ऐसे व्यक्ति जो कि पिछले 3 साल के दौरान टीबी मरीज के संपर्क में आए हैं.

## न्यूज अपडेट

### सीएमपीडीआई से छह खाद्य वितरण वाहन रवाना



**रांची।** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने छह खाद्य वितरण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. सीएमपीडीआई के सीएसआर परियोजना के तहत हजारीबाग के स्कूली बच्चों के पौष्टिक स्तर में बेहतरी लाने को लेकर अक्षय पात्र फाउंडेशन रांची को पूरी तरह से इंसुलेटेड छह खाद्य वितरण वाहन प्रदान किया गया है. मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक/विभागाध्यक्षगण, सीएसआर टीम और अक्षय पात्र फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

### डे-बोर्डिंग के प्रशिक्षकों ने खेल मंत्री से की मुलाकात



**रांची।** राज्य सरकार द्वारा संचालित डे-बोर्डिंग क्रीड़ा केंद्र के प्रशिक्षकों ने शुक्रवार को खेल मंत्री हफीजुल हसन से उनके आवास में मुलाकात की. उन्होंने मानदेय बढ़ाने को लेकर खेल मंत्री को ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्रशिक्षकों ने वर्तमान में 19 हजार 400 रुपये मानदेय को बढ़ाकर 40 हजार रुपए प्रतिमाह करने की मांग की गयी है. उन्होंने कहा कि महंगाई के दौर में परिवार का भरण-पोषण बहुत ही कठिन है. हमारा मानदेय श्रम नियोजन के तहत अतिकुशल श्रमिक के तौर पर होता है. इसे श्रम नियोजन से हटाकर कार्मिक विभाग में कर दिया जाए.

### पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष बने दिलीप



**रांची ।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा की बैठक मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष डॉ. दिलीप सोनी के आवास में उपेंद्र नारायण सिंह की अध्यक्षता में हुई. बैठक में मोर्चा के संगठन को मजबूत करने पर विचार विमर्श किया गया. उपस्थित पदधारियों ने कहा कि पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रहे स्व. लालचंद महतो के दिवंगत होने के उपरांत मोर्चा के कार्यक्रमों में कमी आई है. जिसे गति देने के लिए नए अध्यक्ष का चयन होना चाहिए. उपस्थित सदस्यों ने विचार विमर्श कर संगठन को गति देने के लिए मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में डॉ दिलीप सोनी का चयन किया गया है.

### श्रमिक संघ का दल ग्रामीण विकास मंत्री से मिला



**रांची ।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी से उनके आवास में मिल कर मांग पत्र सौंपा. राय ने बताया कि 2017 से निगम के अंदर आउटसोर्स लागू हुआ है, जो अब तक जारी नहीं हुआ है. बताया कि अब तक आउटसोर्स कंपनियां लगभग 80 करोड़ रुपये से ज्यादा कमीशन के रूप में ले चुकी हैं, जिसकी उच्चस्तरीय जांच जरूरी है. मंत्री ने कहा कि 28 तारीख को कैबिनेट की बैठक होने वाली है, उससे वह संघ के प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर इस संबंध में बात करेंगे.

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो को दी बधाई



**रांची ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के रांची महानगर अध्यक्ष राजू राम ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी. महानगर अध्यक्ष ने केशव महतो कमलेश को को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर कांग्रेस के वरिष्ठजनों को बधाई दी है. प्रदेश अध्यक्ष को बधाई देने वालों में प्रकाश राम, वशिष्ठ लाल पासवान, बलेश्वर पासवान, सूरज पासवान, संजय कुमार, बट्टी पासवान, गणेश पासवान, शिव कुमार पासवान, राज कुमार राम, बसंत पासवान शामिल हैं.

## ब्रीफ खबरें

### रामदयाल मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष बबलू मुंडा ने पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा की जंयती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया. केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि हेमंत सरकार कहती है कि झारखंड में आदिवासियों की सरकार है, लेकिन झारखंड प्रदेश से लेकर देश विदेश तक आदिवासी समाज को पहचान दिलाने वाले शिक्षाविद, आंदोलनकारी पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा के बारे में उन्होंने एक शब्द तक नहीं कहा.

### श्रीराणी सती मंडल का 43वां वार्षिकोत्सव कल

**रांची।** मारवाड़ी भवन, हरमू रोड में रविवार को श्रीराणी सती मंडल का 43वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनेगा. इसकी तैयारी अंतिम चरण में है. मीडिया प्रभारी निर्मल बुधिया ने बताया कि इसके लिए आयोजन स्थल पर विशाल पंडाल बनाया गया है. पंडाल में श्रीदादी और पंच देव के भव्य दरबार के समक्ष सुबह से देर शाम तक भक्ति रस धारा बहेगी. स्थानीय और बाहर से आए भजन गायक झुमाएंगे. संयोजक सुशील केडिया ने बताया कि उत्सव की शुरुआत सुबह सात बजे गणेश पूजन से होगी.

### सियासी पिच पर किस्मत आजमाएंगे सौरभ तिवारी

**रांची।** क्रिकेटर सौरभ तिवारी अब सियासी पिच पर भी किस्मत आजमाएंगे. तिवारी ने शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में केंद्रीय मंत्री सह विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में संकेत दिए कि वे राजनीति में अपनी दूसरी पारी शुरू करेंगे. संभावना जतायी जा रही है कि सौरभ तिवारी अगले विधानसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाते नजर आयेंगे. गौरतलब है कि फरवरी 2024 में सौरभ तिवारी ने क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा की थी कि अपना आखिरी मैच झारखंड की टीम से राजस्थान के साथ खेलते हुए उन्होंने अपने 17 साल लंबे क्रिकेट करियर को विराम दिया था.

### छुट्टी पर गए वित्त सचिव प्रशांत कुमार

**रांची।** वित्त सचिव प्रशांत कुमार छुट्टी पर चले गए हैं. वित्त सचिव के छुट्टी से वापस लौटने तक प्रधान सचिव रैंक के अफसर मस्त राम मीणा को प्रधान सचिव जल संसाधन विभाग रांची प्रधान सचिव वित्त विभाग रांची व अध्यक्ष झारखंड कर्मचारी चयन आयोग रांची का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया.

प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष बोले- वर्तमान में लापरवाही बरतने वालों की समीक्षा होगी, लेकिन

# फिलहाल कार्यरत रहेगी पीसीसी

विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अपनी कार्य करने की मंशा को जाहिर कर दिया. उन्होंने कहा कि चुनाव में समय कम है, इसलिए वर्तमान कमेटी कार्यरत रहेगी. मगर सभी के कार्यों की समीक्ष होगी और संगठन हित में उचित निर्णय लिए जाएंगे. उक्त बातें कमलेश ने अपने पत्रकार सम्मेलन के दौरान कही. इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा मीडिया

**सरकार के कार्य और संगठन को ग्रास रूट तक ले जाएंगे :** उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं से संवाद के लिए "संवाद आपके साथ" कार्यक्रम के तहत स्वयं जिलों का भ्रमण करेंगे और इस क्रम में जिला पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, मंडलअध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष एवं प्रमुख कांग्रेसजनो के साथ संगठन एवं आगामी विधानसभा चुनाव के संदर्भ में चर्चा करेंगे. चुनावी बिगुल बज चुका है.सरकार द्वारा किए गए कार्यों को संगठन के माध्यम से जमीनी स्तर पर जनता के बीच पहुंचाना आवश्यक है. कांग्रेस की नीतियों कार्यक्रमों और उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाना है. उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत 26 अगस्त से लेकर 30 अगस्त तक रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, लातेहार, पलामू, गढ़वा, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी जिला का भ्रमण किया जाएगा. इसके पूर्व 25 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के आगमन पर सुबह 11 बजे बजे से विधायक दल, एक बजे वरिष्ठ कांग्रेस जनों की, तीन बजे जिला अध्यक्षों एवं चार बजे अग्रणी मोर्चा संगठनों के साथ बैठक मे पूरी सांगठनिक स्थितियों पर चर्चा की जाएगी ताकि कार्यक्रमों को मजबूती के साथ धरातल पर उतारा जाए.



पत्रकार वार्ता के दौरान झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नए अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और अन्य पदाधिकारी.

**अध्यक्ष चुनाव को देखते हुए 26 अगस्त से जिला भ्रमण पर निकलेंगे, संगठन की मजबूती का लेंगे जायजा**

### खजाना खाली होने के बाद भी हमने राज्य की आर्थिक स्थिति को पटरी पर लाया : डॉ रामेश्वर उरांव

इस मौके पर कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि सारे भेदभाव भुलाकर सरकार सभी वर्गों को जोड़ने का काम कर रही है. सरकार का हर विभाग कार्य कर रहा है और जनता इसे देख रही है, खासकर कांग्रेस के पास जो विभाग है. चरमराई वित्तीय स्थिति के बावजूद कृषि विभाग मे किसानों का ऋण 5 हजार तक माफ करने का काम हमने किया अब इसकी सीमा बढ़ाकर दो लाख कर दी गई है जिसका वादा कांग्रेस ने किया था. ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा उन क्षेत्रों में भी पुल पुलिया सड़कों का निर्माण किया गया जहां तक पिछली सरकार नहीं पहुंच पाई थी. हमने टूटी-फूटी सड़कों का भी जीर्णोद्धार कर उन्हें नया रूप देने का काम किया. हमने आधारभूत संरचना को मजबूत करने का प्रयास किया. जब हमारी सरकार का गठन हुआ था तब खजाना खाली था बावजूद उसके जनता के हित में अपने संसाधनों का भरपूर उपयोग कर विकास की गति को बढ़ाया. स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य हुए. बेपटरी हो चुकी स्वास्थ्य व्यवस्था को महागठबंधन की सरकार बनते ही कोविड का सामना करना पड़ा लेकिन महामारी के उसे दौर में स्वास्थ्य क्षेत्र में झारखंड उदाहरण के रूप में उभरा. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 25 लाख नए राशन कार्ड निर्गत किए गए जिसकी आवश्यकता थी. साड़ी लुंगी धोती योजना की शुरुआत की गई जो ग्रामीण परिवेश के लोगों के लिए एक आवश्यक योजना के रूप में साबित हुई.

## झारखंड के उत्थान में रामदयाल मुंडा की अहम भूमिका : कमलेश

- कांग्रेस ने डॉ. रामदयाल मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित किया

विशेष संवाददाता। रांची

पद्मश्री पूर्व सांसद डॉ. रामदयाल मुंडा की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में मनायी गयी. इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने डॉ. मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें झारखंड का सांस्कृतिक विभूति बताया. इस अवसर पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि जो नाची से बांची को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाने वाले डॉ. मुंडा ने झारखंड की संस्कृति को विश्व पटल पर पहचान दिलायी. उन्होंने कला, शिक्षा और जनजातीय भाषा के विकास और संरक्षण के लिए जीवन पर्यन्त काम किया. उनकी सोच और यादें झारखंडी समाज को नई दिशा देती है. डॉ. मुंडा बहुआयामी व्यक्तित्व एवं लोक संस्कृति के नायक थे. राजनीति, कला, संस्कृति व समाज के प्रति समर्पित सोच वाले थे. उन्होंने झारखंड के मूल सवाल जल, जंगल, पहचान, भाषा व संस्कृति पर आजीवन काम किया. झारखंड के उत्थान में इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता.


पद्मश्री पूर्व सांसद डॉ. रामदयाल मुंडा को श्रद्धांजलि देते कमलेश.

### राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंडी भाषा-संस्कृति को पहचान दिलायी : डॉ. रामेश्वर उरांव

कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि डॉ मुंडा ने जब रांची विश्वविद्यालय में जनजातीय भाषा विभाग का कार्यभार संभाला. उसके बाद राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय जगत पर यहां की भाषा-संस्कृति को पहचान मिली. अलग राज्य की मांग के लिए इनके दिशा निर्देशानुसार साहित्यकारों रंगकर्मियों, कलाकारों ने जनता को जागरूक करने कि लिए भाषा,संस्कृति का उपयोग किया. वे रांची विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति तथा कुलपति के पद पर आसीन हुए. इन्हें राष्ट्रीय सलाहकार परिषद का सदस्य सोनिया गांधी ने नियुक्त किया था. इस दायित्व का भी इन्होंने बखूबी निर्वह्न किया. इस मौके पर डॉ प्रदीप बलमुचू, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, मदन मोहन शर्मा, अमुल्य नीरज खलखो, भीम कुमार, सुलतान अहमद, सोनाल शांति सहित कई उपस्थित थे.

मांगें नहीं मानी गयी तो डटेंगे अनिश्चितकालीन धरने पर

## राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ ने दिया महाधरना

संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव रविन्द्र प्रसाद सिंह के आह्वान पर शुक्रवार को एक दिवसीय महाधरना राजभवन के पास आयोजित किया गया. इसमे संघ द्वारा तीन प्रमुख मांगों पर राज्यभर से आए हजारों शिक्षक धरना कार्यक्रम में शामिल हुए. संघ के वक्ताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि सरकारी माध्यमिक शिक्षकों के वेतनमान की प्रोन्नति के लिए निर्गत आदेश 1726 को निरस्त करके सभी कोटि के माध्यमिक शिक्षकों को एमएसीपी की प्रोन्नति, सरकारी माध्यमिक शिक्षकों के पद प्रोन्नति (प्रधानाध्यापक) के लिए निर्गत संशोधन 355 को निरस्त करते हुए वरीयता सह मेधाक्रम में प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति तथा न्यूनतम 8 वर्षों का शिक्षण अनुभव के आधार पर सीधी भर्ती, अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षकों को सरकारी माध्यमिक शिक्षकों को समान सारी सुविधाएं नहीं देती है.

इन मांगों पर सरकार निर्णय नहीं लेती हैं तो राज्य भर के शिक्षक अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे. अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष यशवंत विजय, संचालन रांची जिला अध्यक्ष सफदर इमाम ने किया. मौके पर महाधरना में कार्यकारी महासचिव रविंद्र चौधरी, विधि संयोजक सतीश दुबे, प्रमंडलीय सचिव कुर्बान अली, रांची जिला सचिव मुकेश कुमार सिंह, दुमका सचिव काशीनाथ महतो, अध्यक्ष बुलबुल कुमार, जामताड़ा जिला अध्यक्ष राजेश यादव, रांची संघ के भावेश महतो आदि उपस्थित थे.



## जिला निर्वाचन पदाधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

संवाददाता। रांची

झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों का मोरहाबादी स्थित सिविल सेवा अधिकारी संस्थान में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई. शुक्रवार से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्रशिक्षक (रिसोर्स पर्सन) के रूप में पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आरिज आफताब मौजूद थे. उन्होंने झारखंड के पदाधिकारियों को चुनाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यावहारिक अनुभवों से अवगत कराया. साथ ही विधि व्यवस्था को लेकर ध्यान में रखने वाली महत्वपूर्ण बातों का बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया. उन्होंने निर्वाचन के दौरान बुनियादी चुनाव प्रबंधन प्रणाली के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी.

दो प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन के सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि इस फेस टू फेस प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के चुनाव संबंधी ज्ञान को बढ़ाने और डाउट्स को क्लीयर करने का प्रयास किया जाएगा. उन्होंने चुनाव के क्रम में संभावित कुछ कॉमन एरर्स पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए निर्देशित किया कि इन सब अप्रत्याशित गलतियों से बचने के लिए सभी को पहले से ही सजग रहना होगा ताकि निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य को जीरो एरर के साथ शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराया जा सके.

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पदाधिकारियों को ट्रेनिंग एप्लीकेशंस, आदर्श आचार संहिता एवं अन्य विषयों पर भी जानकारी दी गयी. दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के अलावा दोनों अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सभी संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे.


पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी दे रहे हैं प्रशिक्षण.

**वर्ल्ड फोटोग्राफी डे** मास कॉम डिपार्टमेंट में वर्कशॉप तथा फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

# फोटोग्राफी एक कला है, जुनून है, चुनौती है : कुलदीप



संवाददाता। रांची

रांची विश्वविद्यालय के मॉस कॉम डिपार्टमेंट में वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर शुक्रवार को फोटोग्राफी वर्कशॉप और फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. इस वर्कशॉप में झारखंड के पांच वरिष्ठ फोटोग्राफरों ने छात्रों को फोटोग्राफी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दीं. सभी अतिथियों, विभाग के निदेशक प्रो. डॉ. बीपी सिन्हा सहित शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इसके बाद पीजी की छात्रा आस्था ने गणेश वंदना और छात्र वसंत ने गीत प्रस्तुत किया. इसके बाद सभी वरिष्ठ फोटोग्राफरों को शॉल, स्मृतिचिह्न और पौधा देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ फोटाग्राफर कुलदीप सिंह दीपक ने कहा कि फोटोग्राफी एक कला है, जुनून है. उन्होंने छात्रों को बताया कि उन्हें बचपन से ही फोटाग्राफी का शौक था. उन्होंने दूसरे से कैमरा मांग कर फोटाग्राफी शुरू की थी. उनको डर था कि वो अच्छा कर पायेंगे या नहीं. लेकिन सफलता मिलने के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ता गया.

वरिष्ठ फोटो पत्रकार माणिक बोस ने कहा कि फोटो जर्नलिज्म एक चुनौतीपूर्ण पेशा है. इस काम में कार्य सुतंष्टि मिलती है. साथ ही कई बार खुद को कैमरे को बचाते हुए काम करना पड़ता है. उन्होंने अपने कई चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरे घटनाओं के बारे में छात्रों को बताया. जगदीश सिंह ने छात्रों को फोटोग्राफी के कंपोजिशन, लाइट और एंगल के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि अच्छी फोटाग्राफी अभ्यास और स्वयं के जुनून से आती है. मनोज जायसवाल ने भी छात्रों को फोटाग्राफी में लाइट के महत्व को बताया. संजय बोस ने फैशन फोटोग्राफी और इसके तकनीक पर प्रकाश डाला. साथ ही फैशन फोटाग्राफी को युवाओं के लिये एक कैरियर विकल्प बताया.

विभाग के निदेशक डॉ. बीपी. सिन्हा ने भी छात्रों को फोटोग्राफी के महत्व बताये. साथ ही उन्होंने वरिष्ठ फोटोग्राफर के साथ अपने पुराने अनुभवों को भी साझा किया. डॉयरेक्टर ने बताया कि युवावस्था में जब वह रंगकर्मी थे तो कई नाटकों के मंचन में कुलीप सिंह दीपक ने फोटोग्राफी की थी. विभाग के उपनिदेशक (डिप्टी डायरेक्टर) डॉ. विष्णु महतो ने सभी वरिष्ठ फोटोग्राफरों और छात्रों को वर्कशॉप में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया. इस अवसर पर मास कॉम विभाग के छात्रों द्वारा ली गयी तस्वीरों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी. इस प्रदर्शनी की तैयारी छात्रों ने शिक्षक संजय बोस के निर्देशन में किया.

### बिरला मैदान में मटकी फोड़ प्रतियोगिता कल

**रांची।** बिरला मैदान, रातू रोड में रविवार को शाम चार बजे से मटकी फोड़ प्रतियागिता होगी. कान्हा मटकी फोड़ प्रतियोगिता समिति इसका आयोजन कर रही है. अध्यक्ष उत्तम यादव ने बताया कि पहले बाल रूप सजा प्रतियोगिता होगी. इसके बाद शाम छह बजे से गोविंदा दही-हांडी तोड़ दम दिखाएंगे. मटकी की ऊंचाई 24 फुट रखी जाएगी. मुख्य संरक्षक मृत्युंजय सिंह, श्रवण साहू, महामंत्री प्रेम प्रतीक बमबारी, कोषाध्यक्ष नितेश वर्मा, दिलीप गुप्ता, मोनू विश्वकर्मा, उमेश साहू, मिथिलेश सिंह, कुणाल केसरी, सौरभ यादव, शुभम विश्वकर्मा, संदीप राणा, मनन यादव, निखिल गुप्ता, रोहित यादव, विकास साहू, वरुण मंडल, करण नायक, सूरज कुमार इसमें मुख्य योगदान दे रहे हैं.

## सीएम एक्सीलेंस स्कूल की छात्राएं ले रही हैं सोहराय पेंटिंग का प्रशिक्षण



विशेष संवाददाता रांची

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ बच्चों में कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने, उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य कस्तूरबा गांधी बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कर्रा की छात्राओं को सोहराय पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक कि छात्रा पढ़ाई के साथ साथ अपनी रुचि अनुसार सोहराय पेंटिंग का प्रशिक्षण ले रही है. सोहराय पेंटिंग का प्रशिक्षण दे रही शिक्षिका मौसमी बड़ाईक ने बताया कि छात्राओं में सोहराय पेंटिंग सीखने को लेकर काफी रुचि है. पूरे उत्साह के साथ सभी प्रशिक्षण ले रही है. प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्रा स्मिता नागेशिया ने बताया कि झारखंड की सोहराय पेंटिंग देश भर में प्रसिद्ध है. विद्यालय की छात्राएं सोहराय पेंटिंग सीखकर इस क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी.

तापमान
28.0° अधिकतम | 23.6° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, शनिवार 24 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 136 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# आक्रोश रैली और झारखंडी मार्च को लेकर जाम रही राजधानी की सड़कें

**संवाददाता। रांची**

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा आक्रोश रैली और झामुमो द्वारा आयोजित झारखंडी मार्च की वजह से शुक्रवार को रांची शहर की कई सड़कें पूरे दिन जाम रहीं. आक्रोश रैली का आयोजन मोरहाबादी मैदान में किया गया था, जबकि झारखंडी मार्च का आयोजन जयपाल सिंह स्टेडियम से. आक्रोश रैली की वजह से मोरहाबादी और सीएम हाउस के आसपास के इलाके में बैरिकेडिंग लगाए गए थे. इस कारण सुबह से जाम लगना शुरु हो गया था.

जानकारी के मुताबिक, सुबह 10 बजे के करीब बरियातू रोड जाम हो गया. काम पर जाने के लिए निकले लोगों के वाहन जहां के तहां रुक गए. काम पर पहुंचने में लोगों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. यही स्थित टैगोर हिल रोड, हरिहर सिंह रोड, जेल रोड, कचहरी रोड की भी रही. वाहन फंस गए, गाड़ियां रेंग भी नहीं रही थीं. इन सड़कों पर जाम होने का असर शहर की दूसरी सड़कों सर्कुलर रोड, मेन रोड, हरमू रोड, कांके रोड और रातू रोड पर भी पड़ा. लोग घंटों तक जाम से जूझते रहे.

**स्कूली बसें भी जाम में फंसी :** आक्रोश रैली और झारखंडी मार्च की वजह से सड़कों पर लगे जाम का असर स्कूली बसों के परिचालन पर भी पड़ा. सुबह में तो स्कूली बसें बच्चों को लेकर आराम से स्कूल तक पहुंच गयीं, लेकिन दिन के करीब एक बजे जब छुट्टी हुई, तो बसें जहां-तहां जाम में फंस गईं.

- काम पर जाने के लिए निकले लोग घंटों जाम से जूझते रहे
- जाम में फंसे वाहन रेंग भी नहीं पा रहे थे, राहगीर परेशान रहे


बैरिकेडिंग की वजह से जाम में फंसी गाड़ियां व पुलिस से रास्ता खोलने की मांग करते लोग.

## भाजपा कार्यकर्ताओं पर होगी कार्रवाई : एसएसपी

**संवाददाता। रांची**

- सीएम आवास की ओर जाने की कोशिश कर रहे थे प्रदर्शनकारी
- निषेधाज्ञा का उल्लंघन और जवानों पर पत्थर चलाना गैर कानूनी

मोरहाबादी मैदान में शुक्रवार को भाजयुमो की युवा आक्रोश रैली में आंसू गैस के गोले छूटने के बाद अफरा-तफरी मच गयी. इस दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा पत्थरबाजी की गयी. वहीं, पुलिस बल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए लाठीचार्ज किया. इस दौरान पूरा मोरहाबादी क्षेत्र रणक्षेत्र में तब्दील हो गया था. कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास करने लगे, जिसपर प्रशासन ने वॉटर कैनन से रोकने का प्रयास किया. रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़ कर मुख्यमंत्री आवास की ओर जाने की कोशिश कर रहे थे और मंच पर मौजूद नेताओं ने उन्हें उकसाया था. कार्यक्रम को लेकर भाजपा की ओर से एसडीओ को जो आवेदन दिया गया था, वह युवा सम्मेलन के लिए दिया गया था. किसी आक्रोश रैली की चर्चा नहीं थी. मोरहाबादी मैदान में निषेधाज्ञा लागू थी, ऐसे में बैरिकेडिंग को तोड़ने की कोशिश करना और जवानों पर बड़े-बड़े पत्थर चलाना गैर कानूनी है. एसएसपी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त पत्थरबाजी की थी. इसमें हमारे छह से सात जवान घायल हुए हैं. प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के कुछ गोले छोड़ने पड़े. जवानों पर पत्थरबाजी करना भी गलत काम है. इसके खिलाफ हम कानूनी कार्रवाई करेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी

**रांची।** झारखंड में उत्पाद सिपाही की नियुक्ति प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गयी. इसमें राज्य भर से पांच लाख से अधिक युवा हिस्सा ले रहे हैं. मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए जोहार कहा. साहिबगंज समेत अन्य जिलों में शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा भी शुरू हो गयी है. परीक्षा में कुल 5,13832 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे. पलामू जिले में 27 अगस्त से शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जायेगी जबकि अन्य जिलों में परीक्षा चल रही है. गौरतलब है कि वर्ष 2020 से जून 2024 तक 26,443 पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है. परीक्षा आयोजित कर नियुक्ति का काम जारी है.

### सामुदायिक संगठनों के दस्तावेजों का अद्यतन

**रांची।** राज्यभर में सभी सामुदायिक संगठनों, यथा संकुल स्तरीय संगठन, ग्राम संगठन, उत्पादन समूह एवं सखी मंडलों के लेखा पुस्तकों का अद्यतन करने के लिए शुक्रवार को एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया. ये बैठक पलाश (जेएसएलपीएस) के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर आयोजित की गई थी. दिन-भर चले इस बैठक में सामुदायिक संगठनों के विभिन्न दस्तावेजों का अद्यतन किया गया. वहीं, शनिवार को संबंधित सामुदायिक समन्वयक, कैडर, एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा बैठक के परिणामों का सत्यापन किया जाएगा, जिसका प्रतिवेदन राज्य कार्यालय को सौंपा जाएगा.

### अगले तीन दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी

**रांची।** झारखंड में अगले तीन दिन बारिश होने की संभावना जताई गई है. राज्य में 23 से 25 अगस्त के बीच संताल और कोल्हान के जिलों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है. कुछ एक जगहों पर वज्रपात भी हो सकता है. मौसम विभाग के अनुसार, बांग्लादेश के उत्तरी भाग में निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है. इसके करीब ही एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन होने और इसके मर्ज करने के बाद यह अगले 48 घंटे के दौरान पश्चिम की ओर बढ़ेगा. इस कारण राज्य के सभी हिस्सों में बारिश होने का अनुमान है. वहीं, पिछले 24 घंटे में राजधानी समेत राज्य के कुछ जिलों में बारिश हुई.

### डॉ इश्तियाक को मेडिका प्रबंधन ने बर्खास्त किया

**रांची।** अलकायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट के लिए झारखंड मॉड्यूल के रूप में काम कर रहे डॉ इश्तियाक अहमद को मेडिका अस्पताल प्रबंधन ने टर्मिनेट कर दिया है. क्रिटिकल केयर के हेड डॉ विजय कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि उसके खिलाफ एटीएस की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही प्रबंधन ने उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया है. मिश्रा ने बताया कि वह कई वर्षों से बतौर रेडियोडायग्नोसिस कंसल्टेंट रांची के भगवान महावीर मेडिका अस्पताल में काम कर रहा था. बता दें कि डॉ इश्तियाक की गिरफ्तारी के बाद एक-एक कर के उसके राज सामने आ रहे हैं.

**भाजपा के आक्रोश मार्च पर सीएम बोले-** उल्टा चोर कोतवाल को डांटे

# चंपाई से कोई नाराजगी नहीं, पार्टी एकजुट: हेमंत

**वरीय संवाददाता। रांची/जमशेदपुर**

जमशेदपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चंपाई सोरेन प्रकरण पर आखिरकार चुप्पी चोड़ी. उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन से उनकी कोई नाराजगी नहीं है. उनकी नाराजगी से जुड़ा कोई मामला भी उनके संज्ञान में नहीं आया है. मुख्यमंत्री शुक्रवार को जमशेदपुर परिसदन में मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे. उन्होंने कहा कि पार्टी एकजुट है. भाजपा वाले ऐसे मामलों को हवा दे रहे हैं. जिस तरह लोकसभा चुनाव में भाजपा को मुंह की खानी पड़ी, उसी तरह आगामी विधानसभा चुनाव में भी उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ेगा. भाजपा के रांची आक्रोश मार्च के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा वाले 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं. जनता का आक्रोश भाजपा के प्रति बढ़ता जा रहा है. जिसे वे दूसरा रूप देने की कोशिश कर रहे हैं. मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी थीं.

**कोल्हान के मंत्री-विधायकों ने दिखायी एकजुटता :** मुख्यमंत्री के जमशेदपुर दौरे के दौरान कोल्हान के पार्टी विधायक दशरथ गागराई को छोड़ कर मंत्री, सांसद व सारे विधायक मौजूद रहे. इनमें मंत्री दीपक बिरूआ, सांसद जोबा मांझी, विधायक रामदास सोरेन, मंगल कालिंदी, निरल पुर्ति, सुखराम उरांव, संजीव सरदार, सविता महतो के अलावा कोल्हान के पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल रहे. परिसदन में मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों एवं सांसद जोबा मांझी के साथ अलग से बैठक की. उसके बाद वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की. इस दौरान जमशेदपुर में एक कार्यक्रम में शामिल होने आईं कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह भी मुख्यमंत्री से मिलने परिसदन पहुंचीं.

**पूर्व सांसद की दिवंगत पुत्री को श्रद्धांजलि दी :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन शुक्रवार को दिवंगत सुनील महतो व पूर्व सांसद सुमन महतो के जमशेदपुर सोनारी स्थित आवास पहुंचे. मुख्यमंत्री वहां पूर्व सांसद की दिवंगत पुत्री अंकिता महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी. मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट कर उनका ढांढस बंधाया. इस दौरान मौजूद कई मंत्री एवं विधायकों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की.


परिसदन में मीडिया को संबोधित करते सीएम हेमंत सोरेन.

## नए अध्याय की पटकथा तैयार पूर्ण विराम जल्द : चंपाई सोरेन

**आदित्यपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का गम्हरिया में शुक्रवार को महिलाओं ने भव्य स्वागत किया. इस मौके पर चंपाई सोरेन ने कहा कि जल्द नया अध्याय लिखूंगा, पृष्ठभूमि तैयार है. पूर्व सीएम ने एकबार फिर से साफ कर दिया है कि वे न तो संगठन तोड़ने जा रहे हैं, न ही वे पार्टी के किसी कार्यकर्ता को किसी प्रकार का सब्जबाग दिखा कर अपने पास बुलाने जा रहे हैं. वे एकला चलो की राह पर हैं और किसी अच्छे साथी की तलाश में हैं. पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि उनकी सीएम हेमंत सोरेन से कोई बात नहीं हुई है, न ही वे अब झामुमो का रुख करेंगे. उन्होंने कहा कि जो प्यार और सम्मान क्षेत्र की जनता का मिल रहा है, यह उनके लिए काफी है. नए अध्याय की पटकथा लिखी जा चुकी है और जल्द ही इस पर पूर्णविराम लगेगा, संयम रखें. मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, जिला परिषद सदस्य पिंकी मंडल, अनीता टुडू, व अन्य मौजूद थे.


गम्हरिया में अपनी बातों को रखते पूर्व सीएम चंपाई सोरेन.

**हड़ताल खत्म, 1700 से अधिक मरीजों ने ओपीडी में लिया परामर्श**

# रिम्स में काम पर लौटे जूनियर डॉक्टर

**संवाददाता। रांची**

कोलकाता कांड के विरोध में 10 दिनों से हड़ताल के बाद रिम्स के जूनियर डॉक्टर शुक्रवार को काम पर लौट गए. इसके साथ ही रिम्स में ओपीडी और रूटीन सर्जरी सेवा भी शुरू हो गई. ओपीडी सेवा शुरू होते ही शुक्रवार को 1796 मरीजों ने चिकित्सीय परामर्श लिया, जबकि विभिन्न विभागों में पेंडिंग पड़ी करीब 25 से ज्यादा सर्जरी की गई. सबसे अधिक भीड़ मेडिसिन ओपीडी में देखने को मिली. शाम पांच बजे ओपीडी बंद होने के बाद भी कुछ मरीज खड़े थे.

**डॉक्टर ने काला बिल्ला लगाकर किया काम :** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की ट्रेनी डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के बाद पूरे देश के डॉक्टर आक्रोशित थे. इस घटना से आक्रोशित रिम्स के जूनियर डॉक्टर पिछले 10 दिन से हड़ताल पर थे. काम पर लौटने के बाद भी डॉक्टरों का विरोध बरकरार है. शुक्रवार को सभी डॉक्टरों ने ओपीडी से लेकर वार्डों तक काला बिल्ला लगाकर काम किया. जेडीए अध्यक्ष डॉ अंकित ने कहा कि जब तक हमारी मांगों पर साकारात्मक पहल नहीं होगी, हम सभी विरोध जताते रहेंगे. उन्होंने सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द चिकित्सकों की समस्या का समाधान करें.


हड़ताल खत्म होने के बाद शुक्रवार को रिम्स के ओपीडी में मरीजों की भीड़.

### किस विभाग के ओपीडी में कितने रोगी पहुंचे

| विभाग | मरीजों की संख्या | विभाग | मरीजों की संख्या |
|---|---|---|---|
| मेडिसिन | 249 | सीटीवीएस | 40 |
| पीडियेट्रिक | 106 | न्यूरोलॉजी | 137 |
| स्त्री रोग विभाग | 87 | सर्जिकल आंकोलॉजी | 03 |
| नेत्र रोग | 89 | नेफ्रोलॉजी | 54 |
| ईएनटी विभाग | 104 | स्कीन | 179 |
| टीबी एंड चेस्ट | 27 | सर्जरी | 95 |
| यूरोलॉजी | 17 | पीडियाट्रिक सर्जरी | 28 |
| कार्डियोलॉजी | 75 | ऑर्थोपेडिक | 140 |
| साइकाइट्रिक | 25 | डेंटल विभाग | 124 |

## न्यूरोलॉजी विभागध्यक्ष कार्यस्थल पर अनुपस्थित मिले

- डीन ने दिये जांच के आदेश, पूर्व में भी समय पर नहीं आने की मिल चुकी है शिकायत

**रांची।** रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक प्रो डॉ हिरेंद्र बिरुआ ने शुक्रवार को अस्पताल का निरीक्षण किया गया. इस दौरान न्यूरोलॉजी ओपीडी में सुबह 11:15बजे विभागाध्यक्ष प्रो डॉ सुरेंद्र कुमार व सीनियर रेजिडेंट को अनुपस्थित पाया गया. डॉ सुरेंद्र ने पूछताछ की तो जानकारी मिली कि दोनों चिकित्सक अवकाश पर हैं, पर उनके अवकाश पर होने की सूचना विभाग के अन्य चिकित्सकों को नहीं थी. डीन कार्यलय से पता चला कि 24 से 26 अगस्त तक अवकाश का आवेदन एक दिन पहले दिया गया था. कार्यस्थल पर बिना सूचना के शुक्रवार को अनुपस्थित रहने को लेकर डीन प्रो (डॉ) राजकुमार ने जांच के आदेश दिए हैं. डॉ सुरेंद्र पर पूर्व में भी ओपीडी में समय से नहीं पहुंचने एवं भर्ती मरीजों को परामर्श नहीं देने की शिकायत प्राप्त हुई है. निदेशक ने इन सभी शिकायतों के मद्देनजर डॉ सुरेंद्र पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं. वहीं, न्यूरोलॉजी ओपीडी में परामर्श हेतु मरीजों की कतार को देखते हुए भर्ती मरीजों की जांच कर रहे डॉ रूपेश प्रसाद को ओपीडी में परामर्श हेतु बुलाया गया.

## कनहर बराज का काम शुरू करने में देरी क्यों?

**संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने पलामू एवं गढ़वा में सिंचाई के लिए प्रस्तावित कनहर बराज परियोजना अब तक शुरू नहीं किए जाने पर नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि इस परियोजना में देरी पर सरकार को जनता के समक्ष जवाब देना होगा. पलामू एवं गढ़वा की जनता पानी की समस्या से जूझ रही है. वर्षों से वहां आकाल की स्थिति बनी रहती है. लंबे समय से कनहर बराज परियोजना के संबंध में प्रक्रिया चल रही है लेकिन अब तक कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया है. यहां तक कि कनहर बराज के लिए जमीन अधिग्रहण, वन भूमि का क्लीयरेंस, एनवायरमेंट क्लीयरेंस आदि का काम पूरा नहीं हुआ. कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार के लचीले रुख के कारण केंद्र सरकार से फंड भी अब तक आवंटित नहीं हो सकी है. पहले राज्य सरकार को कनहर बराज के अधूरे काम को पूरे कर लेना चाहिए थे, फिर फंड के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाना चाहिए था. कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित कनहर बराज परियोजना के देरी का कारण बताने के साथ-साथ कनहर बराज प्रोजेक्ट को लेकर फॉलो अप एक्शन (अब तक की कार्रवाही) दो सप्ताह में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है.

## लापता विमान का सुराग नहीं, बारिश ने डाला खलल

**संवाददाता। रांची/जमशेदपुर**

- चांडिल डैम अधिक गहरा होने के कारण हो रही परेशानी

चांडिल डैम में गिरे ट्रेनी विमान का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है. भारतीय नौसेना की टीम चांडिल डैम की गहराइयों में उतर कर विमान की खोज कर रही है. शुक्रवार की सुबह से हो रही बारिश ने तालाशी अभियान में खलल डाला. बारिश थमने के बाद सुबह करीब 11 बजे टीम डैम में घुसी. इसके बाद दोपहर करीब दो बजे बाहर निकली. भोजन के बाद नौसेना की टीम ने विमान की तलाश में दोबारा डैम की गहराइयों में तलाशी अभियान चलाया. शुक्रवार शाम तक चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान टीम को लापता विमान का कोई सुराग नहीं मिला.

**आज भी जारी रहेगा तालाशी अभियान :** उल्लेखनीय है कि बीते मंगलवार को जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरने के 15 मिनट बाद ही विमान का एटीसी से संपर्क कट गया था. इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा चांडिल डैम में विमान गिरने की सूचना देने के बाद पहले एनडीआरएफ और फिर भारतीय नौसेना की टीम ने डैम में तालाशी अभियान चलाया.


चांडिल डैम में तालाशी अभियान चलाती नौसेना की टीम.

**सख्त निर्देश** हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और रांची नगर निगम को एक्शन प्लान बनाने को कहा

# जलाशयों पर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करें

**विधि संवाददाता। रांची**

हाईकोर्ट ने जलाशयों के आसपास हो रहे अतिक्रमण पर सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को सरकार से कहा कि तीन सप्ताह के भीतर कार्रवाई करें. हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण राय की खंडपीठ ने धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम, कांके डैम और हरमू नदी समेत अन्य जलाशयों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिया है.

कोर्ट ने कहा है कि तीन सप्ताह के भीतर अतिक्रमण को हटाया जाए. इसके लिए बड़े स्तर पर अभियान चलायें. अदालत ने अतिक्रमण हटाने को लेकर राज्य सरकार और रांची नगर निगम से एक्शन प्लान बनाने का भी निर्देश दिया है. कोर्ट ने कहा है कि ग्राउंड वाटर लगातार नीचे जा रहा है. हम रिजर्व वाटर बॉडी पर आश्रित हो रहे हैं. ऐसे में अगर डैम व जलाशय भी अतिक्रमण के शिकार हो जाएंगे, तो सप्लाई वॉटर का विकल्प भी समाप्त हो जाएगा और भविष्य में हमें एक गहरे जल संकट से जूझना होगा, इसलिए जरूरी है कि इनके अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई हो.

जानकारी के मुताबिक रांची के बड़ा तालाब और जिले के आसपास के जल स्रोतों को संरक्षित करने व इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है. जनहित याचिका में कहा गया है कि बड़ा तालाब, कांके डैम और धुर्वा डैम की सैकड़ों एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों के द्वारा हड़प ली है और वहां मल्टी स्टोरीज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है, जिसका बुरा असर जलाशयों पर पड़ रहा है.




### गरीबों के घर टूटते हैं और बिल्डरों को बचा लिया जाता है

**रांची।** राजधानी के कांके रोड स्थित गोंदा डैम के चारो तरफ बड़े पैमाने पर डैम की जमीन का अतिक्रमण करके घर और बड़ी बिल्डिंगें बना दी गई है. पिछले साल भी हाई कोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था. लेकिन उस अभियान में सिर्फ गरीबों के मकान तोड़े गए थे. बड़े बिल्डिंगों तक प्रशासन पहुंची ही नहीं थी. ऐसा हर साल-दो साल में होता है. कमजोर लोगों के घर तो तोड़ दिए जाते हैं, लेकिन बिल्डरों के सामने प्रशासन चुप्पी साध लेती है. यही हाल धुर्वा डैम की भी है. डैम की जमीन को कब्जा कर लिया गया है. हरमू नदी को तो अतिक्रमणकारियों को पूरी तरह खत्म ही कर दिया है. हरमू नदी के जीर्णोद्धार में करीब 100 करोड़ रुपये खर्च हो गए, पर नदी साफ नहीं हुआ. उल्टे नदी को नाला बना दिया गया. जलाशयों को लेकर प्रशासन का रवैया लालपुर-कोकर रोड के डिस्टलरी तालाब की स्थिति से भी पता चलता है. निगम ने तालाब को ही खत्म कर दिया. किनारे के जमीन पर अतिक्रमणकारियों ने घर बना लिया.

## उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ में शामिल प्रतिभागी की मौत

**संवाददाता। रांची/हजारीबाग**

- डॉक्टरों की टीम ने मौत की वजह हार्ट अटैक होना बताया है
- पहचान नहीं होने के कारण शव को सेवा मुक्ति धाम को सौंपा

उत्पाद विभाग में सिपाही की बहाली के लिए पदमा प्रशिक्षण केंद्र में शारीरिक जांच चल रही है. यहां रोज हजारों युवक नौकरी पाने के लिए दौड़ में भाग ले रहे हैं. गुरुवार को चल रही दौड़ में शामिल एक प्रतिभागी की मौत हो गयी.


मृतक अभ्यर्थी.

जानकारी के अनुसार, उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ में शामिल एक युवक गिर गया. वहां उपस्थित मेडिकल टीम ने आनन-फानन में युवक को शेख बिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया. युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां देर रात उसकी मौत हो गयी. डॉक्टरों की टीम ने मौत की वजह हार्ट अटैक होना बताया है.

मृतक की उम्र करीब 22 वर्ष होगी. पहचान नहीं होने के कारण शव को सेवा मुक्ति धाम के निदेशक नीरज कुमार को सौंप दिया गया. अस्पताल के निदेशक ने बताया कि शव को मुक्ति धाम के मोर्चरी में रखा गया है. पदमा पुलिस जब तक युवक की पहचान नहीं बताती, तब तक शव को यहां सुरक्षित रखा गया है. पहचान होने के बाद परिजन को शव सौंप दिया गया जाएगा.

**मांगा न्याय : महिला ने 18 अगस्त को महिला थाना में दिया है आवेदन, अब तक प्राथमिकी नहीं**

# फोन पर तीन तलाक, पीड़िता बोली- करेंगे आत्मदाह

**संवाददाता।महुदा**

भाटडीह ओपी क्षेत्र के एक महिला को उसके पति द्वारा फोन पर तीन तलाक देने का मामला प्रकाश में आया है. भुक्तभोगी महिला ने बाघमारा महिला थाना में लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है. लेकिन, आवदेन देने के पांच दिन बीतने के बावजूद अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है. इससे महिला काफी परेशान है. उसका कहना है कि अगर पुलिस प्रशासन से न्याय नहीं मिला, तो वह आत्महत्या कर लेगी और इसकी जिम्मेवार पुलिस होगी.

बता दें कि महिला ने 18 अगस्त को बाघमारा महिला थाना में


पीड़ित महिला.

- आवेदन में पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2006 में मुरलीडीह मुस्तफा हुसैन के साथ से हुआ था निकाह
- निकाह के एक साल बाद से ही पति व ससुराल वाले उसके साथ गाली गलौज और मारपीट करने लगे
- आवेदन में पति, ननद और सास-ससुर को बनाया आरोपी

आवेदन देकर अपने सास, ससुर, ननंद व पति के खिलाफ मारपीट करने व पति द्वारा फोन पर तीन तलाक देने का आरोप लगाया है. आवेदन में उसने बताया है कि वर्ष 2006 में उसका निकाह मुरलीडीह 12 नंबर गेट निवासी मुस्तफा हुसैन के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था. शादी के एक साल बाद से ही पति उसके साथ गाली गलौज और मारपीट करने लगे. उसके साथ ससुर मसरूर हुसैन, सास हुसैना बानो, ननद इशरत परवीन व निखत परवीन भी प्रताड़ित करते थे. इसको लेकर पांच बार पंचायती भी हो चुकी है और हर बार माफी मांग कर सुलह कर लेते थे. तीन माह पूर्व भी पति के साथ मिल कर ससुरालवालों ने उसके साथ मारपीट की थी, फिर उसे घर से निकाल दिया.

इसके बाद वह अपनी बेटी को साथ लेकर भाई के घर चली आयी. एक सप्ताह पूर्व जब उसने पति को फोन पर मायके से ले जाने को कहा, तो वह फोन पर ही गाली-गलौज करने लगा और तीन तलाक दे दिया. महिला ने पुलिस से पति, ननद व सास-ससुर पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है. उसने बताया कि अगर प्रशासन से इंसाफ नहीं मिला, तो थाना के समीप अपने बेटी के साथ आत्मदाह कर लेगी.

### पति बोला- पत्नी हमेशा झगड़ा-विवाद करते ही रहती थी

मामले में महिला के पति मुस्तफा हुसैन से पूछे जाने पर उसने बताया कि पत्नी हमेशा विवाद करते रहती थी. उसके साथ नहीं रहना चाहती थी. इसलिए, फोन पर ही तलाक दे दिया है. इस संबंध में महिला थाना की इंस्पेक्टर वर्षा रानी मिंज से बताया कि शिकायत मिली है. फिलहाल वो बाहर हैं, बाघमारा पहुंचने पर मामले की जांच-पड़ताल कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी.

**खुद को पार्टी का आदमी बताने वाले अपराधियों ने घरवालों को बंधक बनाया**

# एक साथ दो घरों में डकैती

**जेवरात व नगदी ले उड़े**

**संवाददाता ।मेदिनीनगर**

सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा गांव के रेलवे लाइन किनारे बजराहा टोला निवासी संदीप राम एवं उसके भाई लालसू राम के घर अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया. घटना गुरुवार की रात की है. अपराधियों ने दोनों परिवार के सदस्यों को पहले बंधक बनाया फिर घर में रखे नकदी व अन्य सामान ले लिए. घटना के बाद संदीप राम ने सदर थाना की पुलिस को सूचना दी. घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार, सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद पुलिस बल के साथ पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया. उन्होंने बताया कि संदीप राम एवं लालसू राम के घर से करीब 40 से 50 हजार रूपये के जेवरात एवं लालसू राम के घर से 15 हजार रूपये नगद एवं संदीप राम के जनरल स्टोर दुकान से पांच हजार रुपए नगद एवं अन्य सामान की डकैती हुई है. संदीप राम ने अब तक आवेदन नहीं दिया है. लिखित शिकायत मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी.

लालसू राम ने घटना के बारे में बताया कि गुरुवार की रात करीब 12:30 बजे चार नकाबपोश अपराधी घर का दरवाजा खोल कर छत पर पहुंच गए. अपराधियों ने हथियार का भय दिखा कर उन्हें व उनकी पत्नी को कब्जे में करके घर के बार बैठा दिया. फिर एक-एक कमरे में जाकर नकदी व कीमती सामने ले लिए. जब उनके पुतोहु ने अपराधियों पूछा कि आप लोग कौन है, क्या पुलिस वाले हैं, तो कहा कि वो सभी पार्टी के लोग हैं. इस दौरान आठ-दस अपराधी घर के बाहर भी खड़े थे. सभी नकाब से चेहरे को ढंके हुए थे.

संदीप राम के पुत्र प्रभात कुमार ने बताया कि वह और उसकी मां व तीन बहनें घर में सोए हुए थे. रात करीब 12:45 बजे पांच-छह नकाबपोश अपराधी घर के छत पर बांस के सीढ़ी से चढ़कर घर के भीतर आ गए. फिर हम सभी लोगों को पिस्तौल का भय दिखाते हुए लाल सलाम कहा और एक कमरे में बंद कर दिया. बक्सा में रखा कुछ नकदऔर जेवरात निकलने के बाद अपराधियों ने दुकान की चाबी मांगी. फिर दुकान खोलकर वहां रखे पांच हजार रुपए एवं कुरकुरे तथा पानी बोतल ले लिए. अपराधियों के जाने के बाद हम सभी घर से बाहर निकले. तब तक अपराधी वहां से जा चुके थे.


घटनास्थल पर पूछताछ करते पुलिस अधिकारी.

### चार लाख चुराने के बाद एटीएम में लगाई आग

**चतरा ।** चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ पर गुरुवार रात भारतीय स्टेट बैंक के तपेज शाखा के एटीएम को तोड़कर अपराधियों ने करीब चार लाख रुपये की चोरी कर ली. चोरी करने के बाद अपराधियों एटीएम रूम में आग लगा दी. घटना की जानकारी लोगों को शुक्रवार को सुबह में तब हुई एक व्यक्ति एटीएम से कैश निकालने के लिए पहुंचे. इसके बाद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने बैंककर्मियों को घटना की जानकारी दी. जिसके बाद बैंककर्मी पहुंचे और चोरी गए कैश का मिलान किया. आग से एटीएम जल गया और कमरे में धुआं और कालिख का निशान जम गया है. घटना की जानकारी मिलने के बाद चतरा एसडीपीओ संदीप सुमन पुलिस टीम के साथ पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया. उन्होंने तपेज एसबीआई शाखा में लगे एटीएम के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की.

### एसबीआई की एटीएम तोड़कर लाखों की चोरी

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र की घनी आबादी वाले क्षेत्र गोला रोड के बाजार टांड में एसबीआई की एटीएम में बीती रात चोरों ने एटीएम तोड़कर उसमें रखे रुपये ले उड़े. जानकारी के अनुसार चोरों ने एटीएम से 1 लाख से अधिक की चोरी की घटना को अंजाम दिया है. शहर के बीचोंबीच स्थित एटीएम से चोरी ने रामगढ़ पुलिस की सक्रियता की पोल खोल कर रख दी है. इस घटना के बाद पुलिस की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं. एटीएम से चोरी की घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना पुलिस और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदल बल घटना स्थल पर पहुंचे.

### अनगड़ा में आजसू की बैठक में चुनाव पर चर्चा

**अनगड़ा ।** शुक्रवार को प्रखंड के नवागढ़ पंचायत बरवा टोली में मुखिया भुनेश्वर बेदिया की अगुवाई में आजसू पार्टी का बैठक किया गया . मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा हेमंत सोरेन सरकार की विकास योजना सिर्फ विज्ञापनों में रह गई है धरातल पर कुछ भी नही है युवाओं को रोजगार के नाम पर सिर्फ धोखा मिला है इसलिए जानता भी मौका देना नही चाहती है. इस मौके पर अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो,जगदीश बेदिया,ग्राम प्रभारी ललिता कुमारी,बिनती देवी,ग्राम प्रधान महाबीर बेदिया मौजूद रहें .

### चोरी के आरोपियों को भेजा गया जेल

**रातू।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 259/24 का खुलासा करते हुये दो नाबालिग समेत तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. इसमें पिर्रा निवासी स्व बिमल मुंडा का पुत्र 24 वर्षीय सोमरा मुंडा होटवार और दो डुमरदगा स्थित बाल सुधार गृह भेजे गये. तीनों पिर्रा के रहने वाले हैं. इन पर 28 जुलाई की रात फुटकलटोली लैम्प्स से लैपटॉप आदि सामान की चोरी करने का आरोप है. आरोपियों की निशानदेही पर उसे बरामद कर लिया गया है.

### आक्रोश रैली को लेकर रातू पुलिस रही मुस्तेद

**रातू।** भाजयुमो की आक्रोश रैली को लेकर रातू थाना क्षेत्र में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है. एन एच 75 रांची डालटेनगंज सड़क पर छोटानागपुर फन कैसल पार्क के पास, रिंग रोड, काठीटांड चौक, एवं तिलता चौक पर पुलिसकर्मी वाहनों की तलाशी ले रहे हैं. सिर्फ यात्री बसों एंव निजी वाहनों को ही राजधानी में प्रवेश करने दिया जा रहा है. विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना क्षेत्र के प्रायः सभी प्रमुख चौक चौराहों पर दंडाधिकारी तथा महिला एवं पुलिस बल तैनात किए गए हैं.

# सजगता से समस्याओं को देंगे मात : शिल्पी नेहा तिर्की



**संवाददाता।इटकी**

क्षेत्र भ्रमण दौरान मांडर विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि अपनी सजगता और मांडर की जनता के बलबूते क्षेत्र की सभी समस्याओं के समाधान करना ही मेरा दृढ़ संकल्प है और उससे बढ़कर कोई भी चुनौतियों से निपटने एवं समस्याओं को मात देने की क्षमता रखती हैं. शुक्रवार को वें क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि आप सभी लोग सरकारी योजनाओं से लाभान्वित होने की कोशिश करे और उसका भरपूर फाईदा उठाए . श्रीमती तिर्की ने प्रखण्ड के ग्राम रानीखटंगा, कुंदी, बारीडीह और मल्टी का दौरा किया और ग्रामीणों से मुलाक़ात की. इस दौरान श्रीमती तिर्की ने लोगों को अबुआ आवास, सावित्री बाई फुले योजना, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन जैसी योजनाओं की जानकारी दी.

**तीन वर्षों के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति का हुआ पुनर्गठन, समाजसेवी बोले**

# विद्यालय प्रबंधन समिति बेहतर कार्य करेगी

**संवाददाता ।लापुंग**

जिस विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति बेहतर है उस विद्यालय की दिशा और दशा में आमूल चूल परिवर्तन होता है. उक्त बातें ककरिया संकुल अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चम्पाडीह में अपने अध्यक्षीय भाषण के दौरान समाजसेवी रामशंकर सिंह ने कही. उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी और सदस्यों को पूरी ईमानदारी के साथ बच्चों के लिए काम करने की जरूरत है. राम शंकर सिंह शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे. तीन वर्षों के बाद ककरिया संकुल अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चम्पाडीह एवं आरसी प्राथमिक विद्यालय मुरूप में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया. इस मौके पर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चम्पाडीह की प्रधान शिक्षिका सागेन होरो ने कहा कि हमारे समक्ष कई चुनौतियां हैं. ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए हमें मिलजुलकर प्रयास करने की जरूरत है. राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चम्पाडीह में रामशंकर सिंह की अध्यक्षता एवं सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता के पर्यवेक्षण में सोमरा पाहन को एक बार फिर अभिभावकों ने अध्यक्ष चुन लिया. वहीं उपाध्यक्ष के रुप में धनेश्वरी देवी, सदस्य के रूप में संगीता उराईन रेवोती देवी, आशा उरांव, सान्दु मुंडा, धरमा कच्छप, दीपक महतो, अनिता देवी, पंचम उरांव को सदस्य चुन लिया गया. पंचायत प्रतिनिधि के रूप में वार्ड सदस्य मुनिता मुंडा, बाल संसद के प्रतिनिधि के रूप में प्रधानमंत्री लक्ष्मी कुमारी तथा शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में अगुस्टीन लकड़ा एवं पदेन संयोजक प्रधानाध्यापिका सागेन होरो चुन ली गई. वहीं दूसरी ओर डाडी. पंचायत के आरसी प्राथमिक विद्यालय मुरुप में दिनेश होरो को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया.



**आयोजन** उषा मार्टिन ने सौ किसानों के खेतों की मिट्टी का मृदा जांच कराया

# गांवों के विकास में किसानों की अहम भूमिका : एनएन झा

**संवाददाता।नामकुम**

गांवों के विकास में किसान की अहम भूमिका है. सीएसआर के तहत खेती को लाभाकारी बनाकर किसानों की क्रय शक्ति बढ़ाने की दिशा में पहल की जा रही है. उक्त बातें उषा मार्टिन के एचआर हेड एन0एन झा ने कहीं. श्री झा शुक्रवार को उषा मार्टिन के सभागार में टाटीसिलवे के इर्द गिर्द के 18 गांवों से आये किसानों को मृदा जांच की रिपोर्ट सौंपे . उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से 100 किसानों के खेत की मिट्टी जांच करायी गयी है, ताकि उनको उपयोगी एवं मौसम के अनुसार फसल की खेती के लिए प्रशिक्षित किया जा सके.

श्री एन.एन. झा ने बताया कि कंपनी की ओर से गांवों में किसानों की खेती को बढ़ावा देने के लिए पहले चरण में मृदा जांच करायी जाती है. इसके बाद मिट्टी की प्रकृति के अनुसार उनको खेती के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है. वैज्ञानिक तरीके से खेती को बढ़ावा देने के लिए पॉलिहाउस एवं ड्रीप इरिगेशन को बढ़ावा दिया जाता है. किसानों को बहुफसली खेती के लिए बीज भी कंपनी की ओर से मुहैया कराया जाता है. इस अवसर पर रांची से प्रकाशित एक दैनिक अखबार के सीएफओर आलोक पोद्दार ने कहा कि गांवों के विकास में कंपनी का सीएसआर विभाग अहम योगदान कर रहा है. इन कार्यों को एकीकृत तरीकें से बढ़ाने एवं उसे बाजार से जोड़ने की जरूरत है, ताकि किसानों को अपनी फसल का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके. सीएसआर हेड डॉ मयंक मुरारी ने किसानों को बताया कि खेत की मृदा जांच के आधार पर किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण एवं बीज मुहैया कराया जायेगा. जिन किसानों को एडवांस मृदा जांच कराना है, उनके लिए भी कंपनी की ओर से सुविधा प्रदान की जायेगी. इस अवसर पर मासू के किसान प्रेमनाथ, बेड़वारी के ईश्वर महतो, महिलौंग के भदया, उलातू के महावीर महतो एवं जानूम के गोवर्धन मुंडा ने खेती से उनके जीवन में आने वाले प्रभाव के बारे में बताया. इस अवसर पर विभिन्न गावों के किसानों के अलावा फॉउंडेशन के कर्मचारी उपस्थित थे.



मृदा जांच कार्यक्रम में शामिल अतिथिगण.

## ब्रीफ खबरें

### बाला जी मंदिर में 27 को मनेगी जन्माष्टमी

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बालाजी मंदिर में वैष्णव परंपरानुसार 27 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनायी जाएगी. मौके पर भगवान के श्रृंगार-पूजन के साथ विशेष अनुष्ठान किए जाएंगे. मंदिर के अर्चक नेम-निष्ठा से पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराएंगे. भक्तों के बीच विशेष भोग बांटा जाएगा. रंजन सिंह ने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने की अपील की है.

### खरसीदाग ओपी प्रभारी बने भवेश

नामकुम। नामकुम के खरसीदाग ओपी प्रभारी बने भवेश भारती. चूड़ामणि टूड्डू गए लोअर बाजार थाना. चूड़ामणि अपने कार्यकाल में अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर पूरे ईमानदारी के साथ लगे रहें. वहीं भवेश भारती ने कहा की अपराधियों पर अंकुश लगाना तथा गरीबों एवं असहाय लोगों को न्याय दिलाना एवं आगामी विधानसभा चुनावों तथा त्योहारों को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराना हमारी पहली प्राथमिकता होगी.

### बुढ़मू में पल्स पॉलियो अभियान 25 अगस्त से

**बुढ़मू ।** पोलियो मुक्त भारत अभियान के तहत बुढ़मू में पोलियो अभियान आगामी 25 अगस्त से प्रारंभ होगा जो अगले तीन दिन 25,26 व 27 अगस्त तक लगातार चलेगा. पहले अभियान के दौरान 25 अगस्त को प्रखंड के बनाए गए विभिन्न पोलियो बूथ में 0 से 5 वर्ष तक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी. वही 26 व 27 अगस्त को एएनएम तथा सहिया दिदियों के द्वारा गांव गांव जाकर बच्चों को पोलियो खुराक पिलाया जाएगा. सीएचसी प्रभारी डॉ ईशानी सिंह बताया की अभियान में एक भी बच्चा छुटे नहीं इसके लिए सीएचसी बुढ़मू की ओर से स्वास्थ्य कर्मियों और एएनएम सहिया दिदियों विशेष रूप से इस अभियान में लगाया गया है.

### बालू लदे तीन ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**बुढ़मू।** बुढ़मू पुलिस ने अवैध बालू परिवहन करते तीन ट्रैक्टर को जप्त किया है इसके साथ ही खनन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई कि जा रही है. थाना प्रभारी रितेश कुमार ने बताया कि अवैध परिवहन कि गुप्त सूचना मिली थी जिसके बाद कार्रवाई कर ट्रैक्टर को जब्त किया गया है. ज्ञात हो कि पिछले महीने अवैध परिवहन के दौरान ही छापर बालू घाट में उग्रवादियों ने एक जेसीबी सहित पांच ट्रर्बो को आग लगा दिया था. जिसके बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल था.

### पेड़ से टकराकर बाइक सवार पारा शिक्षक की मौत

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के बीरडीह के पास गुरुवार देर रात पेड़ से टकराकर बाइक सवार पारा शिक्षक की मौके पर मौत हो गई. मृतक 45 वर्षीय रामेश्वर मुंडा बिरगांव पोड़का का निवासी था. वर्तमान में सारजमडीह पेंटेतर विद्यालय में पदस्थापित था. जानकारी के अनुसार रामेश्वर अपने साढ़ू के घर बीरडीह से देर रात अपने घर आ रहा था. टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और रामेश्वर मुंडा लगभग 50 फीट दूर खेत में जा गिरा. सुबह घटना का पता चलने पर मृतक के घर में कोहराम मच गया.

### नए प्रभारी ने शांति समिति के सदस्यों से की भेंट

**सिल्ली/मुरी ।** सिल्ली थाना के नए थाना प्रभारी दिनेश कुमार ठाकुर ने शुक्रवार को शांति समिति के सदस्यों के साथ औपचारिक बैठक की. थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है. उन्होंने शांति समिति के सभी सदस्यों से बेहतर और शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाने में पुलिस को सहयोग करने की अपील की.थाना प्रभारी ने आम जनता से भी पुलिस को सहयोग करने का आग्रह किया है.

### वज्रपात से एक महिला की मौत

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के दानाडीह गांव के 50 वर्षीय महिला सारथी देवी का मौत वज्रपात से हुआ है. परिजनों और ग्रामीणों ने बताया कि घटना शुक्रवार दिन के 3 बजे के आसपास की है. खेत में काम कर रही थीं. आसपास कुछ दूर तक कोई दूसरा व्यक्ति नहीं था. जिस कारण देर शाम को घटना की जानकारी परिजनों को मिली. घटना की सूचना पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुषेण माणिक,युवा आजसू अध्यक्ष मिहिर महतो, दीपक महतो गांव जाकर परिजनों से मुलाकात किए.

## न्यूज अपडेट

### युवाओं की आवाज दबाने पर आमादा है हेमंत सरकार : आजसू

**रांची।** आजसू पार्टी ने रांची के मोरहाबादी में अपने हक और अधिकार के लिए प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की निंदा की है. पार्टी प्रवक्ता देवशरण भगत ने कहा कि प्रदर्शनकारी युवाओं पर लाठी और आंसू गैस चलना अत्यंत निंदनीय है. इस दौरान कई युवा घायल भी हुए हैं. हेमंत सरकार अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबाने पर आमादा है. यह लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या के समान है. सरकार ने युवाओं को रोकने के लिए रात में ही कंटीले तारों के साथ जगह-जगह पर घेराबंदी कर दी थी और राज्य के अलग-अलग हिस्से से रांची आ रहे युवाओं को रोका जा रहा था.

### विहंगम योग के विश्वशांति महायज्ञ के समापन



**रांची ।** प्रभात तारा मैदान में चल रहे विहंगम योग के विश्व शांति वैदिक महायज्ञ के समापन मौके पर शुक्रवार को विज्ञानदेव जी महाराज ने कहा कि यज्ञ ग्लोबल वॉर्मिंग रोकने का ससक्त माध्यम है. इस पर सभी पर्यावरण चिंतको को ध्यान देना चाहिए. प्राचीन काल मे ऋषि के आश्रमों में प्रत्येक दिन यज्ञ की परंपरा थी, लेकिन आज वह धूमिल हो गयी है. ग्लोबल वॉर्मिंग के दुष्प्रभाव से बचने के लिए पहले से ज्यादा यज्ञ की आवश्यकता है. यज्ञ और योग के सामंजस्य से ही विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है. यज्ञ का धुआं डीजल और पेट्रेल की तरह प्रदूषण नहीं फैलाता.

### डीएवी खलारी में मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस


राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके करते कंचन सिंह.

**खलारी।** खलारी कोयलांचल क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल में भारत सरकार द्वारा घोषित 23 अगस्त को प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया गया. समारोह का शुभारंभ विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड कंचन सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़े इसरो के वैज्ञानिक दीपक कुमार एवं वरिष्ठ शिक्षकों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया. इस कार्यक्रम में डीएवी खलारी के पूर्व विद्यार्थी दीपक कुमार भी आनलाइन उपस्थित थे,जो वर्तमान में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र - इसरो में बतौर वैज्ञानिक काम कर रहे हैं. ऑनलाइन माध्यम से विद्यालय के साथ जुड़े और इस कार्यक्रम में शामिल हुए.

### अंतरिक्ष के प्रति जिज्ञासा को बढ़ावा देती है क्विज : कैलाश

**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों द्वारा चंद्रयान -3 का मॉडल बनाया गया और उसके विषय में परिचर्चा की गई और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. परिचर्चा में चन्द्रमा पर किए गए सारे महत्वपूर्ण अभियानों की चर्चा की गई. चंद्रयान -3 की कार्यप्रणाली और तकनीक के बारे में विस्तार से चर्चा की गई. छात्रों के बीच प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया. स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्रों में अंतरिक्ष के प्रति जिज्ञासा और ज्ञान को बढ़ावा देती है .

### आरटीसी में मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस



**ओरमांझी।** एनएसएस-यूबी ए व संस्थान इनोवेशन सेल की ओर से शुक्रवार को आरटीसी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया.इस वर्ष का थीम चांद को छूना और जीवन को छूना,भारत की अंतरिक्ष कहानी,समाज और प्रौद्योगिकी पर अंतरिक्ष अन्वेषण के प्रभाव पर प्रकाश डालता है.संस्थान के निदेशक एपी सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से अंतरिक्ष अन्वेषण में भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान को सदैव याद किया जाना चाहिए.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ.एन हरि बाबू ने बड़े उत्साह के साथ कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य युवा पीढ़ी को स्टेम विज्ञान, प्रौद्योगिकी,इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना और भारत के अंतरिक्ष प्रयासों में योगदान देना है.

### जनता हेमन्त सरकार को उखाड़ कर ही दम लेगी: अर्जुन



**कांके।** भाजयुमो के द्वारा आयोजित हेमन्त सोरेन सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली में कांके क्षेत्र से भाजपा नेता अर्जुन राम के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए. जगह जगह राज्य सरकार के निर्देश पर राज्य प्रशासन के द्वारा बैरिकेट लगाकर भाजपा के कार्यकर्ताओं को रैली स्थल में पहुंचने से रोका गया. मौके पर अर्जुन राम ने कहा कि राज्य सरकार लाख कोशिश कर ले अपनी नाकामियों को छिपाने की लेकिन अब बहुत देर हो चुकी है. राज्य की जनता जाग चुकी है. अब राज्य की आदिवासी,दलित, किसान,युवा, मजदूर विरोधी हेमन्त सरकार को उखाड़ कर ही दम लेगी.

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला आयोजित

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंआयुष्मान आरोग्य शिविर सह स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया. स्वास्थ्य मेला के दौरान 159 मरीजों की जांच की गई. इस मौके बीपी शुगर सहित विभिन्न बीमारियों से ग्रसित 65 मरीजों की पहचान की गई. मरीज का निशुल्क इलाज किया गया और उन्हें दवाइयां दी गई. मरीज का जांच और इलाज डॉ प्रियंका कुमारी एवं डॉ सविता कुमारी ने किया. इस मौके पर डॉक्टर प्रियंका कुमारी ने कहा कि झारखंड सरकार सिर्फ शहरों ही नहीं बल्कि दूर दराज के गांव में भी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है. उन्होंने कहा कि 25 से 27 अगस्त तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा.

### पुरनाडीह परियोजना में किया गेट मीटिंग

**डकरा।** बीएमएस, एचएमएस,एटक एवं सीटू से संबंध यूनियनो ने संयुक्त रूप से पुरनाडीह परियोजना में मीटिंग किया गया. इस दौरान संयुक्त श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि एन के एरिया का कोई भी कोयला खदान बंद नहीं होने दिया जायेगा. प्रबंधन के अकर्मन्यता के चलते कोई खदान में खनन के लिए जमीन नहीं है तो इसके लिए मजदूरो को दोषी नहीं ठहराया नहीं जा सकता है. प्रबंधन ग्रामीणों एवं यूनियनों के साथ सामंजस स्थापित कर खनन योग्य भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करे,जमीन उपलब्ध नहीं होने का बहाना बना कर खदान बंद करने एवं मजदूरों को इधर उधर भेजनें की जो मंशा पाल रखी है उससे किसी भी हाल में सफल नहीं होने दिया जाएगा.

### जमीन की रक्षा के लिए डीसी कार्यालय का होगा घेराव

**बेड़ो।** आदिवासी महासभा के तत्वावधान में बारीडीह पड़हा भवन में आदिवासियों की जमीन से संबंधित विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रखंड कमेटी की बैठक पूर्व प्रमुख महतो भगत की अध्यक्षता में हुई. बैठक में 30 अगस्त को आदिवासियों की जमीन के विभिन्न मुद्दों को लेकर डीसी कार्यालय रांची का घेराव करने का निर्णय लिया गया. बैठक में पूर्व मंत्री सह महासभा के संयोजक देवकुमार धान ने कहा कि सरकार आदिवासियों की सामाजिक धार्मिक जमीन जैसे पहनई, महतोई, पुजार, कोटवारी, डाली कटारी, भंडारी, जतरा स्थल, सरना, मसना, देशावली जमीन चिह्नित कर उसकी सुरक्षा प्रदान करे. उन्होंने भुइहरी जमीन को कायमी जमीन बनाकर अवैध तरीके से खरीद-बिक्री करने और आदिवासी लोहरा की खतियानी लोहार जमीन को जेनरल जमीन बनाकर खरीद-बिक्री करने पर रोक लगाने की मांग की.

## विद्यार्थियों ने जैक कार्यालय का किया घेराव, विरोध जताया

**रांची ।** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा-2024 को लेकर राज्य में एक बार फिर विवाद उत्पन्न हो गया है. बोर्ड द्वारा जारी किए गए विस्तृत सिलेबस व कट ऑफ मार्क्स से छात्रों में भारी नाराजगी है. झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन शुक्रवार को इसपर विरोध जताया. सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने झारखंड अधिविध परिषद (जैक) कार्यालय का घेराव किया व जमकर विरोध किया. कई घंटों तक बोर्ड के मुख्य द्वार को बाधित रखा. विरोध के दौरान छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि बोर्ड के द्वारा मनमानी तरीके से वृहद सिलेबस व हायर कट ऑफ मार्क्स की बाध्यता तय कर दी गयी है, जो गलत है. बोर्ड को इसे संशोधन करते हुए एनसीटीई की गाइडलाइन के अनुरूप निर्धारित करना चाहिए. जैक सचिव व छात्रों की लंबी वार्ता के बाद आंदोलन खत्म हुआ. इस घेराव में छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो, अजय महतो, अंतोष कुमार, रामप्रसाद समेत अन्य छात्र मौजूद थे. बता दें कि झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन करने की तिथि को बढ़ाकर 26 अगस्त तक कर दिया गया है.

**झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा के सिलेबस व कट ऑफ मार्क्स पर नाराजगी**



## न्यूज अपडेट

### सीपीआर व साइबर क्राइम पर कार्यशाला का आयोजन



**रांची।** डोरंडा स्थित निर्मला कॉलेज में इनर व्हील क्लब ऑफ रांची साउथ की ओर से शुक्रवार को कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) व साइबर क्राइम से सुरक्षा के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस दौरान क्यूरेस्टा अस्पताल में कार्यरत आईसीयू स्पेशलिस्ट डॉ. सना अंजुम हक ने बताया कि अचानक हृदयाघात होने पर कैसे सीपीआर देकर बचाव किया जा सकता है. लाइव डेमो देकर उन्होंने बताया कि यदि किसी को हार्ट अटैक आता है और सांसें रुकने लगती हैं तो मेडिकल सहायता मिलने तक किस प्रकार जान बचाया जा सकता है. वहीं एडवोकेट शालिनी और शिवांगी ने साइबर क्राइम संबंधित जरूरी जानकारी दी. साथ ही बताया कि यदि आप साइबर फ्रॉड के शिकार हो जाएं तो पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करानी चाहिए.

### डीएवी कपिलदेव में जन्माष्टमी पर हुआ कार्यक्रम



**रांची।** डीएवी कपिलदेव स्कूल में शुक्रवार को कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत में शिक्षिका अर्पणा सिंह ने बच्चों को भगवान कृष्ण के बारे में जानकारी दी. इसके बाद कक्षा एक के विराज रंजन ने 'यदा यदा ही धर्मस्य' श्लोक सुनाया. वहीं केजी से कक्षा दो तक के बच्चों ने भगवान कृष्ण के अलग-अलग गीतों पर प्रस्तुति दी. नर्सरी के बच्चों ने भी नृत्य का प्रदर्शन किया. कक्षा दो के वेदांत रूहिया ने सशक्त आवाज में 'रश्मि रथी' से 'कृष्ण की चेतावनी' सुना कर सभी को चौकाया. इस अवसर पर प्राचार्य एम के सिन्हा ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की. सिन्हा ने बच्चों को बताया कि कृष्ण कौन थे और जन्माष्टमी क्यों मनाई जाती है. उन्होंने बच्चों को गीता का पाठ करने की भी सलाह दी और कहा कि हमें हमेशा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए.

### लॉन बॉल स्टेडियम में सेपक टकरा बॉल का वितरण



**रांची।** शुक्रवार को लॉन बॉल स्टेडियम परिसर में सेपक टकरा बॉल का वितरण समारोह किया गया. इस अवसर पर सरला बिरला यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रोफेसर विजय सिंह ने रांची समेत 10 जिलों से आये हुए प्रतिनिधियों और अधिकारियों को बॉल प्रदान किया. इस अवसर पर उपस्थित सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव उदय साहू ने बताया कि शीघ्र ही अन्य जिलों में भी बॉल का वितरण किया जाएगा और साथ ही प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन होगा. इस अवसर पर शैलेन्द्र कुमार, मिथलेश साहू, शिवेंद्र दुबे, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी उपस्थित थे.

### सत्यारी टोली ने नव झारखंड बहूबजार को हराया



**रांची।** 10वीं पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा चैलेंजर फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ. डॉ राम दयाल मुंडा स्टेडियम में खेले गए प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच सत्यारी टोली व नव झारखंड बहूबाजार के बीच खेला गया. निर्धारित समय में मैच 1-1 के बराबरी पर खत्म हुआ. इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में सत्यारी टोली ने नव झारखंड को 6-5 से हराया. मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए सत्यारी टोली के सोहेल तिग्गा को मैन ऑफ द मैच चुना गया. उद्घाटन समारोह में मिथिलेश महतो, जयराम तिर्की, सूरज पांडे, विक्रम कश्यप शामिल थे. दिन का दूसरा मुकाबला मेकॉन स्पोर्ट्स रांची और विश्व सनातन महासंघ दलादिली के बीच खेला गया.

### श्री विनेक्स क्लब दुर्गा पूजा समिति ने किया भूमि पूजन

**रांची ।** श्री विनेक्स क्लब दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को बरियातू हाउसिंग कॉलानी के बिल्लू बाबू चौक पर पूजा पंडाल के लिए भूमि पूजन किया गया. यहां का पूजा पंडाल विगत 53 वर्षों से बहुत चर्चित रहा है. समिति के जितेन्द्र सिंह ने बतलाया कि इस वर्ष आकर्षक और मनोरम दुर्गा उत्सव की प्रस्तुति समिति की ओर से की जायेगी. मौके पर श्री विनेक्स क्लब दुर्गा पूजा समिति के पदधारी व सदस्यों में शार्दुल बहादुर, जितेंद्र सिंह, संजय मिनोचा, राणा रणधीर महेंद्र, कुलदीप राज महेंद्रू, आनन्द, अरविन्द, विक्की, सौरव दास, मुकुल सिन्हा, रौनक सिंह, रंजना जायसवाल, कान्हा, सागर मेहता, वैंकटेश, सनी, अनिल सिन्हा, सुनील सिंह आदि उपस्थित थे.

### रांची में 25 अगस्त से स्टेट हॉकी चैंपियनशिप

**रांची।** डोरंडा स्थित टाटा स्टील के कार्यालय में शुक्रवार को खेल प्रमुख मुकुल चौधरी और कॉरपोरेट कम्युनिकेशन प्रमुख रुणा राजीव कुमार ने मीडिया के साथ इंटरैक्शन किया. मुकुल चौधरी ने बताया कि हॉकी झारखंड के साथ मिलकर रांची में 25 अगस्त से राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता कराने जा रहा है. प्रतियोगिता का समापन खेल दिवस के दिन 29 अगस्त को किया जाएगा. इसमें लगभग 53 टीम भाग लेगी. उन्होंने बताया कि टाटा स्टील हॉकी झारखंड के साथ मिलकर पिछले 7 वर्ष से टाटा स्टील इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है. इसके साथ ही हॉकी के विकास के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं. मुकुल चौधरी ने बताया कि नवल टाटा अकादमी के माध्यम से भी प्रतिभावान खिलाड़ियों का अवसर दिया जा रहा है. बताया कि 5 एक्सीलेंस एकेडमी के साथ 17 खेलों के सेंटर चल रहे हैं.

## ग्रामोत्थान फाउंडेशन स्किल डेवलपमेंट पर कर रहा कार्य



- खेती की नयी तकनीक सिखा कर किसानों को आत्मनिर्भ बना रही है संस्था : गोयल

**संवाददाता। रांची**

एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन का संवाददाता सम्मेलन शुक्रवार को स्टेशन रोड स्थित होटल ग्रीन होराइजन में आयोजित किया गया. फाउंडेशन के चेयरमैन लक्ष्मी नारायण गोयल ने कहा कि एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन ने प्रसार-प्रसार ने अभियान की शुरुआत की. लेकिन इस समय फाउंडेशन की पहल पर हम लोग स्किल डेवलपमेंट में अधिक फोकस कर रहे हैं. एनएसीई की बैठकें चल रही हैं, बच्चों को अच्छी शिक्षा, किसानों को खेती के नये तकनीक के गुर सीखा रहें हैं. इउन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि गिरिडीह के प्रमाडीह गांव जहां सड़के कच्ची, मकान कच्चे, लोग काफी पीछे थे. वहां फाउंडेशन की नजर पड़ी और वहां लोगों को जागरूक करने का कार्य किया, वहां सड़कें पक्की बनवाई, पुल बनवाया गया, आज करीब 4000 पक्के घर बने हैं.

### झारखंड में 7500 विद्यालय एकल के संचालित : उषा

फाउंडेशन की कार्यकारी अध्यक्ष उषा जालान ने कहा कि पूरे झारखंड में फाउंडेशन की ओर से 7500 विद्यालय खोले गये हैं. कश्मीर में भी 12 विद्यालय हैं, वहां स्कूल में मुस्लिम शिक्षक बच्चों को उर्दू में शिक्षा देते हैं. हम अपने विद्यालय बच्चों को शिक्षा, संस्कार, देशभक्ति के गुण सिखाते हैं.

### स्थापना दिवस समारोह कल

फाउंडेशन के ट्रस्टी चंद्रकांत रायपत ने कहा कि हम अपने फाउंडेशन की ओर से अबतक 1.10 लाख गांव में पहुंच कर सुधार कर चुके हैं. एकल रांची चैप्टर का पुनर्गठन कल एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के रांची चैप्टर का पुनर्गठन किया जायेगा. इस पर स्थापना समारोह 25 अगस्त को मोरहाबादी के रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में दिन के 11 बजे आयोजित किया जायेगा. समारोह में केंद्रीय रक्षाराज मंत्री संजय सेठ मुख्य अतिथि होंगे.

### डीएसपीएमयू में संस्कृत सप्ताह-सम्पूर्त्ति-समारोह का आयोजन

## प्रौद्योगिकी वैज्ञानिक भी संस्कृत साहित्य की शरण में : डॉ. पाठक

**संवाददाता। रांची**

सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ. गोपाल पाठक ने कहा कि प्रौद्योगिकी वैज्ञानिक भी अब उसके रहस्य को समझने के लिए संस्कृत साहित्य की शरण में आने लगे हैं. डॉ. पाठक शुक्रवार को डीएसपीएमयू में संस्कृत भारती के तत्वावधान में आयोजित संस्कृत सप्ताह-सम्पूर्त्ति-समारोह में मुख्य अतिथि पद से विचार व्यक्त कर रहे थे.उन्होंने कहा कि संस्कृत में वैज्ञानिक तथ्यों का समावेश है. वर्तमान समय में वैज्ञानिक संस्कृत ग्रंथों का उपयोग कर रहे हैं, ताकि प्रोद्योगिकी का रहस्य समझ सकें. उन्होंने कहा कि अमेरिका के विश्वविद्यालयों में भी संस्कृत के अध्यापन का कार्य चल रहा है. उन विश्वविद्यालयों में संस्कृत के भाषावैज्ञानिक पक्ष पर अनुसंधान कार्य चल रहे हैं. संस्कृत अतीत को वर्तमान से जोड़ते हुए भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है. संस्कृत भारत की आत्मा है. अपने अध्यक्षीय



डीएसपीएमयू में आयोजित संस्कृत सप्ताह संपूर्ति समारोह में मौजूद मुख्य अतिथि तथा गणमान्य लोग, छात्र-छात्राएं.

विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि संस्कृत भाषा मात्र एक भाषा नहीं है, यह हमारी संस्कृति, परंपरा और जीवन दृष्टिकोण का आधार है. यह भाषा उस महान ज्ञान के भंडार को समेटे हुए है जिसे हमारे ऋषियों, मुनियों और दार्शनिकों ने युगों-युगों से सहेजा है.

इस अवसर पर कार्यक्रम की सारस्वत अतिथि सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची की मानविकी संकायाध्यक्ष डा. नीलिमा पाठक ने कहा कि संस्कृत भाषा मात्र एक सभ्यता की सर्वाधिक वैज्ञानिक भाषाओं में से एक है.

विषय प्रवेश कराते हुए डीएसपीएमयू के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय वासुदेव द्विवेदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति को बिना संस्कृत भाषा का ज्ञान प्राप्त किए समझना लगभग असंभव है, क्योंकि वेद, उपनिषद, पुराण और समस्त शास्त्र संस्कृत भाषा में ही रचित हैं. संस्कृत भारती के महानगर अध्यक्ष डा. श्रीप्रकाश सिंह ने संस्कृत सप्ताह के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का प्रतिवेदन सप्ताह के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया.

कार्यक्रम का प्रारम्भ वैदिक मंगलाचरण से हुआ. स्वागत भाषण विभागीय शिक्षिका डॉ. श्रीमित्रा ने किया. स्वागत गीत मनीषा बोदरा ने प्रस्तुत किया. एकल गीत सर्वोत्तमा कुमारी एवं तनु कुमारी ने प्रस्तुत किया. सामूहिक नृत्य सर्जना राठौर और समूह द्वारा किया गया. मंच का संचालन डॉ. शैलेश कुमार मिश्र तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जगदम्बा प्रसाद ने किया.

## श्रीराधाकृष्ण मंदिर का जन्माष्टमी उत्सव कल से

**संवाददाता। रांची**

श्रीराधाकृष्ण मंदिर, कृष्णा नगर कॉलोनी का दो दिनी जन्माष्टमी उत्सव 25 अगस्त से प्रारंभ होगा. पहले दिन सुबह साढ़े सात बजे मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे. दुर्गा जागरण मंडली की ओर से यात्रा के दौरान भक्ति रसधारा बहायी जाएगी. झूला झुलते लड्डू गोपाल की जीवंत झांकी का खूबसूरत नजारा देखते ही बनेगा. यात्रा में शामिल भक्तगण कॉलोनी का भ्रमण कर वापस लौटेंगे. अरुण जसूजा बंटा साहब ने बताया कि सोमवार को जन्माष्टमी का मुख्य समारोह होगा. इसके लिए मंदिर में आकर्षक साज-सज्जा की जा रही है. उन्होंने बताया कि सांझ ढलते मंदिर रंग-बिरंगी लाइटो के साथ झक-झक रौशनी से जगमगा जाएगा. एक ओर जहां श्रृंगार-पूजन की तैयारी चलेगी, वहीं दूसरी ओर वृंदावन से आए रसिक पूरन पागल भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित करेंगे. स्थानीय दुर्गा जागरण मंडली के कलाकार भी भक्ति गीत प्रस्तुत कर सबको झुमाएंगे.

**दे रहे योगदान :** मनोहर लाल जसूजा, रामचंद्र तलेजा, चन्द्रभान तलेजा, नंदकिशोर अरोड़ा, केसर पपनेजा मनोज किंगर, हरीश अरोड़ा, किशोरी पपनेजा , गौरीशंकर मादनपोत्रा, ललित किंगर, चंदन सिडाना, हरीश मनुजा, प्रवीण घई, विशाल अरोड़ा, विकास घई, नरेश खत्री, हरीश नागपाल, नरेश अरोड़ा,मुकेश सिडाना, विजय जसूजा,विनीत अरोड़ा, पंकज गक्कड़,पवन मनुजा, सुनील कटारिया, सुशील गेरा, अनिल मुंजाल, उमंग मनुजा ,रोहित तलेजा, विशाल अरोड़ा, रौनक मिड्ढा,अनिल वाधवा ,कौशल्या देवी, पूनम तलेजा, लाजवंती किंगर, राज देवी, मनुजा शकुंतला देवी, मुंजाल ज्योति अरोड़ा, नीलम अरोड़ा, राधा देवी तलेजा, सिम्मी पपनेजा, बबीता पपनेजा, शशि किंगर, रूबी अरोड़ा, निशा तलेजा, सुनीता, पूजा जसूजा, बरखा घई, कांता देवी अरोड़ा, श्वेता चावला, शालू मिड्ढा, कामना खत्री, संगीता, रश्मि कटपाल, संगीता मादनपोत्रा, ऋचा मिड्ढा, रिया घई, भावना किंगर आदि इसके सफल आयोजन में योगदान दे रहे हैं.

### राजधानी में आज से 27 तक रहेगी जन्माष्टमी की धूम

**रांची ।** अखिल ब्रह्मांड नायक योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव सनातनियों के लिए श्रद्धा, भक्ति और उत्साह की सौगात लेकर आ रहा है. यूं तो पंचांग के अनुसार 26 अगस्त को जन्माष्टमी उत्सव मनाया जाएगा, लेकिन राजधानी में 24 से 27 अगस्त तक इसकी धूम रहेगी. कहीं बाल रूप सज्जा तो कहीं दही-हांडी प्रतियोगिता होगी. शोभायात्रा निकाली जाएगी. स्थानीय सहित बाहर से आए मशहूर कलाकार चौक-चौराहों से लेकर मठ-मंदिरो तक नृत्य-गीत से भक्ति रंग जमाएंगे. आकर्षक पुष्प और विद्युत सज्जा के क्या कहने. दुल्हन की तरह सजा-संवरा आयोजन स्थल सब के मन भाएगा. लेजर शो का मनमोहक नजारा देखते ही बनेगा. सोमवार को तो व्रत-उपवास कर आधी रात तक भक्तगण अपने इष्ट की भक्ति में रमे रहेंगे. रात के ठीक 12 बजेते ही वातावरण घंट-धड़ियाल, शंख ध्वनी और जयकारो से गुंजायमान हो जाएगा. श्रद्धालु सुस्वागतम कृष्णा सुस्वागतम कृष्णा ... की सुमधुर स्वरलरियों से बालगोपाल का स्वागत करेंगे. झूला झुला कर नंदोत्सव मनाएंगे. मिश्री-मिष्टान बंटेगा. 27 अगस्त को भी उत्सव मनाया जाएगा. जगह-जगह कृष्ण भक्ति के विविध कार्यक्रम होंगे.

**कोशिश स्पेशल स्कूल में मना जन्माष्टमी महोत्सव :** रांची। अरगोड़ा स्थित कोशिश स्पेशल स्कूल में शुक्रवार को कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में स्कूल के बौद्धिक दिव्यांग बच्चे राधा-कृष्ण बनकर कार्यक्रम में शामिल हुए. राधा-कृष्ण के अवतार में बच्चों ने सबका मन मोह लिया.

### बाल गोपाल व बाल राधा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आज

**रांची ।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची जिला का श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव शनिवार को बाल गोपाल और बाल राधा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता से प्रारंभ हो जाएगा. गीतांजलि बैंकवेट हॉल, मोरहाबादी मैदान में इसका खास आयोजन किया जा रहा है. दिन के तीन बजे से निबंधन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. इसके बाद मुख्य संरक्षक सह गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, समिति के अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ इसका उद्घाटन करेंगे. फिर दो ग्रुप में प्रतियोगिता होगी. पहला छह माह से पांच और दूसरा छह से 12 साल के बच्चों के बीच. आयोजन स्थल पर आकर्षक साज-सज्जा की जा रही है. उन्होंने बताया कि मुख्य समारोह रविवार को होगा. इसमें सीएम हेमंत सोरेन बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेंगे. विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार बांटेंगे.

**लुभायेगा एक लाख का पुरस्कार**

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी गोविंदा टीम को समिति का आकर्षक पुरस्कार लुभाएगा. इस बार विजयी गोविंदा टीम को एक लाख एक हजार का प्रथम, द्वितीय 41 हजार और तृतीय 21 हज़ार रुपये नगद के साथ ट्रॉफी से नवाजा जाएगा. महिला गोविंदा के लिए प्रथम 55 हजार, द्वितीय 31 हजार और तृतीय पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपये की नगद राशि के साथ ट्रॉफी दी जायेगी.

## महिला राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता एकल वर्ग में लक्ष्मी बने विजेता



**खेल संवाददाता। रांची**

ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में झारखंड टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित महिला राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ. खेलगांव स्थित टेनिस स्टेडियम खेले जा रहे इस प्रतियोगिता में कुल 2.5 लाख रुपये पुरस्कार राशि के तौर पर खिलाड़ियों के बीच बांटी गई. एकल वर्ग के फाइनल में रोमांचक तरीके से तमिलनाडु की लक्ष्मी पी अरुणकुमार ने हरियाणा की अदिति रावत को 6/2, 3/6, 6/1 से हरा कर एकल वर्ग के विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया. भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने विजेता और फाइनलिस्ट को ट्रॉफी एवं पुरस्कार राशि देकर पुरस्कृत किया. लक्ष्मी पी अरुणकुमार को 31 हजार और अदिति रावत को 21 हजार की राशि दी गई.

**डबल्स में विधि निमेश जैन एवं दिव्य भारद्वाज ने जीता ख़िताब :** विधि निमेश जैन एवं दिव्य भारद्वाज (गुजरात) की जोड़ी ने डबल्स के मुकाबले का खिताब अपने नाम किया. इन्होंने अदिति और स्निग्ध पतिबंदला की जोड़ी को 6/4, 6/4 से सीधे सेटों में हराया. झारखंड टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह एवं झारखंड राबी फुटबॉल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने विजेता एवं फाइनलिस्ट को ट्रॉफी दे कर सम्मानित किया. डबल्स के विजेता को 116500 और फाइनलिस्ट को 19500 पुरस्कार राशि दी गई. झारखंड टेनिस एसोसिएशन के महासचिव विकास हिरानी ने झारखंड सरकार को उसके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया. साथ ही उन्होंने जेएसएसपीएस को भी आभार दिया.

**नेहरू कप** जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आज

## अंडर 17 बालिका वर्ग में रांची और सिमडेगा फाइनल में

**खेल संवाददाता। रांची**

रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम और बरियातू बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित राज्यस्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर 17 बालिका वर्ग में रांची और सिमडेगा ने फाइनल में प्रवेश किया. प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा.

शुक्रवार को अंडर 17 बालिका वर्ग मुकाबला खेला गया. जिसमें रांची ने खूंटी को 5-0 से और सिमडेगा ने हजारीबाग को 7-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश



किया. इससे पहले अंडर 17 बालिका वर्ग में खूंटी बनाम गढ़वा के बीच हुए मुकाबले में खूंटी ने गढ़वा को 10-0 से पराजित किया. सिमडेगा बनाम गुमला के बीच हुए बालिका वर्ग मुकाबले में सिमडेगा ने गुमला को 1-0 से हरा दिया. रांची बनाम बोकारो के बीच हुए मुकाबले में रांची ने बोकारो को 13-0 के बड़े अंतर से पराजित किया. हजारीबाग और गिरिडीह के बीच खेले गए मुकाबले में हजारीबाग ने गिरिडीह को 8-0 से मात दी.

**अंडर 17 बालक वर्ग के मुकाबलों के परिणाम**

- बोकारो बनाम हजारीबाग के बीच हुए मुकाबले में बोकारो ने हजारीबाग को 3-2 से पराजित किया.
- रामगढ़ बनाम लोहरदगा के बीच हुए मुकाबले में रामगढ़ ने लोहरदगा को 1-0 से दी शिकस्त
- सिमडेगा बनाम लोहरदगा के बीच हुए मुकाबले में सिमडेगा ने लोहरदगा को 5-0 से पराजित किया
- खूंटी बनाम गुमला के बीच हुए मुकाबले में खूंटी ने गुमला को 4-3 से पराजित किया
- रांची बनाम बोकारो के बीच हुए मुकाबले में रांची ने बोकारो को 3-2 से पराजित किया

**अंडर 15 बालक वर्ग मुकाबलों के परिणाम**

- रांची बनाम लोहरदगा के बीच हुए मुकाबले में रांची ने लोहरदगा को 2-0 से दी शिकस्त
- हजारीबाग बनाम पश्चिमी सिंहभूम के बीच हुए मुकाबले में हजारीबाग ने पश्चिमी सिंहभूम को 6-0 से दी शिकस्त
- सिमडेगा बनाम रामगढ़ के बीच हुए मुकाबले में सिमडेगा ने रामगढ़ को 9-0 से पराजित किया
- चतरा बनाम बोकारो के बीच हुए मुकाबले में बोकारो ने 1-0 से चतरा को पराजित किया
- खूंटी बनाम हजारीबाग के बीच हुए मुकाबले में खूंटी ने हजारीबाग को 5-1 से पराजित किया

### खेलो इंडिया अस्मिता वेस्ट जोन वीमेंस वुशु लीग का अंतिम दौर आज से

## 60 सदस्यीय झारखंड की टीम लेगी हिस्सा

**संवाददाता। रांची**

खेलो इंडिया वीमेंस वुशु लीग का चौथा और अंतिम दौर शनिवार से शुरु होगा. इस प्रतियोगिता में झारखंड की 60 सदस्यी टीम हिस्सा लेगी. मेरठ में होने वाली इस प्रतियोगिता में वेस्ट जोन के विभिन्न राज्यों राजस्थान, महाराष्ट्र, गोवा, छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्यप्रदेश, झारखंड और मेजबान उत्तरप्रदेश के लगभग 700 खिलाड़ी और अधिकारी भाग लें रहे हैं.

वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट जितेंद्र सिंह बाजवा ने बताया कि पूरे भारत मे वुशु के विकास के लिए वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया संकल्पित है और हमारे खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर अपने आप को और हमारे प्रयासों को स्थापित किया है. बाजवा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 7.20 लाख की राशि कैश अवार्ड के रूप में दी जाएगी.

**झारखंड दल, जिसमें सब जूनियर, जूनियर और सीनियर हर वर्ग के खिलाडी हैं :** संगीता उरांव, आस्था कुमारी, पूनम उरांव, प्रिया कुमारी, रंगोंवाती कुमारी, माला कुमारी, मनीषा कुमारी, उर्मिला कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सुनयना कुमारी, लक्ष्मी टोप्पो, अंजलि उरांव, दिव्या सोय, सुको उरांव, शिल्पा कुमारी, सुमति कुमारी, रिया यादव, संगीता उरांव, पूजा कुमारी, मनीषा कुमारी, गरिमा किसपोट्टा, अनिशा पासवान, ममता कुमारी, दिव्या कुमारी, भूमिका टिग्गा, शीतल कुमारी, प्राची कुमारी, निशि उरांव, प्रियंका कुमारी, रमिया टोपो, ख़ुशी कुमारी, रानी कुमारी, अनीता कुमारी, नेहा कुमारी, सुलोचना कुमारी, शिल्पी कुमारी, मनीषा कुमारी, निशा कुमारी, सुप्रिया कुमारी, बासौकी कुमारी, सुमन सुरभि उरांव, अर्चना कच्छप, आराधना रानी उरांव, शोभा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, उषा कुमारी, फूल कुमारी, रौशनी कुमारी, प्रीति कुमारी, पंचमी कुमारी. टीम कोच :वाहिद अली, विमला टोप्पो. टीम मैनेजर : इंद्रशीष रॉय, जितेन कुमार.

# राजनीति के अंतरविरोध

हिंदी के प्रसिद्ध कवि मुक्तिबोध की एक पंक्ति है, तुम्हारी पॉलिटिक्स क्या है पार्टनर. राजनीति शब्द को यूनानी दार्शनिकों ने नैतिक मूल्यों के साथ जोड़ कर व्यापक फलक प्रदान किया था, लेकिन बदलते आर्थिक सरोकारों ने सबसे ज्यादा नुकसान राजनीति शब्द के जन्मगत मूल्यों को ही पहुंचाया है. मुक्तिबोध का सवाल एक नैतिकविहीनता से ग्रस्त राजनीति का प्रतीक है. भारतीय राजनीति जिन संकटों से गुजर रही है, उसमें मूल्यों के साथ-साथ व्यक्तियों की साख में हो रही गिरावट चिंताजनक है. चुनावों का मौसम आते ही जिस तरह की राजनीति पूरे देश में दिखती है, उस पर व्यापक बहस की जरूरत है. आमतौर पर विचारात्मक संघर्ष की बात तो की जाती है, लेकिन जब आर्थिक नीतियों का संदर्भ आता है तो विचारों की एकरूपता लोकतंत्र की विविधता विहीनता और विकल्प हीनता की ओर संकेत करता है. यही कारण है कि दलबदल हो या फिर सत्ता में चेहरों के बदलने के बावजूद समाज का चेहरा नहीं बदलता है. यह एक वैश्विक संकट है. धुर दक्षिणपंथ के इस दौर में नवउदारवादी आर्थिक नीतियों का बोलबाला किस तरह का संकट खड़ा कर रहा है, यह भारत में भी देखा जा सकता है. बढ़ती आर्थिक असमानता और बेरोजगारी इसी के लक्षण हैं. सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्या इन समस्याओं का हल किन्हीं राजनीतिक दलों के पास है तो वे इसका खाका जनता के समक्ष क्यों नहीं पेश करते. पूंजीवाद समर्थक अर्थशास्त्री भी इन दिनों भारी चिंता में हैं, क्योंकि पूंजीवाद की दीवार पहले की तरह मजबूत नहीं दिख रही है. उसमें दरार दिखने लगी है. मतदाताओं ने हर बार अपनी आकांक्षाओं को वोट के माध्यम से व्यक्त किया है. बावजूद इसके उन आकांक्षाओं को समझने या जमीन पर उतारने की तत्परता नहीं दिखती. राहत पहुंचाने वाले कार्यक्रमों से न तो आर्थिक असमानता कम होगी और न ही रोजगार का स्थायी हल निकल सकेगा. रांची में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने युवा आक्रोश रैली के माध्यम से युवाओं की इन्हीं समस्याओं को रेखांकित किया है. इस रैली पर पुलिस ने अश्रुगैस और लाठी चार्ज का प्रयोग किया. किसी भी लोकतांत्रिक विरोध करनेवालों के खिलाफ पुलिस हिंसा जायज नहीं कही जा सकती. जरूरत इस बात की है कि युवाओं के आक्रोश को व्यापक संदर्भ में समझा जाये. साथ ही यह भी समझने का विषय है कि क्या सरकार बदल जाने मात्र से बेरोजगारी की समस्या हल हो जाएगी. तय है यह संभव नहीं है. राजनीतिक दलों की नीतियां बनाने वाले भी इस बात को जानते हैं. युवा आक्रोश सत्ता तक पहुंचाने का कारक तो बन जाता है, लेकिन समस्या के हल के बंद दरवाजे को नहीं खोल पाता है. दुनिया के कुछ अर्थशास्त्री बार बार नवउदारवादी आर्थिक नीतियों की सीमा बता रहे हैं, लेकिन शासक वर्ग अपनी नीतियों में व्यापक बदलाव के लिए सोचने को तैयार नहीं है. जरूरत इस बात की है कि लोकतंत्र और विकास की तेज गति के बजाय लोकतंत्र और समावेशी विकास-भागीदारी के विमर्श को राजनीति का केंद्र बनाया जाए. यह इसलिए भी जरूरी है कि कोई देश युवा असंतोष के बीच विकसित बनने का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता. जरूरत इस बात की है कि सभी राजनीतिक दलों को समस्याएं हल करने की दिशा में आपसी संवाद को बढ़ावा देना चाहिए और चुनावी प्रतिस्पर्धा के बने रहने के बावजूद ठोस हल की दिशा में न केवल ब्लूप्रिंट पेश करना चाहिए, बल्कि आर्थिक नीतियों को नयी दिशा, नया विचार और नया आवेग देने के लिए साझापन दिखाना चाहिए.

> रांची में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने युवा आक्रोश रैली के माध्यम से युवाओं की इन्हीं समस्याओं को रेखांकित किया है. इस रैली पर पुलिस ने रांची में अश्रुगैस और लाठी चार्ज का प्रयोग किया.

## सुभाषित

**आशा नाम मनुष्याणाम् काचिदाश्चर्यश्रृंखला ।**
**यया बद्धाः प्रधावन्ति मुक्तास्तिष्ठन्तिपङ्गुवत् ॥**

आशा नामक एक विचित्र और आश्चर्यकारक श्रृंखला है. इससे जो बंधे हुए हैं, वे इधर-उधर भागते रहते हैं तथा इससे जो मुक्त हैं, वे पंगु की तरह शांत चित्त से एक ही निर्धारित जगह पर खड़े रहते हैं. ऐसी स्थिति में आशा ही तो है, जो मनुष्य को सक्रिय तो रखता है.

# ओल्ड गार्ड से झामुमो की मुक्ति का वक्त

**बकौल चम्पाई बीच के छह दिन उनके तिरस्कार के थे. इसके बावजूद उन्होंने मंत्री पद ज्वाइन किया. इस बीच उनको झामुमो से निष्कासित और विधायकी छिने लोबिन हेम्ब्रम का साथ मिला. 17 अगस्त को चम्पाई के सरकारी आवास पर लोबिन से लंबी गूफ्तगू हुई. उसी दिन चम्पाई बरास्ता अपने गांव जिलिंगगोड़ा, कोलकाता चले गये. अगली सुबह वे दिल्ली में थे. इस बीच हवा उड़ी कि वे भाजपा ज्वाइन करेंगे. 04 जुलाई के बाद से ही भाजपा उनके गुणगान में लगी हुई थी.**



• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

कोल्हान टाइगर कहे जाने वाले झारखंड के जल संसाधन व उच्च शिक्षा मंत्री, 02 फरवरी-03 जुलाई के बीच के मुख्यमंत्री और झामुमो उपाध्यक्ष 67 वर्षीय चम्पाई सोरेन ने चार-पांच दिनों के सस्पेंस के बाद अपने पत्ते खोल दिये हैं. उन्होंने अलग दल बनाने और मौका लगने पर किसी साथी संग नया भविष्य गढ़ने का ऐलान 21 अगस्त को कर दिया. उनका यह ऐलान अंजाम पा जाए तो झामुमो के लिए ओल्ड गार्ड से मुक्ति का यह सही समय होगा. झामुमो 50 साल तक शिबू सोरेन की छत्रछाया में परवान चढ़ता रहा. शिबू बुढ़ापा और बीमारियों से परेशान हैं, जबकि चम्पाई ने अलग रास्ता अपनाने की घोषणा कर दी है. ऐसे में हेमंत सोरेन पर अब सारी जवाबदेही आ गई है. दो संसदीय और 14 विधानसभा सीटों वाले तीन जिलों के कोल्हान में 29 साल से चम्पाई झामुमो के सच्चे सिपाही बने रहे. निर्मल महतो, देवेंद्र मांझी के बाद कोल्हान में शिबू सोरेन के वे सिपहसालार बन गये. वही चम्पाई अब बगावत पर आमादा हैं. सरायकेला विधानसभा क्षेत्र में मामूली अंतर से जीत दर्ज करते रहे चम्पाई कितनी बड़ी शख्सियत बन पाएंगे, यह कुछ ही महीनों में होनेवाले चुनाव में पता चल जाएगा. असल सवाल यह है कि वे झामुमो को कितना नुकसान पहुंचा पाएंगे? कभी कोल्हान क्षेत्र में शिबू के पक्के साथी रहे कृष्णा मार्डी हों कि झामुमो में नंबर दो की हैसियत वाले सूरज मंडल, अपना-अपना दल बनाकर राजनीति की धारा में टिक नहीं सके. ऐसे ही, जो नेता झामुमो से अलग हुए, उनमें अर्जुन मुंडा, विद्युत वरण महतो और कुछ हद तक शैलेंद्र महतो ही अपनी पहचान बना पाए, बाकी या तो हाशिये पर चले गये या उनको झामुमो के शरणागत होना पड़ा. एक मामले में 31 जनवरी को झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ईडी द्वारा गिरफ्तारी के बाद चम्पाई मुख्यमंत्री बनाये गये थे. 28 जून को हेमंत को बेल मिली और 04 जुलाई को वे दोबारा मुख्यमंत्री बनाये गये. क्या उनको चम्पाई पर कुछ शक हुआ था? बकौल चम्पाई बीच के छह दिन उनके तिरस्कार के थे. इसके बावजूद उन्होंने मंत्री पद ज्वाइन किया. इस बीच उनको झामुमो से निष्कासित और विधायकी छिने लोबिन हेम्ब्रम का साथ मिला. 17 अगस्त को चम्पाई के सरकारी आवास पर लोबिन से लंबी गूफ्तगू हुई. उसी दिन चम्पाई बरास्ता अपने गांव जिलिंगगोड़ा, कोलकाता चले गये. अगली सुबह वे दिल्ली में थे. इस बीच हवा उड़ी कि वे भाजपा ज्वाइन करेंगे. 04 जुलाई के बाद से ही भाजपा उनके गुणगान में लगी हुई थी. यहां तक कि अपने तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास की परवाह किये बिना यह भी कहा कि 24 वर्षों में चम्पाई का पांच महीने का कार्यकाल बेहतर रहा. इसलिए यह कयासबाजी गलत नहीं थी कि चम्पाई भाजपा की संगति गह रहे हैं. 18 अगस्त को दिल्ली पहुंचते ही उन्होंने एक्स हैंडल पर लंबा भावनात्मक पोस्ट डाला, जिसमें अपने तिरस्कार सहित कई बातें लिखी. यह भी लिखा कि उनके सामने तीन ही विकल्प हैं, राजनीति से संन्यास लेना, अलग संगठन बनाना या किसी अच्छे साथी के साथ हो लेना. 20 की रात वाया कोलकाता वे जिलिंगगोड़ा लौटे और अगले दिन नया संगठन बनाने का ऐलान कर यह संकेत भी दिया कि किसी साथी का साथ गहेंगे. जाहिरा तौर पर वह साथी भाजपा ही हो सकती है. इसी कारण उनको झारखंड का जीतनराम मांझी कहा जा रहा है लेकिन वे कितने प्रभावी होंगे, यह वक्त बतायेगा.

इतिहास पर एक नजर. जनता दल से निकलकर राजद, जदयू, लोजपा, रालोसमो, हम जैसे दल बने. इन सभी के नेताओं का अपना-अपना सामाजिक-जातीय आधार है. जिसका जितना बड़ा आधार, वह उतनी मजबूती से खड़ा हुआ. उत्तरप्रदेश के बसपा, रालोद, अपना दल, सुभासपा, राष्ट्रीय निषाद पार्टी आदि के साथ भी यही फार्मूला लागू हुआ. झारखंड का सामाजिक-जातीय आधार झामुमो, कांग्रेस और भाजपा से विलग अन्य के लिए मुफीद नहीं लगता. थोड़ा आधार आजसू का भी है, जिस पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा झपट्टा मारने को तत्पर है. बाबूलाल मरांडी जैसे राजनेता को 14 वर्षों के संघर्ष के बाद थक-हारकर भाजपा में वापस होना पड़ा. सरयू राय को अंततः जदयू में आश्रय तलाशना पड़ा. यहां मुख्य सवाल पांच संसदीय और 28 एसटी विधानसभा सीटें हैं. हालिया लोकसभा चुनाव में भाजपा पांचों एसटी सीटें हार गई, जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में वह केवल दो एसटी सीटें पा सकी थी. ऐसे में चम्पाई बिना भाजपा में शामिल कराये उसका तुरूप का पत्ता हो सकते हैं. पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा कोल्हान की सभी 14 विधानसभा सीटें गंवा चुकी थी, जिनमें नौ एसटी सीटें भी हैं. उस इलाके में भाजपा को एक संताल क्षत्रप की बेसाख्ता जरूरत है, जो थोड़ा-बहुत ही सही संतालपरगना की कुल जमा 18 में से सात एसटी सीटों पर भी असर डाल सके. बड़े दल अपनी सुविधानुसार पिछलग्गू क्षेत्रीय क्षत्रप तैयार करते रहे हैं. भाजपा इसमें माहिर है. वह अपने सामाजिक आधार के अलावा हिंदुत्व का कार्ड जहां नहीं चला पाती, वहां ऐसा खेल खेलने में नहीं चूकती. चूकना भी नहीं चाहिए. हेमंत के सरना धर्म कोड और '32 की खतियान आधारित स्थानीयता नीति का काट ऐसी ही 'संरचनाएं' हो सकती हैं, जो खुद चाहे न पनप सकें, लेकिन अगले को मुरझा सकें. शिबू सोरेन के रहते हेमंत ने खुद को स्थापित किया, लेकिन सवाल यह है कि ओल्ड गार्ड से छुटकारा पाकर भी क्या वे अपनी मजबूती बनाये रखेंगे? यूं, शिबू का चेहरा अभी उनके पास है ही. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## मनुष्य और नैतिकता

आज चारों ओर झूठ, कपट, भ्रष्टता का माहौल है, नैतिक बने रहना मूर्खता का पर्याय माना जाता है और अक्सर परिहास का कारण बनता है. आश्चर्य तो यह है नैतिक जीवन मूल्यों की चाहत सभी को है, किन्तु इन्हें जीवन में उतार नहीं पाते!! आज मूल्यों को अनुपयोगी मानते हुए भी सभी को अपने आस पास मित्र सम्बंधी तो सर्वांग नैतिक और मूल्य निष्ठ चाहिए. चाहे स्वयं से मूल्य निष्ठा निभे या न निभे!! हम कैसे भी हों, किन्तु हमारे आस पास की दुनिया तो हमें शान्त और सुखद ही चाहिए. यह कैसा विरोधाभास है? कर्तव्य तो मित्र निभाए और अधिकार हम भोगें. बलिदान पडौसी दे और लाभ हमे प्राप्त हो. सभी अनजाने ही इस स्वार्थ से ग्रस्त हो जाते है. सभी अपने आस पास सुखद वातावरण चाहते है, किन्तु सुखद वातावरण का परिणाम नहीं आता. हमें चिंतन करना पडेगा कि सुख शान्ति और प्रमोद भरा वातावरण हमें तभी प्राप्त हो सकता है जब नैतिकताओं की महानता पर हमारी स्वयं की दृढ़ आस्था हो, अविचलित धारणा हो, हमारे पुरूषार्थ का भी योगदान हो. कोई भी नैतिक आचरणों का निरादर न करे, उनकी ज्वलंत आवश्यकता प्रतिपादित करे तभी नैतिक जीवन मूल्यों की प्रासंगिकता स्थायी रह सकती है. यदि आज के दौर में उनकी प्रासंगिता त्वरित लाभकारी दृष्टिगोचर नहीं होती, तो फिर क्या आज उनकी कोई सार्थकता नहीं रह गयी है. क्या हमें इन मूल्यों का समूल रूप से परित्याग करके समय की आवश्यकता के अनुरूप सुविधाभोगी जीवन मूल्य अपना लेने चाहिए? आज सेवा, त्याग, उपकार, निष्ठा, नैतिकता का स्थान स्वार्थ, परिग्रह, कपट, ईर्ष्या, लोभ-लिप्सा आदि ने ले लिया और यही सफलता के उपाय बन कर रह गए है. विचारधारा के स्वार्थमय परिवर्तन से मानवीय मूल्यों के प्रति विश्वास और आस्था में कमी आई है. आज की सर्वाधिक ज्वलंत समस्या नैतिक मूल्य संकट ही हैं. वैज्ञानिक प्रगति, प्रौद्योगिक विकास, अर्थ प्रधानता के कारण, उस पर अनेक प्रश्न-चिह्न खड़े हो गए. हर व्यक्ति कुंठा, अवसाद और हताशा में जीने के लिए विवश हो रहा है. इसके लिए हमें अपना चिंतन बदलना होगा, पुराने किंतु उन शाश्वत जीवन मूल्यों को जीवन में फिर से स्थापित करना होगा. आज चारों और अंधेरा घिर चुका है तो इसका अर्थ यह नहीं कि उसमें हम बस कुछ और तिमिर का योगदान करें! जीवन मूल्यों पर चलकर ही किसी भी व्यक्ति, परिवार, समाज एवं देश के चरित्र का निर्माण होता है.

# आदिवासियों के सशक्तीकरण की जरूरत

• आदिवासी

दिनकर कपूर

21 अगस्त को पूरे देश में दलित संगठनों ने भारत बंद किया. यह विरोध प्रदर्शन सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 अगस्त को अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति में उप वर्गीकरण करने के राज्य सरकारों को दिए अधिकार संबंधी आदेश की पृष्ठभूमि में हो रहा है. दलित संगठनों का कहना है कि दलितों में उप वर्गीकरण और क्रिमी लेयर का प्रस्ताव उनके आरक्षण को भविष्य में खत्म कर देगा. वैसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश में क्रीमी लेयर की बात नहीं है यह सात सदस्यीय खंडपीठ के न्यायाधीश बीआर गवई का मत था, जिसका कई जजों ने समर्थन किया है. लेकिन यह जजमेंट के ऑपरेटिव पार्ट में शामिल नहीं किया गया है. जहां तक उप वर्गीकरण की बात है सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जातीय समूहों के पिछड़ेपन का डाटा उपलब्ध होने पर ही इसे लागू किया जाना चाहिए. इसने नौकरी के कालम को भी शामिल करते हुए सामाजिक आर्थिक जातीय जनगणना कराने की मांग को बल प्रदान किया है. यदि सुप्रीम कोर्ट सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना का भी आदेश देता और उसके आधार पर उप वर्गीकरण की बात करता तो शायद ज्यादा बेहतर होता. बहरहाल अभी स्थिति यह है कि देश में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के तमाम पद खाली रह जा रहे हैं. विशेष कर उच्च श्रेणी की नौकरियों में तो यह स्थिति और भी भयावह है. दरअसल यदि हम आंकड़ों की रोशनी में देखें तो हम यह पाएंगे कि देश में 4.42 करोड़ परिवार अनुसूचित जाति के हैं. जिसमें से 3.95 दलित परिवारों के पास नौकरी है, जिसमें से 0.93 प्रतिशत परिवार राजकीय नौकरी में है और 2.47 प्रतिशत परिवार निजी क्षेत्र का रोजगार करते हैं. 83 प्रतिशत दलित परिवार 5000 से कम आमदनी पर अपनी आजीविका चलाते हैं. 11.74 प्रतिशत परिवार 5000 से 10000 के बीच में अपनी जीविका को चलते हैं. 4.67 प्रतिशत परिवार 10000 से ज्यादा कमाते हैं और 3.50 प्रतिशत परिवार ही 50000 से ज्यादा की आमदनी पर अपनी जीविका चलाते हैं. यदि हम देखें तो दलित परिवारों में 42 प्रतिशत भूमिहीन और आदिवासियों में 35.30 प्रतिशत भूमिहीन परिवार हैं. 94 प्रतिशत दलित और 92 प्रतिशत आदिवासी मजदूरी और अन्य देशों से अपनी जीविका चलाते हैं. दलित परिवारों के पास 18.5 प्रतिशत असिंचित, 17.41 प्रतिशत सिंचित और 6.98 प्रतिशत अन्य भूमि है. दलितों में 23 प्रतिशत अच्छे मकान में, 2 प्रतिशत रहने योग्य मकान में, 12 प्रतिशत जीर्ण शीर्ण मकान में और 24 प्रतिशत घास फूस, पॉलीथिन और मिट्टी के मकान में रहते हैं. अगर हम अनुसूचित जाति और जनजाति के बजट पर गौर करें तो वर्ष 2024-25 का केंद्रीय बजट 48 लाख 20 हजार 512 करोड़ रुपए का है. जिसमें से 165493 करोड़ रुपया यानी 3.43 प्रतिशत अनुसूचित जाति के लिए और 132214 करोड़ रुपए यानी 2.74 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के विकास के लिए आवंटित किया गया है. अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण के नाम पर जो योजनाएं लागू की जा रही हैं, उसमें भी सरकार कारपोरेट जगत का ही हित ही पूरा कर रही है. अनुसूचित जाति व जनजाति के कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं में दूरसंचार, सेमीकंडक्टर, लार्ज स्केल इंडस्ट्रीज, परिवहन उद्योग, उर्वरक आयात, रासायनिक उत्पादन आदि को भी घुसा दिया गया है. यदि आप देखे तो वर्ष 2023-24 और 2024-25 के वित्तीय वर्षों में सफाई कर्मियों के स्वरोजगार और पुनर्वास के लिए मोदी सरकार ने कोई बजट आवंटित नहीं किया. 2024-25 के लिए राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त और विकास निगम जो भारत में सफाई कर्मचारियों को ऋण प्रदान करने और वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है, को केवल एक लाख रुपये की अत्यंत कम राशि आवंटित की गई है. समाज की सबसे कमजोर इन जातियों के वेलफेयर के लिए 2022-23 में 70 करोड़ रुपए का बजट था, जिसमें केवल 11 करोड़ रुपए खर्च हुए और लगभग 58.5 करोड़ रुपए लैप्स हो गये. यदि हम आदिवासियों की हालात देखें और भी ज्यादा बुरी है. आदिवासी देश की जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत है. इनकी आबादी 10 करोड़ के लगभग है. इनकी 52 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे रहती है. 54 प्रतिशत आबादी के पास संचार और परिवहन की सुविधा नहीं है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> बहरहाल अभी स्थिति यह है कि देश में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के तमाम पद खाली रह जा रहे हैं. विशेष कर उच्च श्रेणी की नौकरियों में तो यह स्थिति और भी भयावह है. दरअसल यदि हम आंकड़ों की रोशनी में देखें तो हम यह पाएंगे कि देश में 4.42 करोड़ परिवार अनुसूचित जाति के हैं.

# घातक है असामाजिक व्यक्तित्व विकार

• मनोविज्ञान

रेनू गहलोत रॉय

कहा जाता है कि 'भाग्य से बेटों का जन्म होता है और सौभाग्य से बेटियों का.' किंतु आज वही माता-पिता अपने सौभाग्य को कोस रहे हैं, जिन्होंने बेटियों को जन्म दिया है. आज उनकी स्थिति ऐसी बनी हुई है कि वे भयभीत रहने लगे हैं. दूर देश में पढ़ाई करने वाली, नौकरी करने वाली बेटियों से कहते हैं 'घर आजा बेटा, नहीं चाहिए तेरी नौकरी, तू पास रहेगी, यही बहुत है. हम तो चैन की सांस ले पाएंगे... तेरे पास रहने से. दिल दहला देने वाली हाल फिलहाल में हुई आरजी कर मेडिकल कॉलेज कोलकाता में हुई घटना ने हर माता-पिता को भयभीत बना दिया है. उनकी स्थिति बहुत ही चिंताजनक हो गई है. साथ ही लोगों की सोच यहां तक हो गई है कि जिन्होंने लड़के पैदा किए हैं, जिनके घर में बेटे हैं, जिनके घर में बेटियां नहीं है, वे निश्चित हैं. उन्हें किसी का खौफ नहीं. किसी प्रकार का भय नहीं. यह कैसा लोगों के मन का विज्ञान है! कैसे सोच सकता है व्यक्ति ऐसा? जिस देश में स्त्री और पुरुष, बेटा और बेटी को एक समान अधिकार प्रदान किया गया है, कंधे से कंधा मिलाकर चलने का अधिकार दिया गया है, वहां आज हर बेटी के मां-बाप इतना भयभीत क्यों हैं? आज स्त्री के वजूद के चलते ही सृष्टि का निर्माण है. स्त्री एक मां, पत्नी, बेटी, बहन बनकर अपनी भूमिका में कहीं कोई खोट आने नहीं देती, वही स्त्री जब एक पुत्र को जन्म देती है और वही पुत्र बड़ा होकर ऐसे घिनौने कार्य को अंजाम देता है तो संदेह होने लगता है कि किस मां ने इसका पालन पोषण किया होगा, जो यह व्यक्ति असामाजिक व्यक्तित्व का है? जितने भी अपराध कृत्य बलात्कार, हत्या ऐसा कोई सामान्य व्यक्ति नहीं कर सकता. वह मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति ही ऐसे कार्य को अंजाम दे सकता है. एएसपीडी व्यक्तित्व ही ऐसे कृत्य कर सकता है. असामाजिक व्यक्तित्व विकार इस नाम से भी जाना जाता है. यह मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा डिसऑर्डर है, जिसमें व्यक्ति दूसरों का अनादर करता है. इससे पीड़ित लोगों में बचपन से ही लक्षण दिखने शुरू हो सकते हैं, हालांकि इस बीमारी की पहचान किशोरावस्था या वयस्क होने पर ही हो सकती है. असामाजिक व्यक्तित्व विकार यानी एंटीसोशल पर्सनालिटी डिसऑर्डर एक विशेष रूप से चुनौती पूर्ण प्रकार का व्यक्तित्व विकार है, जिसमें उत्तेजक, गैर जिम्मेदार और आमतौर पर आपराधिक व्यवहार जैसे लक्षण होते हैं. व्यक्तित्व विकार के लक्षण सही और गलत की अनदेखी करना, दूसरों से फायदा उठाने के लिए झूठ बोलना, दूसरों के प्रति संवेदनशील या सम्मानपूर्ण न होना, व्यक्तिगत लाभ या आनंद के लिए, दूसरों को प्रभावित करने के लिए आकर्षण या बुद्धि का प्रयोग करना तथा अत्यधिक हठधर्मी होना आपराधिक व्यवहार सहित कानून से संबंधित समस्याएं होना, दूसरों के प्रति शत्रुतापूर्ण, आक्रामक, हिंसक या धमकी भरा व्यवहार करना, दूसरों को नुकसान पहुंचाने पर कोई अपराध बोध महसूस न करना, स्वयं या दूसरों की सुरक्षा की परवाह किए बिना खतरनाक कार्य करना, गैर-जिम्मेदार होना. असामाजिक व्यक्तित्व विकार वाले वयस्कों में आमतौर पर 15 वर्ष की आयु से पहले आचरण विकार के लक्षण दिखाई देते हैं. आचरण विकार के लक्षणों में गंभीर, निरंतर व्यवहार संबंधी समस्याएं शामिल हैं, जैसे लोगों और जानवरों के प्रति आक्रामकता, संपत्ति का विनाश, झूठ बोलना और बेईमानी करना, चोरी करना, नियमों का गंभीर उल्लंघन. असामाजिक व्यक्तित्व विकार का सटीक कारण ज्ञात नहीं है, लेकिन जीन आपको असामाजिक व्यक्तित्व विकार के विकास के प्रति संवेदनशील बना सकते हैं और जीवन की परिस्थितियां, विशेष रूप से उपेक्षा और दुर्व्यवहार, इसके विकास को बढ़ावा दे सकती हैं. मस्तिष्क के विकास के दौरान मस्तिष्क की कार्यप्रणाली में परिवर्तन हो सकता है जोखिम वाले लोगों में असामाजिक व्यक्तित्व विकार को विकसित होने से रोकने का कोई निश्चित तरीका नहीं है. असामाजिक व्यक्तित्व विकार वाले लोगों में दूसरे के अधिकारों का शोषण करना, उल्लंघन करना, हेरफेर करना और अन्य लोगों के संकट पर खुश होना, गैर जिम्मेदार व्यवहार दिखाना, सामान्य सामाजिक व्यवहार के प्रति उपेक्षा का भाव रखना जैसी आदतें शामिल होती हैं. ऐसे लोगों को लंबे समय के लिए संबंध बनाए रखने में परेशानी होती है. ऐसे लोग अपने गुस्से को नियंत्रित रखने में असमर्थ होते हैं. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> स्त्री एक मां, पत्नी, बेटी, बहन बनकर अपनी भूमिका में कहीं कोई खोट आने नहीं देती, वही स्त्री जब एक पुत्र को जन्म देती है और वही पुत्र बड़ा होकर ऐसे घिनौने कार्य को अंजाम देता है तो संदेह होने लगता है कि किस मां ने इसका पालन पोषण किया होगा, जो यह व्यक्ति असामाजिक व्यक्तित्व का है? जितने भी अपराध कृत्य बलात्कार, हत्या ऐसा कोई सामान्य व्यक्ति नहीं कर सकता.

## मीडिया में अन्यत्र

# पोलियो मामले पर चुप्पी के मायने

**मेघालय** के टिकरीकिल्ला के एक बच्चे में, संभवतः पोलियो के कारण, तीव्र शिथिलता पक्षाघात का मामला और उससे जुड़ी मीडिया की सुर्खियां, राज्य सरकार द्वारा 14 अगस्त को दर्ज की गईं. अप्रैल 2022 में, कोलकाता में एकत्र किए गए एक पर्यावरणीय नमूने में वैक्सीन-जनित पोलियोवायरस का एक मामला पाया गया था. आनुवंशिक अनुक्रमण के बाद, माना गया कि यह इम्यूनोडेफिशिएंसी-संबंधी वैक्सीन-जनित पोलियोवायरस (आईवीडीपीवी) है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता की कमी वाले एक व्यक्ति द्वारा उत्सर्जित होता है. मेघालय की घटना में, सरकार द्वारा मामले की पुष्टि करने के बाद भी, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक सूचना नहीं है कि यह वैक्सीन-जनित है या नहीं और 'वाइल्ड पोलियोवायरस' से इसका कोई नाता नहीं है. चूंकि वर्ष 2015 में वाइल्ड पोलियोवायरस (डब्ल्यूपीवी) टाइप-2 और 2019 में डब्ल्यूपीवी टाइप-3 का वैश्विक स्तर पर उन्मूलन हो चुका है और कई सालों से भारत के पर्यावरणीय नमूनों में कोई डब्ल्यूपीवी टाइप-1 नहीं पाया गया है, इस बात की ज्यादातर संभावना नहीं है कि यह मामला डब्ल्यूपीवी टाइप-1 की वजह से हो. ऐसा तभी संभव होगा, जब इसे भारत में बाहर से लाया गया हो. बीते 13 अगस्त तक, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में इस साल डब्ल्यूपीवी टाइप-1 के 14 मामले दर्ज किए गए हैं. अगर यह वैक्सीन-जनित है, तो फिर से इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है कि यह आईवीडीपीवी है या प्रसारित वैक्सीन-जनित पोलियोवायरस (सीवीडीपीवी) से है. यह जानकारी अहम है क्योंकि सीवीडीपीवी का मतलब होगा कि वायरस समुदाय में प्रसारित हो रहा है, जबकि आईवीडीपीवी रोग प्रतिरोधक क्षमता की कमी वाले एक किसी बच्चे तक ही सीमित रहता है. इसके अलावा इस बात को लेकर आधिकारिक सूचना का नदारद होना भी हैरान करने वाला है कि यह मामला टाइप-1, टाइप-2 या टाइप-3 वैक्सीन-जनित वायरस के चलते हुआ है या नहीं. भारत 2016 में बाकी दुनिया के साथ त्रिसंयोजक से द्विसंयोजक मौखिक पोलियो वैक्सीन (ओरल पोलियो वैक्सीन, ओपीवी) की ओर बढ़ा, जिसमें सिर्फ जीवित, कमजोर टाइप-1 और टाइप-3 वायरस होते हैं. लिहाजा यह बात जहां नामुमकिन है कि भारत में दिए गए मौखिक वैक्सीन से बच्चे में टाइप-2 वायरस हो, वहीं भारत में सीवीडीपीवी टाइप-2 वायरस के बाहर से आने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है. वर्ष 2024 में, वैश्विक स्तर पर सीवीडीपीवी-2 के 68 और सीवीडीपीवी-1 के चार मामले दर्ज किए गए. **(द हिंदू)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### निलंबन/बर्खास्तगी

**महेंद्र** मिश्र बड़े घोटालेबाज निकले. एक प्रिंसिपल के रूप में उनका अच्छा दबदबा था, लेकिन एक अखबारवाले ने उनकी पोल-पट्टी खोल दी. इसके बाद शिक्षा विभाग ने उन्हें निलंबित कर दिया. फिर जांच-पड़ताल हुई और उसमें घोटाले के सारे सबूत सतह पर आ गये. तब उन्हें बर्खास्त कर दिया गया. काम पर से हटा दिये जाने को निलंबन और बर्खास्तगी के रूप में जाना जाता है. इन दोनों शब्दों के बीच अर्थगत और भावगत अंतर हैं. इसको हम इस प्रकार समझ सकते हैं. प्राइवेट सेक्टर हो या पब्लिक सेक्टर, सरकारी नौकरी हो या लालाजी की नौकरी, जब कोई व्यक्ति काम करेगा तो गलती उससे होंगी ही. यह स्वाभाविक है. कुछ गलतियां अनजाने में हो जाती हैं और कुछ गलतियां जानबूझ कर किसी विशेष मतलब से की या करा दी जाती हैं. जानबूझ कर की गयी गलतियां आर्थिक किस्म की भी हो सकती हैं और चारित्रिक किस्म की भी. जब गलती करनेवाला पकड़ में आता है तो उसकी गलतियों का आकलन किया जाता है. जांच पड़ताल के दौरान उसे नौकरी करने से रोक दिया जाता है, ताकि छानबीन की प्रक्रिया में कोई बाधा न पहुंचा सके. इस दौरान उसे आधी तनख्वाह मिलती रहती है, जिससे कि उस की वजह से परिवार की रोजी-रोटी पर ज्यादा फर्क न पड़े. इस पक्रिया को निलंबन कहते हैं. जांच पड़ताल में जब यह स्पष्ट हो जाता है कि उसने जो गलती की है, वह आपराधिक किसम की है और जानबूझ कर की गयी है तो उसे उसका हिसाब-किताब कर नौकरी से निकाल दिया जाता है. उसे बर्खास्तगी कहा जाता है. निलंबन को सजा नहीं माना जाता, बल्कि यह एहतियाती कार्रवाई होता है, लेकिन बर्खास्तगी सजा है, क्योंकि उसके बाद उसका नौकरी से कोई भी संबंध नहीं रह जाता. हालांकि निलंबन जैसी प्रक्रिया सरकारी नौकरियों में ही अपनायी जाती है. निजी क्षेत्रों में तो आरोप लगने के बाद सीधे बर्खास्तगी ही हो जाती है. निलंबन अल्पकालिक होता है, बाद में बहाली की संभावना होती है. बर्खास्तगी स्थायी होती है, इसमें पुनः बहाली की कोई सम्भावना नहीं होती है.

# मुझे लग रहा है कि मैं उनका आदमी हूं

• तीर-तुक्का

जवाहर चौधरी



पिछले कुछ दिनों से मुझे लग रहा है कि मैं उनका आदमी हूं. पहली मुलाकात में उन्होंने कहा था कि 'तुम तो हमारे अपने आदमी हो जी'. मैं मना करना चाहता था, लेकिन चुप रहा. मेरा अनुभव है कि जब भी लाठी लिया हुआ कोई आपसे बात कर रहा हो और आप असहमत हों तो चुप रहने में ही भलाई है. आपके पास जवाब देने ले लिए केवल जुबान है, लेकिन उसके पास विकल्प भी है. वे जब भी मिले साढ़े पांच फुट के विकल्प के साथ मिले और हर बार मुझे चुप रहना पड़ा. एक दिन बोले –"हमारे आदमी हो यह अच्छी बात है, लेकिन तुम्हें हमारे आदमी की तरह लगना भी चाहिए."

"आपका आदमी कैसा होता है?" हिम्मत करके पूछ ही लिया .

"हमारे आदमी भी आदमी कि तरह ही दिखाई देते हैं. उनके भी हाथ पैर शक्ल सूरत होती है. अक्सर हिन्दी बोलते हैं, मौका पड़ जाए तो हिन्दी में ही समझाते भी हैं . ... तुम्हें हिन्दी आती है?"

"हां, आती है. पढ़ना लिखना हिन्दी में ही करता हूं."

"अच्छी बात है....गर्दन के ऊपर क्या है ?" उन्होंने सिर की ओर इशारा करते हुए पूछा ."सिर है." "सिर क्या काम आता है?"

"सोचने विचारने के काम आता है."

"यही गलत सोच है... सिर ठोस होना चाहिए. धर्म, संस्कृति, इतिहास, परंपराओं और हमारी अपनी मान्यताओं से कूट-कूट कर भर हुआ ठोस सिर ही असली सिर है. लेकिन आप चिंता मत करो. कुछ काम हम पर छोड़ दो. सिर सलामत रहेगा तो धीरे धीरे ठोस हो जाएगा."

"सिर तो ठोस ही होता है जी!"

"ठोस नहीं, आमतौर पर पिलपिला होता है. ठोस होता तो हम हजारों साल विधर्मियों के गुलाम नहीं होते. देश को मजबूत करने के लिए लोगों को मजबूत करना जरूरी है.... ये बात मानते हो ना? ... लोग तभी मजबूत होंगे, जब सिर ठोस होगा. ठोस सिर ही ठोस कामों के लिए उपयोगी होते हैं. हमारी आज की शिक्षा लोगों के सिर में दही जमा देती है. जरा सा हिलते ही बिखर जाता है. लेकिन तुम चिंता मत करो, अब हमारे आदमी हो."

"जी मैं समझ गया. आपका मतलब है कि सिर नारियल की तरह होना चाहिए."

"नारियल सिर्फ ऊपर से ठोस होता है. अंदर या तो वह पानीदार होता है या फिर मलाईदार. हमें ठोस सिर होना...भाटे की तरह."

"लेकिन भाटे वाला सिर तो ...!"

"सोचो मत, ठोस सिर की ओर पहला कदम है सोचना बंद. जो कुछ भी कहा जाए, उसे ठीक मानो. धीरे-धीरे हमारी संख्या बढ़ेगी. हम अपने आदमी हर जगह बैठा देंगे. टीवी मीडिया में अपने आदमी, साहित्य अकादमियों में अपने आदमी, स्कूल कॉलेज और विश्वविद्यालयों में, प्रशासन में, सरकारी दफ्तरों में, सरकार में, यहां तक कि हर घर में अपने आदमी होने चाहिए. ये हमारा लक्ष्य है. एक दिन वे आएगा कि जिधर भी देखोगे हमारे आदमी दिखेंगे. देश शुद्ध रूप से हमारे आदमियों का देश बनेगा. ... कैसा लग रहा है तुमको यह सुनकर?"

# बायोस्कोप



# लड़कियों! कुछ गलत हो तो विरोध जरूर करो

**श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. फिल्म ने पहले दिन ही बंपर कमाई करके कई बड़ी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. आइए, इंटरव्यू अंश के जरिए श्रद्धा की जिंदगी के कुछ रंगों-विचारों से हों रू-ब-रू...**

**Q. फिल्मी यात्रा पर कुछ कहें**

तीन पत्ती के बाद लव का द एंड जैसी दो फिल्में लगातार फ्लॉप होने के बाद इंडस्ट्री में मेरे साथ कोई काम नहीं करना चाहता था. मोहित सुरी ने आशिकी 2 में चांस मिला. काफी सारे ऑडिशन करने पड़े क्योंकि उस वक्त ऐसे कोई ऐसे चाहता नहीं था कि मेरे साथ फिल्म करे. खासतौर से अगर फ्लॉप फिल्म का बैगेज लेकर आपकी शुरुआत हुई है तो बहुत कठिन होता है आपको अगली फिल्म मिलना. फिर मोहित सुरी को पता नहीं क्या लगा और उन्होंने विश्वास दिखाया. आशिकी 2 के बाद से मुझे अपने करियर में कभी पीछे मुड़कर नहीं देखना पड़ा था.

**Q. फिल्म इंडस्ट्री में भी हीरो और हिरोइन की फीस में अंतर जैसे भेदभाव देखने को मिलते हैं. आपकी क्या राय है?**

मुझे नहीं पता नहीं है कि हीरो को कितनी फीस मिलती है और हिरोइन को कितनी फीस मिलती है. मैं अपने अनुभव के आधार पर कहूं, तो मुझे इंडस्ट्री की अच्छी बात यह लगती है कि आज हिरोइनों को भी इतना काम मिल रहा है. यहां हीरो वाली फिल्में हैं, तो ऐक्ट्रेसेज के लिए भी ऐसे रोल हैं, जिसमें वह अपनी छाप छोड़ सकती हैं. हिरोइन के लिए हालात पहले से काफी बेहतर हुए हैं. कल कॉन्टेंट वाली फिल्में चल रही हैं, जो इंडस्ट्री और हम सबके लिए बहुत अच्छा दौर है और अब हम केवल हीरो के साथ नाचने या रोने के लिए स्क्रीन पर नहीं आते.

**Q. प्रियंका, अनुष्का प्रड्यूसर हैं तो दीपिका, आलिया की क्लोदिंग लाइन है. हिरोइनें अब बिजनेस वुमन भी हैं. इस ट्रेंड को आप कैसे देखती हैं? भविष्य में क्या आपकी भी कोई योजना है?**

मुझे लगता है कि यह एक बहुत पर्सनल चॉइस है. अच्छी बात यह है कि आज ऐसे मौके उपलब्ध हैं और यह हो रहा है. जहां तक मेरी बात है, मुझे नहीं लगता कि मैं प्रड्यूसर बनना चाहूंगी. क्लोदिंग लाइन का भी कोई इरादा नहीं है. अभी मैं जो ब्रैंड्स मैं इंडॉर्स कर रही हूं, उसमें ही खुश हूं. सिर्फ और सिर्फ अच्छे काम करने पर अभी फोकस करना चाहती हूं. अपने हिस्से अच्छी और यादगार फिल्मों को समेटना चाहती हूं.

**Q. अभी कोलकाता की घटना देखें या उत्तराखंड की या बिहार की, समाज में महिलाएं सुरक्षित नहीं दिखतीं? दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे महानगरों में भी नहीं.**

जब ऐसी खबरें आती हैं, तो बहुत अफसोस होता है और लगता है कि ऐसा न हो, पर उम्मीद पर दुनिया कायम है, तो मैं उम्मीद करती हूं कि ऐसा न हो. हम सब इसे बेहतर बनाने के लिए भागीदारी कर सकते हैं. स्कूल में सेफ्टी के लिए प्रोग्राम शामिल कर सकते हैं. जागरूकता फैला सकते हैं.

**Q. मुंबई जैसे बड़े शहर और एक फिल्मी परिवार में आपकी परवरिश हुई है. बावजूद इसके, आपको कभी लड़की होने के नाते कोई भेदभाव झेलना पड़ा?**

भेदभाव तो नहीं, पर मुझे याद है जब मैं स्कूल में थी, तो हमारी पिनाफॉर (ट्यूनिक जैसी शॉर्ट ड्रेस) यूनिफॉर्म होती थी. मैं स्कूल से निकलकर घर जाने के लिए अपनी कार की तरफ जा रही थी, तो वहां एक अनजान लड़का घूम रहा था. उसने मुझे देखकर ऐसे मुंह से पुच्च (किस) की आवाज निकाली, तो मैंने उसे खूब लताड़ा और कहा कि दुबारा तुम यहां दिखे, तो मैं तुम्हारी शिकायत कर दूंगी. उसके बाद वह दोबारा वहां नहीं दिखा नहीं. मुझे अपने परिवार में यही सीख मिली की गलत के विरोध में आवाज उठाओ. मैं हर लड़की को यही कहूंगी कि कहीं कुछ गलत हो, संदिग्ध हो सबसे पहले आवाज उठाओ, चिल्लाओ, विरोध दर्ज करो.

**Q. सुंदर कैसे बना जा सकता**

सच्ची सुंदरता व्यक्ति के गुणों - दयालुता, विनम्रता, उदारता और सहानुभूति के माध्यम से चमकती है. मेकअप से आमतौर पर शूटिंग भर का नाता है. जब ब्यूटी टिप्स की बात आती है, तो घर पर बने फेस मास्क ही अधिक कारगर लगते. इन्हें मैं और मेरी मां मिलकर तैयार करते हैं.

**Q. जमाना बहुत आगे बढ़ गया है, पर क्या आपको लगता है कि अभी भी स्त्री के लिए एक सुरक्षित समाज बन पाया है? भारतीय महिला के सामने क्या-क्या चुनौतियां नजर आती हैं?**

मुझे लगता है कि अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग मसले हैं. कई इलाके कभी-कभी काफी असुरक्षित हो जाते हैं, वहां महिलाओं के साथ हो रही घटनाएं रूह कंपाती है, क्रोध दिलाती है. कुछ इलाकों में ज्यादा डर नहीं होता, लेकिन अपवाद की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं. मैं समझती हूं कि पूरे भारत में, स्त्री और पुरुष दोनों ही के लिए, सुरक्षा होनी चाहिए और मुझे उम्मीद है कि ऐसा होगा.

## साल की सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म स्त्री 2



श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म 'स्त्री 2' का ट्रेलर देखने के बाद ही यह अंदाजा तो हो ही गया था कि फिल्म कमाल करने वाली है. लेकिन स्वतंत्रता दिवस के मौके पर थिएटर्स में रिलीज यह फिल्म साल की सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म बन गयी, यह शायद किसी का अनुमान नहीं था. सैकनिल्क के अनुसार पहले दिन के लिए 'स्त्री 2' के 8 लाख से ज्यादा टिकट एडवांस में बुक हो चुके थे और फिल्म ने इससे 23 करोड़ रुपये से ज्यादा एडवांस ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया था रिलीज के पहले ही मेकर्स ने फिल्म के पेड प्रीमियर भी रखे और फिल्म ने इसी से 8.35 करोड़ का कलेक्शन कर लिया. पहले ही शो से 'स्त्री 2' के लिए थिएटर्स भरने लगे. पहले ही दिन इस फिल्म ने धुआंधार कमाई कर डाली और शुरुआती अनुमान बता रहे हैं कि 'स्त्री 2' ने पहले दिन ही 46-47 करोड़ के बीच कलेक्शन कर डाला. 200 करोड़ क्लब में फिल्म शामिल हो चुकी है. 'स्त्री 2' को ऑलमोस्ट 55 करोड़ रुपये की ओपनिंग मिली थी. ऐसे में कई दूसरे रिकॉर्ड बनाए तो यह भी अचरज नहीं.

### सोशल मीडिया पर यह प्रतिक्रिया

एक यूजर ने स्त्री 2 देखने के बाद एक्स अकाउंट पर लिखा, "भाई साहब पूरा थिएटर हंस-हंसकर पागल हो गया है. शुरुआत से ही मूवी काफी अच्छी है. इसे कहते हैं सीक्वल, जहां मेकर्स स्त्री 1 की लेगेसी को आगे लेकर गए". दूसरे यूजर ने लिखा, "स्त्री 2 मजेदार फिल्म है, सबसे ज्यादा मुझे इस फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर पसंद आया है, जो जस्टिन वर्घेसे ने बनाया है". एक और अन्य यूजर ने लिखा, "ब्लॉकबस्टर लोडिंग". एक यूजर लिखते हैं-, "जिस तरह से सभी किरदारों को दर्शाया गया है, वह हैरान कर देता है. मूवी आपको एक ही समय पर हंसाती है, रुलाती है और चीख निकाल देती है. बहुत ही मनोरंजक है". एक अन्य यूजर के मुताबिक "स्त्री 2 एक मेगा एंटरटेनर है. एक ही समय पर हंसाने और डराने में निर्देशक अमर कौशिक सफल हुए हैं. सभी के अंदर से कॉमेडी नैचुरली आ रही है, जो काबिले तारीफ है, क्योंकि आज की फिल्मों में ये मुश्किल से देखने को मिलता है. आप ये फिल्म मिस नहीं कर सकते, जरूर देखें".

## ओटीटी पर रिलीज हुई 'रायन'

*तमिल एक्शन ड्रामा फिल्म रायन 23 अगस्त को अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई. सन पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को कलानिधि मारन ने प्रोड्यूस किया है. रायन ने धनुष के लिए एक खास रिकॉर्ड बनाया है. यह फिल्म उनके करियर की ओपनिंग वीकेंड पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पहली फिल्म है. धनुष ने ही इस फिल्म की कहानी लिखी है और इसे डायरेक्ट भी किया है. फिल्म में लीड एक्टर के तौर पर भी नजर आए.*




### इन भाषाओं में होगी रिलीज

23 अगस्त को इसे भारत और दुनिया भर के 240 देशों और क्षेत्रों में तेलुगु, हिंदी, मलयालम, तमिल और कन्नड़ भाषा में प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया गया. इस फिल्म में धनुष के अलावा दशरा विजायन, संदीप किशान, अपर्णा बालामुरली, कालीदास जयराम जैसे कलाकार नजर आएंगे.

### यह है कहानी

रयान की कहानी चार भाई-बहनों की कहानी है जो अपने गांव से भागकर शहर में शरण पाने के लिए चले जाते हैं. फिल्म में जबरदस्त एक्शन और क्राइम भी देखने को मिलेगा.

## ऋषभ शेट्टी बेस्ट एक्टर गुलमोहर बेस्ट हिंदी फिल्म

*सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 70वें नेशनल फिल्म अवाड्र्स अनाउंस कर दिए हैं. ये अवॉर्ड उन फिल्मों के लिए दिए गए हैं जिन्हें फिल्म सेंसर बोर्ड ने 1 जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2022 के बीच सेंसर सर्टिफिकेट दिया है.*




**▪ बेस्ट एक्टर और बेस्ट फिल्म के अवॉर्ड कंतारा के नाम**

मनोज बाजपेयी और शर्मीला टैगोर की फिल्म गुलमोहर को बेस्ट हिंदी फिल्म चुना गया है. कांतारा ने बेस्ट एक्टर और बेस्ट फिल्म के अवॉर्ड अपने नाम किए. फिल्म के लिए ऋषभ शेट्टी बेस्ट एक्टर चुने गए हैं. फिल्म तिरुचित्राम्बलम के लिए नित्या मेनन और कच्छ एक्सप्रेस के लिए मानसी पारेख को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है.

**▪ सूरज बड़जात्या बने बेस्ट डायरेक्टर**

फिल्म ऊंचाई के लिए बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड सूरज बड़जात्या को मिला है. इसी फिल्म के लिए नीना गुप्ता ने बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता है. प्लेबैक सिंगिंग कैटेगरी में ब्रह्मास्त्र के लिए अरिजीत सिंह ने अवॉर्ड जीता है. मलयालम सिनेमा के लेजेंड एक्टर्स में गिने जाने वाले एक्टर मामूटी को भी उनकी दो बेहतरीन फिल्मों के लिए 'बेस्ट एक्टर' कैटेगरी में मजबूत दावेदार माना जा रहा था.

## इन दो तस्वीरों में बयां हुई सैफीना के प्यार की दास्तां

*सैफ अली खान को 54वें जन्मदिन करीना कपूर ने पुरानी यादों के साथ उन्हें शुभकामनाएं दी. सोशल मीडिया पर अनदेखी रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं. करीना के इस पोस्ट के बाद फैंस दोनों की केमिस्ट्री और प्यार की तारीफ कर रहे हैं.*





16 अगस्त को बॉलीवुड के नवाब खान का बर्थडे सेलिब्रेट हुआ. करीना कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पार्थेनन की दो तस्वीरें पोस्ट की जहां समान लोकेशन पर दोनों तस्वीरों के जरिए उनके 17 सालों के सफर की यादें ताजा हो रही हैं.

करीना और सैफ की दोनों तस्वीरें पार्थेनन के एक ही लोकेशन की है. बता दें कि पहली तस्वीर साल 2007 की है. तब वे सैफ के साथ थीं. वहीं, दूसरी फोटो साल 2024 की है. दोनों तस्वीरों में बॉलीवुड का यह पावर कपल कुछ खास पल बिताते हुए नजर आ रहे हैं. दोनों तस्वीरें दोनों की बॉन्डिंग और प्यार की कहानी बयां कर रही हैं.

## हस्ताक्षर

# स्वाधीनता के पहले स्वाधीनता के सुर



विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

**स्वतंत्रता दिवस भले ही बीत गया, उस अवसर पर बजने वाले गीत अभी भी कानों में गूंज रहे हैं. वास्तव में भारत में सिनेमा की शुरुआत ही देशभक्ति की भावना के साथ हुई थी. यह अवश्य है कि अंग्रेजी राज की कठोर सेंसर व्यवस्था के बीच अपनी राजनीतिक भावनाओं की सीधी अभिव्यक्ति संभव नहीं थी, लेकिन दादा साहब फाल्के सहित उस समय के अधिकांश फिल्मकारों ने पौराणिक ऐतिहासिक कथानकों के माध्यम से दर्शकों में देशप्रेम और स्वाभिमान की भावना जगाए रखने की सफल कोशिशें की.**

स्वतंत्रता दिवस भले ही बीत गया, उस अवसर पर बजने वाले गीत अभी भी कानों में गूंज रहे हैं. वास्तव में भारत में सिनेमा की शुरुआत ही देशभक्ति की भावना के साथ हुई थी. यह अवश्य है कि अंग्रेजी राज की कठोर सेंसर व्यवस्था के बीच अपनी राजनीतिक भावनाओं की सीधी अभिव्यक्ति संभव नहीं थी, लेकिन दादा साहब फाल्के सहित उस समय के अधिकांश फिल्मकारों ने पौराणिक ऐतिहासिक कथानकों के माध्यम से दर्शकों में देशप्रेम और स्वाभिमान की भावना जगाए रखने की सफल कोशिशें की.1931 में सिनेमा को आवाज मिलने के साथ ही फिल्मकारों को गीतों के रुप में एक और माध्यम मिल गया जिससे आम जन से सीधे जुड़ा जा सकता था, जो सिनेमा से भी अधिक संप्रेष्य थी.

आश्चर्य नहीं कि उस समय की सबसे बडी फिल्म कंपनी बांबे टाकीज ने एक युवा कवि की देशभक्ति गीतों की गूंज सुनकर उसे मासिक वेतन पर रख लिया. उस समय बांबे टाकीज के मालिक हिमांशु राय को शायद ही अहसास होगा कि आने वाले वर्षों वर्ष तक इस पतले दुबले कवि की आवाज देश की आवाज बन कर गूंजती रहेगी. ये थे कवि प्रदीप जिन्हें सिनेमा में गीतों के माध्यम से आजादी के आंदोलन में सीधे योगदान की शुरुआत का श्रेय दिया जाता है, और वह फिल्म थी 1940 में बनी 'बंधन'. बांबे टाकीज के स्थायी कलाकार अशोक कुमार, लीला चिटणिस के साथ यह एक सामाजिक कथानक पर बनने वाली फिल्म थी. प्रदीप ने नायक नायिका पर फिल्माते हुए एक गीत लिखा, चल चल रे नौजवान..दूर तेरा गांव और थके हैं पांव...तुम हो मेरे संग, आशा है मेरे संग. तुम हो मेरे संग, हिम्मत है मेरे संग. मेरे साथ साथ रहो तुम कदम कदम..इस गीत के लिए संगीत दिया था रामचंद्र पाल ने. अंग्रेज सेंसर बोर्ड तक इस गीत के निहितार्थ भले ही नहीं पहुंच सके, लेकिन स्वाधीनता सेनानियों के उत्साह में इस गीत ने उस समय उत्प्रेरक की भूमिका निभाने की शुरुआत कर दी थी. कहते हैं उस समय कांग्रेस के सम्मेलनों में भी इस गीत को गाया जाता था. इस गीत का प्रभाव इतना था कि 1944 में फिल्मिस्तान ने 'चल चल रे नौजवान' टाइटिल से एक फिल्म भी बनायी. इस गीत ने सिनेमा के सामने देश के साथ खडे होने की नई राह खोली, यह भरोसा दिया कि यदि जज्बा और काबलियत हो तो सेंसरशिप के बावजूद अपनी बात रखी जा सकती है.











प्रदीप ने अंग्रेजी राज में देश प्रेम की एक मशाल जलायी, जिसे लेकर और भी लोग बढे. 1941 में सोहराब मोदी ने 'सिकंदर' बनायी, जिसके लिए गीत पं. सुदर्शन ने लिखे थे. मीर साहब और रफीक गजनवी ने संगीत दिया था. पं. सुदर्शन का गीत, जीते देश हमारा, भारत है घरबार हमारा, भारत है संसार हमारा..यह गीत उस दौर में हरेक देश प्रेमियों की जुबान पर था. यह संयोग नहीं कि मोहम्मद रफी जैसे राष्ट्रवादी गायक के पहले गीत के बोल थे, हिन्दुस्तान के हम हैं, हिन्दुस्तान हमारा. हिंदू मुस्लिम दोनों की आंखों का तारा..1944 में ए और कारदार की फिल्म 'पहले आप' के लिए यह गीत लिखा था, डी एन मधोक ने, और संगीतकार थे नौशाद. 1946 में 'हमजोली' में नूरजहां की आवाज में आए इस गीत के साथ स्वाधीनता की आहट भी सुनाई देने लगी थी, आजादी का संकल्प और भी मजबूत होने लगा था-ये देश हमारा प्यारा, हिन्दुस्तान जहां से न्यारा..आगे गीत के बोल थे, ले के रहेंगे हम आजादी, वो दिन आनेवाला है, झंडा अपना सारी दुनिया पर लहराने वाला है.

1947 में स्वाधीनता के बाद तो कुछ दिनों के लिए देशप्रेम मुख्य स्वर बन गया, कई फिल्में बनी, कई गीत रचे गए. लेकिन अंग्रेजी राज में सेंसर की जद्दोजहद के बीच जिन्होंने स्वाधीनता आंदोलन के बीच अपना योगदान अर्पित किया उनके संघर्ष और संकल्प को पहचानने की जरुरत है

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

तीसरी शादी के बाद भी भारत में और सोशल मीडिया पर मलिक की आलोचना हुई थी

# तीसरी पत्नी संग घूमते दिखे शोएब, सोशल मीडिया पर हुए ट्रोल



एजेंसी। नयी दिल्ली

पाकिस्तान के स्टार क्रिकेटर शोएब मलिक ने भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्चा से अलग होकर तीसरी शादी जनवरी 2024 में रचाई थी. शोएब ने एक्ट्रेस सना जावेद से तीसरी शादी की. शादी के बाद भारत में और सोशल मीडिया पर मलिक की जमकर आलोचना हुई थी. लोग अब भी मलिक की आलोचना करते हुए दिख रहे हैं, जिसका असर उनकी एक सोशल मीडिया पोस्ट पर दिखा. मलिक ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी वाइफ सना जावेद के साथ एक पोस्ट शेयर की. पोस्ट में कुछ तस्वीरें नजर आ रही हैं और यह तस्वीरें स्विट्जरलैंड की हैं. इस पोस्ट को कैप्शन देते हुए मलिक ने लिखा,



एक साथ. इसके आगे उन्होंने हार्ट इमोजी भी बनाया. मलिक के तस्वीर अपलोड करते ही कमेंट सेक्शन में तमाम भारतीयों ने टिप्पणियां करनी शुरू कर दीं. एक यूजर ने मलिक के कैप्शन का मजाक उड़ाते हुए लिखा, नए शख्स के आने तक साथ-साथ. इसी तरह एक दूसरे यूजर ने लिखा, साथ कब तक? एक और यूजर ने लिखा, यार इतनी लानतों के बावजूद तस्वीर पोस्ट करने का हौसला कैसे आता है. बाकी एक यूजर ने लिखा, यह आदमी सिर्फ दो देशों से अपमानित होने के लिए सना के साथ तस्वीर अपलोड करता है.गौरतलब है कि शोएब मलिक ने सना से तीसरी बार शादी की थी. सबसे पहले पाकिस्तानी बल्लेबाज ने आयशा सिद्दीकी नाम की महिला से शादी की थी. दोनों की शादी 2002 में हुई थी. फिर 2010 में शोएब ने भारत की टेनिस स्टार सानिया मिर्जा से शादी की, जो उनकी दूसरी शादी थी.

# क्रिकेटर शाकिब अल हसन पर मर्डर का केस

एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश के स्टार क्रिकेटर शाकिब अल हसन फिर से सुर्खियों में हैं. लगातार विवादों में फंसने वाले शाकिब अब एक नयी समस्या में फंस गए. क्रिकेटर शाकिब अल हसन और अभिनेता फिरदौस अहमद के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है. शाकिब और अहमद दोनों आवामी लीग के पूर्व सांसद हैं. शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद से आवामी लीग के नेताओं को लगातार निशाने पर लिया जा रहा है. शाकिब और फिरदौस अहमद के साथ-साथ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भी आरोपी बनाया गया है. शेख हसीना इन दिनों भारत में हैं. उन्होंने लगातार विरोध-प्रदर्शन के बाद देश छोड़ने का फैसला किया. शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया.



मृतक रुबेल के पिता रफीकुल इस्लाम ने ढाका के अदबोर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया है. शाकिब इस मामले में 28वें आरोपी हैं, जबकि फिरदौस 55वें आरोपी हैं. अन्य आरोपियों में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना, ओबैदुल कादर और 154 अन्य शामिल हैं. करीब 400-500 अज्ञात लोग भी आरोपी हैं.

## ब्रीफ खबरें

### अदिति और दीक्षा ने की निराशाजनक शुरुआत

**सेंट एंड्रयूज (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर और अदिति अशोक ने एआईजी महिला ओपन के पहले दौर के आखिरी होल में बर्डी लगाकर कट में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को बनाये रखा. तेज हवा से प्रभावित पहले दिन के खेल के बाद अदिति चार-ओवर 76 का कार्ड खेलकर संयुक्त 79वें जबकि दीक्षा पांच ओवर 77 का कार्ड खेलकर संयुक्त 100वें स्थान पर है. दोनों खिलाड़ियों को कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा. कट के तीन ओवर या चार ओवर रहने की संभावना है.

### टेनिस इन द लैंड के सेमीफाइनल में माइया

**क्लीवलैंड (अमेरिका)।** ब्राजील की शीर्ष वरीयता प्राप्त बीट्रिज़ हद्दाद माइया ने फ्रांस की क्लारा बुरेल को 6-2, 6-2 से हराकर टेनिस इन द लैंड टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया. सेमीफाइनल में विश्व में 23वें नंबर की खिलाड़ी हद्दाद मैया का सामना चेक गणराज्य की तीसरी वरीयता प्राप्त कतेरीना सिनियाकोवा से होगा, जिन्होंने अमेरिका की छठी वरीयता प्राप्त पेटन स्टर्न्स को 1-6, 6-3, 6-4 से हराया. दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिका की मेकार्टनी केसलर रूस की पांचवीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा से भिड़ेंगी. केसलर ने नीदरलैंड की अरांटेक्सा रस को 6-4, 6-2 से और पोटापोवा ने रोमानिया की एना बोगदान को 6-2, 6-1 से हराया.

### चोट के कारण अमेरिकी ओपन से हटीं जाबेउर

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी ओपन में 2022 की उपविजेता ओन्स जाबेउर कंधे की चोट के कारण इस साल के टूर्नामेंट से हट गईं. सोमवार से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में जाबेउर को 17वीं वरीयता मिलनी थी. अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन ने कहा कि जाबेउर के हट जाने के बाद वरीयता प्राप्त करने के लिए पात्र अगली सर्वोच्च खिलाड़ी एलिस मर्टेंस को 33वीं वरीयता दी जाएगी. जाबेउर हाल में चोटों से जूझती रही है. उन्होंने मॉन्ट्रियल में अपने एकमात्र मैच में नाओमी ओसाका से हारने के बाद वाशिंगटन में हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था. जाबेउर ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर लिखा कि उनका कंधा अभी ठीक नहीं हुआ है और इस कारण वह अमेरिकी ओपन में नहीं खेल पाएंगी.

पैरा एथलेटिक्स स्पर्धाएं 30 अगस्त से आठ सितंबर तक स्टेड डी फ्रांस में होंगी

# पांच गोल्ड सहित एक दर्जन पदकों पर भारत की नजर

एजेंसी। पेरिस

भारत के पैरालंपिक एथलीटों का पहला जत्था पेरिस पहुंच चुका है. पेरिस से उनकी तस्वीरें भी जारी हुई हैं. इस बार पांच स्वर्ण सहित एक दर्जन पदक जीतने की उम्मीद के साथ भारत के पैरालंपिक एथलीटों का पहला जत्था स्टार भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल की अगुआई में रवाना हुआ. परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने के लिए पैरालंपिक खिलाड़ी समय से पहले रवाना हुए हैं.

देश के 16 पैरा एथलीट उद्घाटन समारोह से तीन दिन पहले 25 अगस्त को खेल गांव में प्रवेश करेंगे और उससे पहले कुछ दिन पेरिस के होटलों में रुकेंगे.पैरालंपिक में अपने खिताब की रक्षा करने वाला पहला भारतीय बनने के लिए चुनौती पेश करने वाले अंतिल सहित अन्य भारतीय खिलाड़ी फ्रांस की राजधानी के पास की सुविधाओं में प्रशिक्षण लेंगे ताकि वे वहां के मौसम के अनुकूल खुद को ढाल सकें. पैरा एथलेटिक्स स्पर्धाएं 30 अगस्त से पैरालंपिक के समापन दिवस आठ सितंबर तक ''स्टेड डी फ्रांस'' में आयोजित की जाएंगी. इसी स्टेडियम में पेरिस ओलंपिक के दौरान सक्षम खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा की थी.



पैरा एथलेटिक्स के मुख्य कोच सत्यनारायण ने बताया, सुमित अंतिल और कुछ अन्य पैरा एथलीट खेल गांव में प्रवेश करने से पहले कुछ दिनों के लिए नेल्सन मंडेला खेल परिसर में प्रशिक्षण लेंगे. नेल्सन मंडेला खेल परिसर स्टेड डी फ्रांस से लगभग पांच किमी दूर है. इसमें एथलेटिक्स, रग्बी, टेनिस, व्हीलचेयर टेनिस और तैराकी के लिए अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध हैं. सत्यनारायण ने कहा, कुछ लोग खेल गांव के पास के होटलों में रुकेंगे और वे दिन के समय वहां प्रशिक्षण सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं. पेरिस खेलों में भारतीय पैरा एथलेटिक्स टीम की पदक संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर



उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य कम से कम पांच स्वर्ण सहित कुल 12 पदक जीतना है. यह पैरालंपिक में हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होगा. सत्यनारायण की उम्मीदें मई में जापान के कोबे में 2024 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अभूतपूर्व सफलता से जुड़ी हैं जहां भारत छह स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य के साथ पदक तालिका में छठे स्थान पर रहा था.

### टोक्यो पैरालंपिक में भारत ने रिकॉर्ड 19 पदक जीते थे

अंतिल (पुरुष भाला फेंक एफ64), दीप्ति जीवनजी (महिला 400 मीटर टी20), सचिन खिलाड़ी (पुरुष गोला फेंक एफ46), एकता भयान (महिला क्लब थ्रो एफ51), सिमरन शर्मा (महिला 200 मीटर टी12) और मरियप्पन थंगावेलु (पुरुष ऊंची कूद टी42) ने स्वर्ण पदक जीते थे. भारत ने 2021 में टोक्यो पैरालंपिक में रिकॉर्ड 19 पदक (पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य) जीते थे. भारत पैरालंपिक में 12 खेलों में 84 खिलाड़ियों की अपनी अब तक की सबसे बड़ी टीम भेज रहा है जिसमें 38 पैरा एथलीट भी शामिल हैं. भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झझारिया ने पेरिस खेलों से कम से कम 25 पदक जीतने की भविष्यवाणी की है. अंतिल और हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में महिलाओं की गोला फेंक एफ34 स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली भाग्यश्री जाधव उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे जो पहली बार किसी स्टेडियम के बाहर आयोजित किया जाएगा. यह समारोह चैंप्स-एलिसीस से पेरिस के मध्य में प्लेस डे ला कॉनकॉर्ड तक आयोजित किया जाएगा.

**टेस्ट मैच :** टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए अलग से कोष तैयार होगा

# खिलाड़ियों की होगी बल्ले-बल्ले

- प्रस्ताव पर विचार कर रहा है आईसीसी
- टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए आईसीसी की स्पेशल तैयारी, बीसीसीआई भी तैयार

भाषा। सिडनी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टेस्ट क्रिकेट के लिए कम से कम 150 लाख अमेरिकी डॉलर का अलग से कोष तैयार करने पर विचार कर रहा है जिससे खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाने में मदद मिलेगी और उन्हें केवल आकर्षक टी20 फ्रेंचाइजी लीग पर ध्यान केंद्रित करने से रोका जा सकेगा. सिडनी मार्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इस तरह का प्रस्ताव रखा है जिसे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) का समर्थन हासिल है. शाह अभी आईसीसी अध्यक्ष बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं. इस कोष से टेस्ट क्रिकेटरों की न्यूनतम मैच फीस में बढ़ोतरी होगी और यह विदेशी दौरों पर टीमों को भेजने की लागत को कवर करेगा. इससे वेस्टइंडीज जैसे क्रिकेट बोर्ड को मदद मिलेगी जिसके खिलाड़ी के टेस्ट क्रिकेट के बजाय वैश्विक टी20 प्रतियोगिताओं में खेलने को प्राथमिकता दे रहे हैं. रिपोर्ट में कहा गया है, इस कोष के बनने के बाद सभी खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम भुगतान सुनिश्चित होगा जो लगभग 10000 डॉलर होगा. इसके अलावा यह उन देश के विदेशी दौरों की लागत का भी भुगतान करेगा जो टेस्ट क्रिकेट में बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. इस तरह का कोष गठित करने की अवधारणा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने जनवरी में रखी थी और उन्हें खुशी है कि इस पर प्रगति हो रही है.

उन्होंने कहा, हमें हर बाधा को दूर करने और टेस्ट क्रिकेट को सर्वश्रेष्ठ में से सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है. उस इतिहास और उस विरासत को बनाए रखने की जरूरत है, जो सीमित ओवरों की क्रिकेट के नए स्वरूपों के साथ आगे बढ़ रही है.

### मॉनसून पिकलबॉल चैंपियनशिपः डुओंग और डीहार्ट फाइनल में

**मुंबई।** अमेरिका के क्वांग डुओंग ने भारत के अरमान भाटिया को 2-0 से हराकर दूसरी मॉनसून पिकलबॉल चैम्पियनशिप के पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना रायलर डीहार्ट से होगा. डीहार्ट ने शुक्रवार को फ्रांस के जे डिविलियर्स को 2-0 से हराया. महिला एकल स्पर्धा के फाइनल में ब्रिटेन की थाडिया लॉक और चीनी ताइपे की पेई चुआन काओ के बीच मुकाबला होगा. थैडिया ने सेफा में करीबी मुकाबले में एमिलिया शिमट को 2-1 से जबकि पेई चुआन काओ ने निकोला को 2-0 से हराया.

मुंबई हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे तेंडुलकर

# भाग लेंगे 20,000 प्रतिभागी

भाषा। मुंबई

महान क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर रविवार को यहां होने वाली मुंबई हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर शुरू करेंगे, जिसमें 6,000 से ज्यादा महिलाओं सहित करीब 20,000 प्रतिभागियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है. तेंडुलकर यहां बांद्रा कुर्ला परिसर में सुबह पांच बजे मैराथन की मुख्य रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. इसकी 10 के रेस में सबसे ज्यादा 8,000 से अधिक पंजीकरण हुए हैं जबकि 21 के (21 किमी) हाफ मैराथन में 4,000 धावक



उतरेंगे, जिसमें महाराष्ट्र के अलावा अन्य एलीट एथलीट शिरकत करेंगे.

वहीं 5के रेस में 5,000 धावक और 3के रेस में 3,000 से ज्यादा प्रतिभागी होंगे. रेस में भारतीय नौसेना के भी 1,500 धावक हिस्सा लेंगे जबकि आयोजकों ने बताया कि इस साल महिला प्रतिभागियों की संख्या में 31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है.

# भारत के खिलाफ शृंखला में महती भूमिका निभाना चाहते हैं कैमरन ग्रीन

भाषा। सिडनी

न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने बल्लेबाजी प्रदर्शन से उत्साहित ऑस्ट्रेलिया के ऑल राउंडर कैमरन ग्रीन भारत के खिलाफ 22 नवंबर से उनके घरेलू मैदान पर्थ में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की शृंखला में बल्ले और गेंद दोनों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहते हैं.

ऑस्ट्रेलिया 2014-15 के बाद पहली बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने की कवायद में है. भारत ने पिछली चार शृंखलाएं जीती हैं. उसने इस बीच 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराया था. यह दोनों देश पिछले तीन दशक में पहली बार पांच टेस्ट मैच की शृंखला खेलेंगे. ग्रीन ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, निश्चित



रूप से इस समय मैं जितना संभव हो उतना अधिक योगदान देकर खुश हूं. मैं ऐसा करने के लिए शारीरिक रूप से वास्तव में बहुत अच्छी स्थिति में हूं. इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मैं और मिच (मार्श) हमेशा इस बात को लेकर हंसी मजाक करते हैं कि 70वें और 80वें ओवर के बीच जब गेंद कुछ नहीं कर रही होती है तो उन ओवरों में कौन गेंदबाजी करेगा. हम गर्मियों में यह भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं.

### एम्मा नवारो मॉन्टेरी ओपन के सेमीफाइनल में

**मॉन्टेरी (मैक्सिको)।** अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके पोलैंड की नौवीं वरीयता प्राप्त मैग्डेलेना फ्रेच को 6-7 (3), 6-0, 6-2 से हराकर मॉन्टेरी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया. नवारो इस डब्ल्यूटीए 500 हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की छठी वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा से भिड़ेंगी. नोस्कोवा ने यूक्रेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 6-4, 6-4 से हराया. दूसरे सेमीफाइनल में रूस की तीसरी वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा का सामना न्यूजीलैंड की लुलु सुन से होगा. अलेक्जेंड्रोवा ने चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त यू युआन को 7-5, 7-6 (3) से और सुन ने रूस की एरिका एंड्रीवा को 6-4, 6-3 से हराया.

# बांग्लादेश ने 5 विकेट खोकर बनाए 316 रन

संवाददाता। रावलपिंडी

पाकिस्तान राष्ट्रीय क्रिकेट टीम बनाम बांग्लादेश राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम खेला जा रहा है. शुक्रवार को तीसरे दिन का खेल खत्म हो गया. तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश की टीम ने 92 ओवरों में पांच विकेट खोकर 316 रन बना लिए हैं. बांग्लादेश की टीम अभी भी 132 रन पीछे हैं. बांग्लादेश की तरफ से सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम ने सबसे ज्यादा 93 रन बनाए हैं. पाकिस्तान की ओर से खुर्रम शहजाद को सबसे ज्यादा दो विकेट मिले. मुश्फिकुर रहीम 55 रन और लिटन दास 52 रन बनाकर खेल रहे हैं. इससे पहले गुरुवार को मुकाबले के दूसरे दिन पाकिस्तान ने छह विकेट खोकर 448 के स्कोर पर अपनी पहली पारी घोषित



की. टीम से सऊद शकील और मोहम्मद रिजवान ने सेंचुरी लगाई. बांग्लादेश ने दिन का खेल खत्म होने तक अपनी पारी शुरू कर दी. टीम ने 12 ओवर में बगैर नुकसान के 27 रन बना लिए. पाकिस्तान ने पहले दिन चार विकेट पर 158 के स्कोर पर अपनी पारी खत्म की थी. शकील 57 और रिजवान 24 रन बनाकर नॉटआउट थे. दोनों ने पारी आगे बढ़ाई और पाकिस्तान को 200 के पार पहुंचा दिया.

पहले सेशन में टीम ने कोई विकेट नहीं गंवाया और 256 रन बना दिए. रिजवान 89 और शकील 86 रन बनाकर नॉटआउट रहे.सेकेंड सेशन में रिजवान और शकील दोनों ने सेंचुरी जड़ दीं. दोनों यहीं नहीं रुके और टीम का स्कोर 350 के पार भी पहुंचा दिया. शकील 141 रन बनाकर आउट हुए और उनकी रिजवान के साथ 240 रन की पार्टनरशिप टूट गई. तीसरे सेशन में 14 ओवर का खेल बाकी था, तभी पाकिस्तान ने पारी डिक्लेयर की थी.

**जैवलिन** लुसाने डायमंड लीग में सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ दूसरे स्थान पर रहे

# मुझे खुशी है कि मैंने आखिर तक हार नहीं मानी : चोपड़ा

भाषा। लुसाने

भाला फेंक के स्टार भारतीय खिलाड़ी नीरज चोपड़ा फिटनेस संबंधी चिंताओं के बावजूद यहां डायमंड लीग एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपने आखिरी प्रयास में 89.49 मीटर का सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दूसरे स्थान पर रहे. पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाला यह 26 वर्षीय खिलाड़ी चौथे दौर तक चौथे स्थान पर चल रहा था. उन्होंने पांचवें प्रयास में 85.58 मीटर भाला फेंका. नीरज ने हालांकि अपना सर्वश्रेष्ठ आखिरी प्रयास के लिए बचा रखा था. गुरुवार को खेली गई इस पर प्रतियोगिता में नीरज ने अंतिम प्रयास में 89.49 मीटर



भाला फेंका जो पेरिस ओलंपिक के 89.45 मीटर से थोड़ा बेहतर है. नीरज पर छठे प्रयास से पहले बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था, लेकिन पांचवें प्रयास में बेहतर प्रदर्शन से वह मुकाबले में बने रहे. पहले पांच प्रयास में शीर्ष तीन पर रहने वाले खिलाड़ियों को ही अंतिम प्रयास में भाग लेने की अनुमति मिलती है. दो बार के विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स दूसरे दौर में 90.61 मीटर के प्रयास के साथ पहले स्थान पर रहे. जर्मनी के जूलियन वेबर ने 87.08 मीटर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया.

नीरज ने बाद में कहा, शुरू में अच्छा महसूस नहीं हो रहा था लेकिन मैं अपने थ्रो से खुश हूं, खासकर अपने आखिरी प्रयास में दूसरा (करियर का) सर्वश्रेष्ठ थ्रो करके. शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही, लेकिन मैं वापसी करने में सफल रहा. मुझे खुशी है कि मैंने आखिर तक हार नहीं मानी. भले ही मेरा शुरुआती थ्रो 80-83 मीटर के आसपास था लेकिन आखिरी दो प्रयासों में दमदार प्रदर्शन करने में सफल रहा. इस तरह की शीर्ष प्रतियोगिता में मानसिक रूप से मजबूत रहना और अपना जज्बा बनाए रखना महत्वपूर्ण होता है. पिछले साल से फॉर्म में वापसी करने के लिए प्रयासरत पीटर्स यहां शुरू से लेकर आखिर तक पहले स्थान पर बने रहे. उन्होंने 90 मीटर की दूरी पार करके अपना पहला स्थान सुनिश्चित कर दिया था. उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 93.07 मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था. चोपड़ा यहां दूसरे स्थान पर रहने के बाद डायमंड लीग की तालिका में 15 अंक लेकर वेबर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं. पीटर्स 21 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गए.

# शेन वार्न के निधन से लगा कि जैसे परिवार का कोई सदस्य खो दिया : कुलदीप यादव

भाषा। मेलबर्न

भारत के स्पिनर कुलदीप यादव ने खुलासा किया है कि दो साल पहले ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज शेन वार्न के निधन से उन्हें लगा कि जैसे उन्होंने अपने परिवार का कोई सदस्य खो दिया क्योंकि उनका हमेशा मानना था कि उनके बीच एक मजबूत रिश्ता था. ऑस्ट्रेलिया की संक्षिप्त पारिवारिक यात्रा पर आए कुलदीप ने अपने आदर्श क्रिकेटर के घरेलू मैदान प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) का दौरा किया, जहां उन्होंने स्टेडियम के बाहर वार्न की प्रतिमा के साथ फोटो खिंचवाई. कुलदीप ने कहा, शेन वार्न मेरे आदर्श थे और मेरा उनके साथ बहुत



गहरा रिश्ता था. जब भी मैं वार्न के बारे में सोचता हूं तो मैं भावुक हो जाता हूं. ऐसा लगता है जैसे मैंने अपने परिवार से किसी को खो दिया है. उन्होंने हालांकि ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज लेग स्पिनर के साथ अपने संबंधों के बारे में विस्तार से नहीं बताया. वार्न का 2022 में थाईलैंड में छुट्टियां बिताने के दौरान दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था. टी20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे कुलदीप की यह यात्रा 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से कुछ महीने पहले हो रही है. उन्होंने कहा, मैं बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का इंतजार कर रहा हूं और हम इस साल ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच शानदार क्रिकेट प्रतियोगिता की उम्मीद कर रहे हैं. कुलदीप ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) मुख्यालय का भी दौरा किया और सीईओ निक हॉकले से ऑनलाइन बातचीत की. उन्होंने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों का भी हमेशा टीम का समर्थन करने के लिए आभार व्यक्त किया.








## युवा आक्रोश मार्च के दौरान भाजपा नेताओं ने हेमंत सरकार पर बोला हमला

# झूठ भी बोलते हो, माफी भी नहीं मांगते हो : मरांडी

**● भाजपा नेताओं ने हेमंत सरकार पर कार्यकर्ताओं को रोकने की बात कही ● मधु कोड़ा और गीता कोड़ा को भी तीन स्थानों पर रोका गया**

ब्यूरो प्रमुख। रांची

रांची के मोरहाबादी मैदान में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से युवा आक्रोश रैली और मार्च में आयोजन किया गया था. मोरहाबादी मैदान में सभा हुई. मंच पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश स्तर के सभी बड़े नेता मौजूद हैं. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के अलावे पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, विधायक सीपी सिंह , पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित पार्टी के कई विधायक सांसद मौजूद रहे. मुख्यमंत्री आवास घेरने जा रहे भाजपा युवा मोर्चा के कई कार्यकर्ताओं को हॉकी स्टेडियम के पास रोक दिया गया. इसके बाद कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए कार्यकर्ताओं पर लाठियां बरसाई गयीं. इस लाठीचार्ज में कई कार्यकर्ता घायल भी हुए हैं. बता दें कि भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता हेमंत सोरेन की सरकार से उनके वादे को पूछने के लिए शुक्रवार को रांची में रैली का आयोजन किया गया था.

**सभा को संबोधित किया : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी** ने कहा कि हेमंत सोरेन ने कहा था युवाओं को नौकरी नहीं देंगे तो संन्यास ले लेंगे, लेकिन 5 साल हो गया हेमंत सरकार ने राज्य के युवाओं को नौकरी नहीं दी. बाबूलाल ने ललकारते हुए कहा कि झूठ भी बोलते हो, माफी भी नहीं मांगते हो. राज्य के युवा आज जवाब मांगने आए हैं. बेरोजगारी भत्ता देने का वायदा किया था, गरीबों को साल में 72 हजार रुपया देने का वादा किया था, वो भी नहीं पूरा नही हुआ. बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर दमनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस तरह से कंटीले तार के साथ पूरे मैदान की बैरिकेडिंग की गई है. ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था.



उग्र भाजपा कार्यकर्ताओं को पानी की बौछार से रोकती पुलिस के जवान. फोटो : रमीज

**शशांक राज** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि चाहे लाख कोशिश कर ले यह सरकार अब युवा मानने वाले नहीं हैं. पांच लाख नौकरी देने का वादा कर युवाओं को ठगने वाली इस सरकार से राज्य के युवा जवाब मांगना चाहते हैं.

**भानु प्रताप शाही** ने हेमंत सोरेन पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को जब तक वीआरएस नहीं दिलवा लेंगे युवा चैन से नहीं बैठेंगे. **पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा** ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इस राज्य की दशा और दुर्दशा से आप परिचित हैं. पिछले पांच सालों में राज्य के अंदर किस तरह से लगातार सभी वर्गों को राज्य की सरकार ने ठगा है. राज्य में ना विकास देखने को मिला, ना विकास की योजना देखने को मिली. ना महिलाओं को सम्मान मिला. ना यहां आदिवासियों की जमीन सुरक्षित है. ना आदिवासी सुरक्षित है. ना माता बहने सुरक्षित है.

**पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा** ने शुभ संदेश से बातचीत करते हुए कहा मुझे भी तीन स्थानों पर रांची आने के दौरान रोका गया. राज्य में बालू, कोयला और आयरन ओर की अवैध कारोबार करने वाले गाड़ियों को रोकी नहीं जाती जबकि पूर्व सांसद गीता कोड़ा और मुझे हेमंत सरकार ने रैली में आने से रोकने का प्रयास किया.

## दो महीने में सरकार की विदाई तय : शिवराज सिंह चौहान

**रांची।** युवा आक्रोश मार्च में शामिल होने रांची पहुंचे केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से बात की. इसमें उन्होंने दावा किया है कि युवा आक्रोश रैली ने हेमंत सरकार को पूरी तरह से हिला दिया है. युवाओं को इस रैली में आने से रोकने लिए सरकार ने पूरा जोर लगाया थी. इसके बाद भी लोग रैली में पहुंचे. हर कदम पर उन्हें रोकने का प्रयास किया गया था. रांची में पहली बार ऐसा हुआ है जब युवाओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा कंटीले तार का इस्तेमाल किया गया. साथ ही उन्होंने सरकार पर हमला करते हुए कहा है कि हेमंत सोरेन ने तो झारखंड की सत्ता नहीं संभाली जा रही है और ना ही पार्टी के मामले को सुलझा पा रहे हैं. हर तरफ से हेमंत सोरेन फेल दिख रहे हैं. पिछले विधानसभा में हेमंत सोरेन ने जो वादा किया था, उसमें से एक भी पूरा नहीं किया है. शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दो महीने के बाद इस सरकार की विदाई निश्चित तौर पर होने वाली है.



### सीएम की लोकप्रियता से बौखलाए भगवाधारी : विनोद

**रांची।** झामुमो ने भाजपा की आक्रोश महारैली और पुलिस से जबरदस्ती उलझने पर पलटवार किया है. पार्टी केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि धर्म, जाति, वैमनस्यता, सांप्रदायिकता फैलाने की मानसिकता रखने वाली भाजपा के नापाक मंसूबे झारखंड की सरजमीं पर कभी कामयाब नहीं होगी. केंद्र और भाजपा का भेदभावपूर्ण रवैया जगजाहिर हो चुका है. भगवाधारी हेमंत की लोकप्रियता से घबरा गए हैं.

## कंटीले तारों की बैरिकेडिंग को प्लास से काटते रहे भाजपाई



कंटीले तार को काटते भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता.

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की आक्रोश रैली के मद्देनजर पुलिस के अधिकारी सुबह से ही सतर्क दिखे. डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन सिन्हा, सिटी समेत अन्य अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को बताया कि किसी भी हालत में रैली में शामिल लोग सीएम हाउस तक ना पहुंच पाये, यह हमें सुनिश्चित करना है. सुरक्षा के मद्देनजर मोरहाबादी मैदान और कांके रोड में पुलिस के अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई थी. मजिस्ट्रेट के साथ करीब 2000 जवानों को तैनात किया गया था. सीएम आवास से लेकर मोरहाबादी मैदान तक 15 डीएसपी, 25 इंस्पेक्टर की भी तैनाती की गई थी. ताकि रैली में शामिल लोग किसी भी हाल में कांके रोड स्थित सीएम आवास तक ना पहुंच सके. रांची के लिए यह पहला मौका है जब सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने मोरहाबादी मैदान से सीएम हाउस तक आने के तमाम रास्तों की बैरिकेडिंग कंटीले तारों से की. हालांकि प्रदर्शनकारियों ने प्लास से इसे कई जगह काटा भी. वाहनों को शहर में आने–जाने में किसी तरह की परेशानी न हो, इसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सुबह 6.00 से रात 10.00 बजे तक शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी थी.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** तन भाव में चंद्र है. धन का आगमन होगा, पर किसी बात को लेकर विवाद हो सकता है. यात्रा में सावधानी रखें, नुकसान हो सकता है. वाद विवाद से प्रतिष्ठा में कमी आयेगी. जोखिम-जमानत के कार्य न करें. मिठाई का दान करें.

**वृष** समय बहुत ही सामान्य है, पर आपके प्रभाव से विरोधी हार मानेंगे. राजकीय कार्यों में गति आएगी. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता मिलेगी. पुराण और बड़ा निवेशादि लाभ देंगे. संतान की तरक्की से मन प्रसन्न रहेगा. मंदिर में अन्न का दान करें.

**मिथुन** दिन का समय सामान्य है. भाई के लिए शाम का समय ठीक है. पर जल्द बाजी में लिए हुए निर्णय ठीक नहीं होंगे. यह नुकसान का कारण बनेगा. सोच-समझकर निर्णय लें. सुख के साधनों की चिंता हो सकती है. संपत्ति के कार्य सफल होंगे.

**कर्क** घर परिवार में सुख शांति होगा. भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा. आपकी मेहनत के बल पर पराक्रम में वृद्धि होगी. विद्यार्थी वर्ग को अल्प प्रयास से सफलता मिलेगी. निवेशादि से लाभ होगा. किसी बड़े लाभ का योग है. मंदिर में जल दान करें.

**सिंह** सोच विचार कर ही कार्य करें. ससुराल से लाभ होगा. भाग्य के बल से कार्य होगा. कोशिश करने से कार्य बनेंगे. कठिन परिश्रम द्वारा सफलता मिलेगी, किसी वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें. व्यापार-व्यवसाय में अचानक लाभ के योग हैं.

**कन्या** कोई कार्य करने या बोलने से पहले सोच समझ लें. खर्च बढ़ सकता है. पराक्रम में वृद्धि होगी. निवेश करने के लिए समय सही है. आपकी मेहनत के बल पर रोजगार प्राप्ति हो सकती है. कोई छोटी यात्रा शुभ रहेगी. गौ माता का सेवा करें.

**तुला** प्रतिष्ठा बढ़ेगी. परिवार का सुख सहयोग मिलेगा.निवेशादि से लाभ होगा. रोजगार प्राप्ति हो सकती है. बौद्धिक कार्य सफल होंगे. दूसरों की देखादेखी नहीं करें. पार्टनर से मतभेद होगा. कृष्ण के बालरूप का पूजन करें.

**वृश्चिक** संतान के कार्य बनने से मन खुश होगा. अचानक कार्य बनने के योग उपस्थित होंगे. कोई छोटी यात्रा शुभ होगी. निवेशादि लाभदायक रहेंगे, व्यापार अच्छा चलेगा. मानसिक उलझन होगा. हनुमानजी का पूजन अर्चन करें.

**धनु** शिक्षा में कुछ अड़चन का योग है. कार्य सावधानी से करें. ज्यादा आत्मविश्वास घातक है. व्यय बढ़ने से क्लेश हो सकता है. निर्णय सोच समझ कर लें, जोखिम न लें. प्रतिष्ठित व्यक्ति से भेंट हो सकती है. कोई कार्य बनने से लाभ होगा.

**मकर** कार्य का विरोध हो सकता है. रुका हुआ धन प्रयास करने पर वापस आएगा. कोई छोटी यात्रा शुभ रहेगी. निवेशादि से लाभ होगा. कार्य व्यवसाय में सफलता की संभावना है. गाय का घी ब्राह्मण को दान करें.

**कुंभ** राजकीय कार्यों की रुकावटें दूर होंगी. निवेशादि से लाभ होगा. शेयर बाजार से लाभ का योग है. नौकरी इन्टरव्यू में सफलता मिलेगी. रुके हुए काम बन सकते हैं. किसी गरीब को भरपेट भोजन दें. समय बहुत ही अनुकूल होगा.

**मीन** हृदय सम्बंधित रोग से बचें. क्रोध से भी हानि का योग है. किसी मंदिर में दर्शन पूजन का योग है. अध्यात्म के प्रति खर्च होगा. बिगड़ते कार्य बनने लगेंगे. सोचा हुआ निवेशादि लाभ देंगे. कार्य व्यवसाय ठीक चलेगा. वाहन का प्रयोग सावधानी से करें.

## राज्य सरकार को अस्थिर करना चाहती है भाजपाः जुबैर

**खूंटी ।** केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के नेतृत्व में शुक्रवार को झारखंडी अधिकार मार्च निकाल और केंद्र की मोदी सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया. विरोध मार्चं स्थानीय भगत सिंह से नेताजी चौक तक निकाला गया, जो डाक बंगला रोड होते हुए पुनः भगत सिंह चौक तक आया. बाद में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन भी किया.

जुबैर अहमद ने कहा कि जब से झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है, तब से भाजपा इसे अस्थिर करने के प्रयास में लगी है. ईडी, सीबीआई का सहारा लेकर जनता द्वारा चुनी गयी लोकप्रिय सरकार को अस्थिर करने की साजिश में लगी है. उन्होंने कहा कि रुपयों के बल पर सरकार को तोड़ने में लगी है, पर उनका यह मंसूबा कभी पूरा नहीं होगा. भाजपा राज्य को तोड़ने में लगी है, जबकि झामुमो राज्य को जोड़ने का काम कर रहा है. उन्होंने कहा कि केंद्र झारखंडियों के हितों से खिलवाड़ कर रही है.

## उपस्वास्थ्य केंद्र बना तो जरूर, पर लाभ नहीं

संवाददाता। रमना

प्रखंड अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल ऐसा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी सीएचओ के सहारे चल रहा है. साथ ही प्रखंड के वेलनेस एंड हेल्थ सेंटर में पदस्थापित चिकित्सा कर्मी को दीया लेकर खोजने पर भी शायद ही मिल जाये. इन सभी से भी अजूबा कार्य बहियार खुर्द पंचायत परसवान ग्राम में पॉवर हाउस के पीछे लाखों की लागत से बने उपस्वास्थ्य केंद्र की है. इस केंद्र की निर्माण हुए करीब पांच वर्ष हो गये लेकिन इस केंद्र में आज तक कोई चिकित्सा कर्मी गये ही नहीं.

करोड़ों की लागत से बना यह भवन आज वीरान पड़ा है. ग्रामीण इस भवन को बैल बकरी को गर्मी बरसात और ठण्ड से बचाने के लिए इसी मार्बल टाइल्स लगे भवन का उपयोग करते है. जिस भवन को जन स्वास्थ्य सेवा के लिए उपयोग होना था वह तबेला बन गया है. इस सम्बन्ध में ग्रामीण गुलाम रसूल ने कहा कि आज से चार पांच वर्ष पूर्व में इस उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य हुआ था, लेकिन पता नहीं किस कारण से आज तक इसमें स्वाथ्य कर्मी नहीं आये और स्वास्थ्य सुविधा इस पंचायत में बहाल नहीं हुआ. समाजसेवी कुलदीप पासवान बताया कि उपस्वाथ्य केंद्र तो बन कर तैयार वर्षों पहले ही हो चुका है. आज इसकी स्थिति बद से बदतर हो गया है. इस संबंध में अनुमंडलीय चिकित्सा पदाधिकारी सुचित्रा कुमारी ने बताया कि इस भवन के संवेदक द्वारा मुझे हैंड ओवर नहीं किया गया.

रमना उप-स्वास्थ्य केंद्र



## सीसीएल को मिला सीएसआर टाइम्स अवॉर्ड 2024

संवाददाता। रांची

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) को रांची में खेल अकादमी के बेहतर संचालन के लिए पीएसयू श्रेणी में सीएसआर टाइम्स अवॉर्ड 2024 (गोल्ड अवार्ड) से सम्मानित किया गया. शुक्रवार को गोवा में आयोजित समारोह में यह अवॉर्ड राज्यसभा सांसद सदानंद शेट तानावड़े द्वारा प्रदान किया गया. इस पुरस्कार को जेएसएसपीएस परियोजना से जुड़े सीसीएल टीम ने ग्रहण किया. बता दें कि झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस), झारखंड सरकार के सहयोग से चलायी जा रही है. सीसीएल की इस सीएसआर पहल के तहत राज्यव्यापी प्रतिभा खोज के माध्यम से चुने गए 291 बालक और बालिकाओं को 11 अकादमियों में अनुभवी कोच द्वारा रांची के खेलगांव में खेल संरचना का उपयोग कर मुफ्त आवासीय प्रशिक्षण व स्कूली शिक्षा दी जा रही है.



## बदले गए कई अंचल के सीओ, अधिसूचना जारी

**रांची।** शुक्रवार को राज्य सरकार ने सात अंचल अधिकारियों (सीओ) का तबादला किया है. भू राजस्व विभाग की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है. राहे अंचल अधिकारी अनुज टेटे का ट्रांसफर चक्रधरपुर किया गया है. हैदरनगर अंचल अधिकारी के पद पर तैनात विकास पांडेय का ट्रांसफर राहे अंचल में किया गया है. ऋषिकेश मरांडी को पीरटांड़ (गिरिडीह) से मुसाबनी (पू. सिंहभूम) का सीओ बनाया गया है. संतोष कुमार को मुसाबनी से हैदरनगर (पलामू) का सीओ, गिरिजानंद किस्कू को चक्रधरपुर से पीरटांड़ का सीओ बनाया गया है. पालकोट (गुमला) की सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी रजनी रेजिना इंदवार को पालकोट (गुमला) का सीओ बनाया गया है. वहीं, साहिबगंज के भूमि सुधार उप समाहर्ता जयवर्धन कुमार को गिरिडीह में भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया है.

**बदहाल** गुवा अस्पताल में बेड 60 और मरीज 76, जमीन पर हो रहा इलाज

# मरीजों के आने का सिलसिला जारी : सीएमओ

शैलेश सिंह । किरीबुरु

सारंडा क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश, जल जमाव, दूषित पानी का इस्तेमाल व मलेरिया मच्छरों के प्रकोप से मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है. इससे सेल की गुवा अस्पताल प्रबंधन परेशान है. गुवा अस्पताल में 60 बेड की क्षमता है, लेकिन 23 अगस्त तक 76 मरीज भर्ती किए गये हैं. अस्पताल बेड नहीं रहने के बावजूद गंभीर मरीजों के आने के बावजूद उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर इलाज किया जा रहा है. अस्पताल में निरंतर मरीजों के आने का सिलसिला जारी है, लेकिन बेड नहीं होने के कारण जमीन पर लिटाकर इलाज किया जा रहा है. ऐसा ही हाल सेल, किरीबुरु एवं अन्य अस्पतालों तथा दवा दुकानों की भी है.



गुवा अस्पताल का बेड मरीजों से भरा हुआ है.

इस संबंध में सेल अस्पताल, गुवा के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (सीएमओ) डॉक्टर सीके मंडल ने कहा कि हमारे यहां लूज मोशन, मलेरिया, बुखार, सर्दी-खांसी, पेट दर्द, वायरल बुखार से ग्रसित प्रायः मरीज आ रहे हैं. यह अस्पताल 60 बेड क्षमता का है, लेकिन वर्तमान में 76 मरीज भर्ती हैं. जमीन पर लिटा कर जैसे-तैसे व्यवस्था कर मरीजों की जान बचाने के लिए इलाज किया जा रहा है. चिकित्सक व अस्पताल के सहयोगी स्टाफ लगातार मेहनत कर रहे हैं.

## उत्क्रमित उवि की प्रबंध समिति का गठन, जय मसीह बने अध्यक्ष



संवाददाता। खूंटी

मुरहू प्रखंड की गानालोया पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंध समिति के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया. सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश पर हुए चुनाव में जयमसीह गुड़िया को अध्यक्ष चुना गया. बैठक में मुरहू प्रखंड के उप प्रमुख अरुण कुमार साबू, रोशन लाल गैंझू, गानालोया के मुखिया डेनियल डुंगडुंग, शिक्षा विभाग के चयन पदाधिकारी सुजय कुमार मांझी और काफी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक उपस्थित थे. उप प्रमुख अरुण कुमार साबू ने सभी नव निर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दी और उन्हें विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्यों और दायित्वों की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि शिक्षक और शिक्षा के बीच में आप एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं. इस कड़ी को इसलिए रखा गया है ताकि संबंधित गांव में स्थित स्कूल का संचालन और पठन-पाठन पर आप ध्यान रखेंगे. ऐसा कोई समस्या उत्पन्न न हो, जिससे स्कूल के संचालन में परेशानी हो. इसके साथ ही शारीरिक विकास के लिए खेलकूद के लिए उपकरण भी बच्चों को देना पड़ेगा. पंचायत समिति सदस्य रोशन लाल ने भी सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी और कहा कि स्कूल प्रबंधन समिति का गठन सार्वजनिक रूप से किया गया है, जिसमें किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं रखा गया.

## पेज 1 का शेष...

### पहले 20 करोड़ नौकरी के....

**हमारी सरकार ने रोजगार को बढ़ावा दिया :** मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, मुख्यमंत्री समृद्धि योजना, फूलो-झानो आर्शीवाद योजना के साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया. बेटे-बेटियों की शिक्षा के लिए कई योजनाएं लायीं. जो सामाजिक सुरक्षा योजना जैसे मुख्यमंत्री मईंया योजना, यूनिवर्सल पेंशन स्कीम ये तमाम चीजें को करने में दिक्कतें आयीं, मगर फिर हम कभी अपने दायित्व से पीछे नहीं हटे. एक-एक मुहल्ले, पंचायत में मंत्री, अधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक ट्रैक्टर में बैठ कर गांवों तक पहुंचे.

**झारखंडी अधिकार मार्च हमारे हक की लड़ाई :** भट्टाचार्य ने कहा कि खनिज संपदा पर रॉयल्टी का एक लाख, 36 हजार करोड़ रुपये केंद्र के पास बकाया है. आदिवासियों के अस्तित्व के लिए सरना धर्म कोड को लागू कराना जरूरी है. 2019 में मिले जनमत के बाद जिस तरीके से भाजपा द्वारा सरकार को अस्थिर करने की लगातार साजिश चल रही है. इन सभी मुद्दों पर झारखंडी हक, अधिकार एवं मान-सम्मान के लिए झामुमो ने झारखंडी अधिकार मार्च शुरू किया है.

**राजनीतिक कार्यक्रम की अनुमति ली थी, मगर पहुंच गए उपद्रवी :** विपक्षी दल ने प्रशासन को जानकारी दी थी कि भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा लोकतांत्रित तरीके से एक राजनीतिक कार्यक्रम मोरहाबादी मैदान में किया जाएगा. इसकी अनुमति भी मिली, मगर पुलिस पर पत्थरों से हमले हुए, कई पुलिस कर्मी भी घायल हुए. इसके बावजूद पुलिस के संयम के कारण बड़ा हादसा टल गया. सभा स्थल पर कोई बेरेगेंडिग नहीं की गयी थी. मुख्यमंत्री निवास के इर्द-गिर्द जहां निषेधाज्ञा थी. वहां पर पहुंचना उचित नहीं था. भाजपा की रैली में कार्यकर्ता कम और उपद्रवी ज्यादा थे. उनके हाथ में कटर, गुलेल, पत्थर, लाठी-डंडे थे.

### नेपाल में नदी में गिरी...

जिला पुलिस कार्यालय तनहुन के प्रवक्ता डीएसपी दीपक कुमार राया ने बताया कि शुक्रवार को दिन के करीब 11:30 बजे बस मार्सयांगडी नदी में गिर गई. बचाए गए लोगों में से 15 बातचीत कर रहे हैं.

## न्यूज अपडेट

### मंकीपॉक्स पर केंद्र का अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** दुनिया के कई देशों में मंकीपॉक्स के बढ़ते खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने अलर्ट जारी किया है. केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक प्रेस रिलीज जारी कर सभी राज्यों को एमपॉक्स पर नजर रखने और एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया है. महाराष्ट्र सरकार ने एमपॉक्स के प्रसार को रोकने के लिए सर्वे, रोकथाम और संक्रमण के नियंत्रण के लिए लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया है. स्वास्थ्य विभाग के एक सीनियर अधिकारी ने यह जानकारी दी.

### हसीना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ-साथ पूर्व मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों का राजनयिक पासपोर्ट रद्द कर दिया है. अंतरिम सरकार ने यह कदम विद्यार्थियों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा इस्तीफा देने और भारत चले जाने के लगभग दो सप्ताह बाद उठाया है. सरकार ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व प्रधानमंत्री के सलाहकारों, पूर्व मंत्रिमंडल के सदस्यों और हाल में भंग की गई संसद के सभी सदस्यों को मिले राजनयिक पासपोर्ट तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे.

### नेपाल ने 'टिकटॉक' से प्रतिबंध हटाया

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने लोकप्रिय सोशल मीडिया मंच 'टिकटॉक' पर बृहस्पतिवार को प्रतिबंध कुछ शर्तों के साथ हटा लिया है. मंत्रिमंडल की बैठक में कुछ शर्तों के साथ टिकटॉक पर से प्रतिबंध हटाने का फैसला किया गया जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्रालय के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करना शामिल है. अब हर सोशल मीडिया मंच को "सोशल नेटवर्क ऑपरेशन गाइडलाइन 2080" की धारा तीन के तहत मंत्रालय में सूचीबद्ध किया जाएगा.

### दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में एक इनामी नक्सली समेत दो नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया. जिले में सक्रिय दो नक्सलियों कुहराम बंडी व माड़वी कोसा ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया. नक्सली बंडी को पकड़ने पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था. राज्य सरकार की 'नियद नेल्ला नार' योजना से प्रभावित होकर तथा नक्सलियों की विचारधारा तथा उनके शोषण से तंग आकर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है.

### आइसलैंड में फिर से ज्वालामुखी फटा

**ग्रिंडाविक।** दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड के रेक्जनेस प्रायद्वीप में बृहस्पतिवार शाम ज्वालामुखी फटा, जिससे लाल लावा बाहर निकालने लगा. दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में दिसंबर से छठी बार ज्वालामुखी फटा है. रेक्जनेस प्रायद्वीप में कई शक्तिशाली भूकंप आने के बाद रात नौ बजे ज्वालामुखी फटा और एक घंटे के भीतर सुंधनुकुर क्रेटर में चार किलोमीटर तक लंबी दरार आ गई. आइसलैंड के अधिकारियों ने कहा कि ज्वालामुखी विस्फोट का प्रभाव स्थानीय स्तर तक ही सीमित है.

### सर्बिया में घर में आग से छह की मौत

**बेलग्राद।** उत्तरी सर्बिया के एक शहर में शुक्रवार को सुबह एक घर में आग लगने से चार बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने यह जानकारी दी. गृह मंत्री इविका डेसिक ने बताया कि आग लगने की यह घटना राजधानी बेलग्राद से करीब 90 किलोमीटर उत्तर में नोवी साद में तड़के करीब तीन बजे की है. एक चिकित्सक ने बताया कि स्वास्थ्यकर्मियों की टीम जब घटना स्थल पर पहुंची तो दुर्घटना का शिकार हुए लोगों की मौत हो चुकी थी.

### नाटो के 'एयर बेस' पर सुरक्षा बढ़ाई

**बर्लिन।** पश्चिम जर्मनी में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के 'एयर बेस' पर 'संभावित खतरे' की खुफिया सूचना के मद्देनजर इसकी सुरक्षा बढ़ा दी गयी है और मिशन के लिए गैर-जरूरी सभी कर्मचारियों को एहतियात के तौर पर घर भेज दिया गया है. नीदरलैंड की सीमा के पास गिलेनकिर्चेन एयर बेस वह जगह है, जहां नाटो के 'एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम' (अवाक्स) विमान हैं. नाटो अवाक्स बेड़े के हैंडल से बृहस्पतिवार को जारी एक पोस्ट में यह जानकारी दी गई.

### यूएस सैन्य सहायता यूक्रेन को भेजेगा

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन यूक्रेन को लगभग 12.5 करोड़ अमेरिकी डालर की नयी सैन्य सहायता भेजेगा. अधिकारियों ने बताया कि सहायता के नवीनतम पैकेज में वायु रक्षा मिसाइलें, हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम, जैवलिन और बख्तरबंद रोधी मिसाइल, काउंटर-ड्रोन और काउंटर-इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों और उपकरणों, 155 मिमी और 105 मिमी तोपों के गोला-बारूद, वाहन आदि शामिल हैं.

### नेकां और कांग्रेस में सीटों पर सहमति

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के ज्यादातर विधानसभा क्षेत्रों को लेकर कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया गया है और शेष सीट को लेकर आम सहमति बनाने के लिए बातचीत जारी है. अब्दुल्ला ने कहा, 'मैं आपको बता सकता हूं कि हम 90 में से अधिकतर सीट को लेकर आम सहमति पर पहुंच गए हैं.' बाकी सीट को लेकर चर्चा जारी है.

# असम में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म, विरोध में व्यापक प्रदर्शन




## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पूरे प्रदेश में सड़क पर उतरे लोग

**एजेंसी। गुवाहाटी**

असम के नागांव जिले में तीन व्यक्तियों द्वारा 14 वर्षीय एक किशोरी से कथित तौर पर बलात्कार किए जाने की घटना के विरोध में राज्य में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना धींग इलाके में उस समय हुई, जब लड़की बृहस्पतिवार शाम को ट्यूशन से घर लौट रही थी. उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों को नाबालिग पीड़िता सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिली थी जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी. पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अधिकारी ने बताया कि दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है और अन्य की तलाश जारी है.

इस बीच, समाज के विभिन्न वर्गों के लोग दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार की सुबह सड़कों पर उतर आए. दुकानदारों ने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों के शटर गिरा दिए और सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने और महिलाओं एवं लड़कियों की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की.

### मुख्यमंत्री ने मानवता के खिलाफ अपराध बताया

इलाके में तनाव के बीच पुलिस महानिदेशक जी पी सिंह के धींग वहां पहुंचे. मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा, 'धींग में एक नाबालिग के साथ हुई भयावह घटना मानवता के खिलाफ अपराध है और इसने हम सबकी अंतरात्मा को झकझोर दिया है.' शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'हम किसी को नहीं छोड़ेंगे और अपराधियों को न्याय के दायरे में लाएंगे. मैंने असम पुलिस के पुलिस महानिदेशक को घटनास्थल पर जाकर ऐसे राक्षसों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है.'

## बदलापुर स्कूल में दो बच्चियों के साथ कथित यौन उत्पीड़न का मामला

# हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र बंद का आह्वान करने से रोका

**एजेंसी। मुंबई**

बम्बई उच्च न्यायालय ने राजनीतिक दलों या व्यक्तियों को महाराष्ट्र बंद का आह्वान करने से रोक दिया. विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) ने ठाणे जिले के बदलापुर के एक स्कूल में दो बच्चियों के साथ कथित यौन उत्पीड़न के विरोध में 24 अगस्त को पूरे राज्य में बंद का आह्वान किया है. मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार बंद को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी. पीठ ने कहा कि अदालत बंद के आह्वान को चुनौती देने वाली अधिवक्ता सुभाष झा और गुणरत्न सदावर्ते के माध्यम से शुक्रवार को दायर दो याचिकाओं पर जल्द ही एक विस्तृत आदेश पारित करेगी. उच्च न्यायालय ने कहा, 'हम किसी भी राजनीतिक दल या किसी भी व्यक्ति को बंद का आह्वान करने से रोक रहे हैं. राज्य सरकार सभी निवारक कदम उठाएगी.' राज्य के महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने अदालत को बताया कि बंद का आह्वान अवैध है.

सराफ ने कहा, 'राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाएगी कि जनता या सार्वजनिक संपत्ति को कोई नुकसान न पहुंचे. राज्य अपना कर्तव्य निभाएगा, लेकिन सभी की संवैधानिक जिम्मेदारियां हैं, जिनका उन्हें पालन करना चाहिए.' अदालत ने सराफ से पूछा कि सरकार ने क्या एहतियाती कदम उठाए हैं और क्या एहतियात के तौर पर कोई गिरफ्तारी की गई है. सराफ ने कहा कि कुछ लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है.



### बदलापुर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामले वापस लिए जाएं, अन्यथा हम सड़कों पर उतरेंगे : उद्धव



इस बीच, शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बदलापुर के एक स्थानीय स्कूल में दो बच्चियों के कथित यौन शोषण के विरोध में प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लेने की शुक्रवार को मांग की और आगाह किया कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो विपक्ष सड़कों पर उतरेगा. ठाकरे ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाडी (एमवीए) द्वारा 24 अगस्त को आहूत 'महाराष्ट्र बंद' राजनीतिक नहीं है बल्कि यह 'दुष्कृत्य' के खिलाफ है और उन्होंने लोगों से जाति एवं धर्म से ऊपर उठकर इसमें भाग लेने का आग्रह किया. उन्होंने दावा किया कि यह बंद राज्य के लोगों की ओर से किया जाएगा. ठाकरे ने बदलापुर विरोध प्रदर्शन पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार की कार्रवाई की आलोचना करते हुए कहा, 'बदलापुर में अब भी गिरफ्तारियां हो रही हैं. प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लिए जाने चाहिए.

### हाई कोर्ट के आदेश के मद्देनजर पवार ने महाराष्ट्र बंद का आह्वान वापस लेने की अपील की



**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार को उच्च न्यायालय के आदेश के मद्देनजर 24 अगस्त के महाराष्ट्र बंद का आह्वान वापस लेने की अपील की है. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में बच्चियों और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं और गृह विभाग को ऐसे अपराधों पर नजर रखने के लिए सतर्क रहना चाहिए. बदलापुर की घटना का जिक्र करते हुए पवार ने कहा कि स्कूल में ऐसा अपराध होना खौफनाक बात है. उन्होंने बदलापुर विरोध प्रदर्शन को "राजनीतिक" कहने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की आलोचना की. पवार ने कहा, 'इस तरह के कृत्य के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है और सभी ने इसकी मांग की है. राज्य सरकार को ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए सतर्क रहना चाहिए. गृह विभाग को जहां भी जरूरत हो, सख्त कार्रवाई करनी चाहिए.'

## आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले के परवाड़ा में हुई घटना

# दवा कंपनी में आग लगने से झारखंड के चार लोग घायल

- मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने दिया घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराने का निर्देश

**एजेंसी। परवाड़ा (आंध्र प्रदेश)**

आंध्र प्रदेश में अनकापल्ली जिले के परवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक दवा कंपनी में शुक्रवार को आग लग गई, जिससे झारखंड के चार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए. अनकापल्ली की पुलिस अधीक्षक एम. दीपिका पाटिल ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू फार्मा सिटी (जेएन फार्मा सिटी) के परवाड़ा स्थित एक कारखाने में बृहस्पतिवार देर रात करीब एक बजे आग लग गई. आधिकारिक बयान के अनुसार, ''सिनर्जीन एक्टिव इंग्रीडिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड'' नामक कंपनी में यह हादसा हुआ. पाटिल ने ''पीटीआई-भाषा'' से कहा, 'इस घटना में किसी की जान नहीं गई, हालांकि चार मजदूर घायल हो गए. कारखाने में एक रासायनिक पाउडर और एक रासायनिक तरल को मिलाया जा रहा था...इससे निकले वाष्प के बिजली के संपर्क में आने से आग लग गई. उस दौरान वहां झारखंड के चार श्रमिक मौजूद थे.'' उन्होंने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है. इस बीच, मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने अधिकारियों से घटना की जानकारी ली. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिया है. गृह मंत्री वांगलापुड़ी अनिता को पीड़ितों से मुलाकात करने को भी कहा है. इस घटना से दो दिन पहले ही अनकापल्ली के अचुतापुरम स्थित दवा कंपनी 'एसेंटिया एडवांस्ड साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड' में भी आग लग गई थी. हादसे में 17 लोगों की जान गई थी और 40 अन्य घायल हुए थे.

### बाराबंकी में निजी स्कूल का छज्जा गिरने से 40 बच्चे घायल

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में अवध एकेडमी के नाम से संचालित एक निजी स्कूल में शुक्रवार की सुबह पहली मंजिल का छज्जा गिर जाने से करीब 40 बच्चे मलबे के साथ ही 15 फुट नीचे जमीन पर गिरकर घायल हो गये. पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इनमें से पांच बच्चों की हालत गंभीर बतायी जा रही है. बाराबंकी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि अवध एकेडमी स्कूल में बच्चों की परीक्षा होनी थी. इसी दौरान छज्जा पर एक साथ कई बच्चे आ गए. दबाव से छज्जा अचानक गिर गया. हादसे में 40 बच्चे घायल हुए हैं. सभी घायल बच्चों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है. एसपी ने बताया कि इस हादसे की वजह की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है. उन्होंने कहा कि 'जो भी इस घटना के लिए जिम्मेदार होगा. उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी.'

### भूस्खलन में चार की मौत एक व्यक्ति गंगा नदी में बहा

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के दौरान रुद्रप्रयाग जिले में भूस्खलन की चपेट में आने से चार नेपाली मजदूरों की मृत्यु हो गयी जबकि हरिद्वार जिले में एक व्यक्ति उफनती नदी में नहाते समय बह गया. भारी बारिश से जगह-जगह भूस्खलन होने से बदरीनाथ, केदारनाथ और यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भी यातायात के लिए बाधित हो गया. यहां राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, हरिद्वार जिले के रूड़की के पास हरि अक्षय नगर फेज-1 के 70 घरों में बृहस्पतिवार रात को पथरी नदी का पानी भर गया. पानी से कॉलोनी की चारदीवारी भी टूट गयी. नदी का पानी निकटवर्ती खेतों में भी भर गया जिससे फसलों को नुकसान पहुंचा. केंद्र के अनुसार, टिहरी जिले के बाणगंगा क्षेत्र में गेंवली गांव में भारी बारिश से आधा दर्जन से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हो गए.

# दिल्ली में मोटर वाहन उत्सर्जन तय मानकों से कहीं अधिक है

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

- आईसीसीटी की ओर से किए गए अध्ययन में किया गया दावा
- सीएनजी वाहन भी प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों में शामिल
- इलेक्ट्रिक वाहन, साइकिलिंग और पैदल चलने पर दिया जोर

दिल्ली और गुरुग्राम में मोटर वाहन उत्सर्जन वायु प्रदूषण का एक प्रमुख स्रोत है और यह तय निर्धारित मानकों से कहीं अधिक है. हाल ही में इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन (आईसीसीटी) की ओर से एक अध्ययन किया गया, जिसमें वाहनों से होने वाले वास्तविक उत्सर्जन का विश्लेषण किया गया.

यह अध्ययन द रियल अर्बन एमिशन्स (टीआरयूई) पहल के तहत, एफआईए फाउंडेशन के सहयोग से किया गया खा. इसमें दिल्ली और गुरुग्राम के 20 स्थानों पर एक लाख से अधिक वाहनों के उत्सर्जन का परीक्षण किया गया. अध्ययन में नाइट्रोजन ऑक्साइड (एनओएक्स), कार्बन मोनोऑक्साइड (सीओ) और हाइड्रोकार्बन (एचसी) जैसे प्रदूषकों को मापा गया. इस अध्ययन ने पाया कि भारत स्टेज (बीएस) 6 मानक लागू होने के बावजूद, वाहनों का उत्सर्जन प्रयोगशाला में मापे गए मूल्यों की तुलना में 1.5 से 14.2 गुना अधिक था. रिपोर्ट में यह भी उजागर किया गया है कि उच्च उपयोग वाले वाणिज्यिक वाहनों, जैसे टैक्सियाँ और हल्के सामान वाले वाहन, निजी वाहनों की तुलना में अधिक प्रदूषण फैलाते हैं। उदाहरण के लिए बीएस 6 टैक्सी और एलजीवी (लाइट गुड्स व्हीकल) निजी कारों की तुलना में क्रमशः 2.4 और 5 गुना अधिक एनओएक्स उत्सर्जन करते हैं.

### मप्र में बस पलटने से 5 की मौत, 40 लोग घायल

**पांढुर्ना (मप्र)।** भोपाल से हैदराबाद जा रही एक निजी बस महाराष्ट्र की सीमा से लगे मध्यप्रदेश के नवगठित पांढुर्ना जिले में पलट गई, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और करीब 40 अन्य लोग घायल हो गए. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. पुलिस के अनुविभागीय अधिकारी बृजेश भार्गव ने फोन पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजे मोहित घाट पर डिवाइडर से टकराने के बाद बस पलट गई. उन्होंने बताया कि तीन यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने दुर्घटनास्थल से करीब 60 किलोमीटर दूर नागपुर के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया. भार्गव ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और चार एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया. प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया कि बस 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी, तभी चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया.

## वाशिंगटन की चार दिवसीय यात्रा पर पहुंचे हैं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# भारत-अमेरिका ने किए दो अहम समझौते

**एजेंसी। वाशिंगटन/शिकागो**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की वाशिंगटन की आधिकारिक यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका ने दो प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं. सिंह दोनों देशों के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और बढ़ावा देने के लिए अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर पहुंचे हैं. बृहस्पतिवार को हस्ताक्षरित ये समझौते सुरक्षा व्यवस्था आपूर्ति और संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में समझौता ज्ञापन से संबंधित हैं. रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, 'दोनों पक्षों के वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था आपूर्ति और संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए.' अमेरिका के रक्षा विभाग ने एक बयान में कहा कि एसओएसए समझौते के जरिए अमेरिका और भारत, राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं के लिए पारस्परिक प्राथमिकता समर्थन प्रदान करने पर सहमत हैं. इसके तहत दोनों देश राष्ट्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के मद्देनजर अप्रत्याशित आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों को हल करने के लिए एक दूसरे से आवश्यक औद्योगिकी संसाधन प्राप्त कर सकेंगे.

### भारत के दूत के रूप में काम करें प्रवासी भारतीय : राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत के तीव्र विकास और प्रगति का उल्लेख करते हुए प्रवासी भारतीयों से देश के लिए दूत के रूप में सेवा करने और इसकी वैश्विक धारणा को बढ़ाने में मदद करने का आग्रह किया है. सिंह ने यह टिप्पणी तब की जब 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' के अध्यक्ष डॉ. अदापा प्रसाद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को उनसे मुलाकात की.

### भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध मजबूत : पेंटागन

वहीं अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके अमेरिकी समकक्ष लॉयड ऑस्टिन की बैठक की पूर्व संध्या परकहा कि अमेरिका और भारत के सैन्य संबंध बहुत मजबूत हैं. पेंटागन की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने एक सवाल के जवाब में कहा, 'आपने देखा है कि सहयोग न सिर्फ रक्षा विभाग के नजरिए से बल्कि प्रशासन के नजरिए से भी गहरा हुआ है. हमारे बीच निकट समन्वय बरकरार है और हमारा साथ मिलकर काम करना जारी है.

## डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन | हैरिस ने डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी स्वीकार की, ट्रंप को वोट नहीं देने की अपील

# कमला ने लिया 'सभी अमेरिकियों' की राष्ट्रपति बनने का संकल्प

**एजेंसी। शिकागो**



अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी औपचारिक रूप से स्वीकार करते हुए 'सभी अमेरिकियों' की राष्ट्रपति बनने का संकल्प लिया और दावा किया कि रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की शीर्ष पद पर वापसी के 'अत्यंत गंभीर' हो सकते हैं. चुनाव में हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ी टक्कर है. भारतीय-अफ्रीकी मूल की हैरिस ने शिकागो में बृहस्पतिवार रात 'डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन' के दौरान उम्मीदवारी स्वीकार की और इसी के साथ वह राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने वाली डेमोक्रेटिक पार्टी की दूसरी महिला नेता बन गईं. हैरिस (59) अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए किसी प्रमुख दल की उम्मीदवार बनने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी और पहली अश्वेत महिला हैं. हैरिस जैसे ही मंच पर आईं, उनके समर्थकों ने जोरदार तालियों के साथ उनका स्वागत किया और उनके समर्थन में नारेबाजी की. शिकागो के 'यूनाइटेड सेंटर' में उम्मीदवारी स्वीकार करने के लिए मंच पर आईं हैरिस (59) ने कहा कि उनके लिए असंभव यात्राएं कोई नयी बात नहीं हैं. उन्होंने कहा, 'लोगों की ओर से, प्रत्येक अमेरिकी की ओर से, चाहे वह किसी भी पार्टी, जाति, या भाषा से संबंध रखता हो, मेरी मां की ओर से और उन सभी लोगों की ओर से जिन्होंने ऐसे अमेरिकियों की ओर से अपनी असंभव यात्रा शुरू की, जिनके साथ मैं बड़ी हुई, जो कड़ी मेहनत करते हैं, अपने सपनों का पीछा करते हैं और एक-दूसरे का ख्याल रखते हैं, उन सभी की ओर से, जिनकी कहानी पृथ्वी के सबसे महान राष्ट्र में ही लिखी जा सकती है, मैं उम्मीदवारी स्वीकार करती हूं.'

### अपनी मां श्यामला गोपालन को किया याद

हैरिस की मां श्यामला गोपालन भारतीय थीं और उनके पिता डोनाल्ड जैस्पर हैरिस जमैका के नागरिक हैं. अगर हैरिस निर्वाचित होती हैं, तो वह अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति होंगी. हैरिस ने श्यामला गोपालन को याद करते हुए कहा कि उन्हें अपनी मां की कमी हर रोज महसूस होती है और उन्हें वह खासकर उस समय बहुत याद आती हैं जब वह अमेरिका में किसी बड़े अवरोध को पार कर कोई बड़ी उपलब्धि हासिल करती हैं. उन्होंने कहा कि पांच नवंबर को होने वाला चुनाव अमेरिका के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण होगा.

### पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर साधा निशाना

हैरिस ने उनके अमेरिका की 47वें राष्ट्रपति चुने जाने पर भविष्य की अपनी योजनाओं की रूपरेखा पेश की. उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा, 'कई मायनों में, डोनाल्ड ट्रंप धीर-गंभीर व्यक्ति नहीं हैं, लेकिन ट्रंप को 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में वापस लाने के परिणाम बेहद गंभीर हैं.' उन्होंने 'ओवल ऑफिस' में ट्रंप के कार्यकाल के दौरान हुई 'अराजकता' के बारे में बात की और 2020 में मिली हार के बाद चुनाव परिणामों पर ट्रंप द्वारा सवाल उठाए जाने की ओर भी इशारा किया.

# निर्माणाधीन कॉटेज की छत गिरने से ठेकेदार सहित पांच की मौत

- इंदौर जिले के रिजॉर्ट में हुई घटना, मृतकों में दो सगे भाई

**एजेंसी। इंदौर**

मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में तेज बारिश के बाद शुक्रवार को एक रिजॉर्ट के निर्माणाधीन कॉटेज की छत का स्लैब गिरने के कारण मलबे में दबने से एक ठेकेदार और चार मजदूरों की मौत हो गई. मृतकों में दो सगे भाई शामिल हैं. पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी.

राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हादसे पर शोक जताते हुए पांचों मृतकों के शोक में डूबे परिजनों को दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है. मौके पर पहुंचीं पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने संवाददाताओं को बताया कि जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर चोरल क्षेत्र में एक निर्माण कार्य के दौरान हाल ही में सीमेंट-कंक्रीट की छत की स्लैब भरी गई थी और वहां काम कर रहे पांच लोग इसके नीचे सो गए थे. उन्होंने बताया, 'जब चौकीदार शुक्रवार की सुबह मौके पर पहुंचा, तो उसने पुलिस को छत की स्लैब के मलबे में इन लोगों के दबे होने की सूचना दी.' वासल ने बताया कि पुलिस, प्रशासन और राज्य आपदा मोचन बल के संयुक्त दल के बचाव कार्य के दौरान मलबे में पांच लोग मृत हालत में पाए गए. फिलहाल यह नहीं बताया जा सकता कि हादसा किस समय हुआ क्योंकि रात में घटनास्थल पर इन लोगों के अलावा कोई और व्यक्ति मौजूद नहीं था.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)